राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-214
लखनऊ, शुक्रवार 22 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नहीं जारी होंगे विकास कार्यों के नये फंड : मुख्य निर्वाचन अधिकारी 03

हार के डर से लोकतंत्र पर टिप्पणी कर रही कांग्रेस : जेपी नड्डा 12

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून पर रोक की याचिका खारिज करते हुए कहा

# हम कानून पर नहीं लगा सकते रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य दो आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति संबंधी 2023 के (संशोधित) कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं गुरुवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, हम अब कानून पर रोक नहीं लगा सकते हैं। रोक लगाने से केवल अराजकता और अनिश्चितता पैदा होगी।

पीठ ने हालांकि, कहा कि चयन समिति के सदस्यों को विचार-विमर्श के लिए अधिक समय दिया जा सकता था। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को 14 मार्च को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे ठीक एक दिन पहले शीर्ष अदालत में इससे संबंधित मामले की सुनवाई होनी थी। पीठ ने आगाह करते हुए कहा, ऐसी संवैधानिक नियुक्तियों से सावधान रहना होगा।

विपक्ष के नेता को बैठक से पहले उम्मीदवारों पर विचार करने के लिए कोई समय नहीं दिया गया। ऐसा लगता है कि कुछ ही घंटों में 200 नामों पर विचार किया गया। पीठ ने कहा कि जब मामला अदालत में विचाराधीन है तो सरकार चयन संबंधी बैठक को एक या दो दिन के लिए टाल सकती थी। शीर्ष अदालत ने कहा, न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। हम जन प्रतिनिधित्व अधिनियम से निपट रहे हैं जो मेरे अनुसार संविधान के बाद सर्वोच्च है। पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, आपको चयन समिति के सदस्यों को उनके सामने आने वाले नामों पर अपना दिमाग लगाने के लिए समय देना चाहिए। संसद ने एक कानून बनाया और इसका मतलब है कि चयन समिति के सदस्यों को इस पर अपना दिमाग लगाना होगा। शीर्ष अदालत के समक्ष एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य ने याचिका दायर कर नए कानून में सीईसी और ईसी की नियुक्ति के लिए गठित समिति में मुख्य न्यायाधीश नहीं रखे जाने पर सवाल उठाया था।



चयन समिति के सदस्यों को विचार-विमर्श के लिए दिया जा सकता था अधिक समय : पीठ

### फैक्ट चेकिंग यूनिट बनाने की केंद्र की अधिसूचना पर सुप्रीम रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सरकार के कामकाज से संबंधित फर्जी, झूठी या भ्रामक जानकारियों के प्रसार को रोकने के लिए प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) के तहत फैक्ट चेकिंग यूनिट (एफसीयू) की स्थापना के लिए केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना पर रोक लगा दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक बॉम्बे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में पेश संशोधनों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने बुधवार को सोशल मीडिया सहित दुष्प्रचार अभियानों की सक्रिय निगरानी, पता लगाने और उनका मुकाबला करके फर्जी खबरों की चुनौती से निपटने के लिए पीआईबी एफसीयू को अधिसूचित किया था। सरकार ने कहा कि एफसीयू अपनी नीतियों, पहलों और योजनाओं पर गलत सूचना का मुकाबला या तो स्वतः संज्ञान से करेगा या व्हाट्सएप, ईमेल और एक्स सहित विभिन्न तरीकों से शिकायतों के माध्यम से करेगा।
बॉम्बे हाई कोर्ट के जस्टिस ए.एस. चांदुरकर – टाई ब्रेकर जज – ने 11 मार्च को पारित एक आदेश में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के उस बयान का लाभ देने से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि फैसला आने तक एफसीयू को अधिसूचित नहीं किया जाएगा। इससे पहले 31 जनवरी को हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित फैसला सुनाया था जिसके बाद टाई ब्रेकर जज की नियुक्ति की गई थी।

## पूछताछ के बाद दिल्ली के सीएम केजरीवाल गिरफ्तार

आबकारी नीति घोटाले में ईडी ने सीएम से की दो घंटे पूछताछ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की मुसीबत बढ़ती जा रही है। आज दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें ईडी की गिरफ्तारी से राहत देने से इनकार कर दिया तो वहीं शाम होते-होते ईडी की टीम कई अधिकारियों के साथ अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची। ईडी की टीम ने अरविंद केजरीवाल से दो घंटे तक पूछताछ की। उसके बाद सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीएम की गिरफ्तारी का आप मंत्री और समर्थक विरोध कर रहे हैं। ईडी की टीम गुरुवार शाम को अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची और करीब दो घंटे तक उनसे पूछताछ की। उसके बाद अब अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। कुछ देर में अरविंद केजरीवाल को ईडी अपने दफ्तर लेकर जाएगी।

सीएम आवास के पास सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस ने डीटेन करना शुरू किया। आम आदमी पार्टी के विधायक जरनैल सिंह, हाजी युनूस और ऋतुराज को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया, बसों में बैठाकर थाने भेजा। दिल्ली ही नहीं, अब पूरे देश में प्रोटेस्ट होगा, क्योंकि देश के सारे बुजुर्ग, महिलाएं, युवा अरविंद केजरीवाल को प्यार करते हैं। मोदी जी जानते हैं कि जब अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन की मीटिंगों में जाएंगे, तो पूरा चुनावी माहौल बदलेगा। मोदी को इसी बात का डर है, इसीलिए राजनीतिक षड्यंत्र के तहत ये सबकुछ किया जा रहा है कुलदीप कुमार, ईस्ट दिल्ली से आप के लोकसभा प्रत्याशी सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के आस-पास धारा 144 लगाई गई। यहां बड़ी तादाद में आम आदमी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों को यहां जुटने से रोकने के लिए पुलिस ने एहतियातन ये कदम उठाया है, ताकि अगर कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की नौबत आती है, तो पुलिस तुरंत एक्शन ले सके। सीएम केजरीवाल के घर ईडी की टीम के पहुंचने पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि ये तो सब जानते हैं कि मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था लेकिन कुछ नहीं मिला। अब तक 600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वे चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहते हैं और इसलिए उन्हें गिरफ्तार करना चाहते हैं।



### जेल से ही सरकार चलाएंगे केजरीवाल : इमरान हुसैन

प्रवर्तन निदेशालय की टीम के दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर पूछताछ के लिए पहुंचने पर दिल्ली के मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह आप और अरविंद केजरीवाल को रोकने की साजिश है। दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल से प्यार करती है और वे इसका जवाब भाजपा को देंगे। अगर ये केजरीवाल जी को गिरफ्तार करते हैं, तो वह जेल से सरकार चलाएंगे। पार्टी के तमाम पार्षदों, विधायकों, सांसदों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और दिल्ली की जनता से पूछकर ये सामूहिक निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। दिल्ली की जनता भी इस पर मुहर लगा चुकी है। तो केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे, किसी और को सीएम बनाने का सवाल ही नहीं उठता।

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र, राजस्थान, हरियाणा के लिए भाजपा ने बनाए प्रभारी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान, हरियाणा एवं आंध्र प्रदेश के लिए आज पार्टी के चुनाव प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति कर दी। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने तीनों प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की नियुक्तियों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने राजस्थान के लिए श्री विनय सहस्रबुद्धे को प्रभारी और श्रीमती विजया राहटकर एवं श्री प्रवेश वर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। हरियाणा के लिए श्री सतीश पुनिया को प्रभारी एवं सुरेंद्र सिंह नागर को सह प्रभारी तथा आंध्र प्रदेश के लिए पार्टी महासचिव श्री अरुण सिंह को प्रभारी एवं श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### मीरा सिंह व कांग्रेस नेता के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**रांची।** झारखंड में रांची के तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह और कांग्रेस नेता के ठिकानों पर ईडी की टीम आज छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम गुरुवार सुबह मीरा सिंह और कांग्रेसी नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव के तुपुदाना स्थित ठिकानों पर पहुंचकर छापेमारी कर रही है । बताया जा रहा है कि जमीन से जुड़े मामले को लेकर ईडी की टीम दोनों के ठिकानों पर छापेमारी की है।

### खराब मौसम के कारण पीएम की भूटान यात्रा स्थगित

**नई दिल्ली।** खराब मौसम के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो दिवसीय भूटान यात्रा स्थगित कर दी गई है। पारो हवाई अड्डे पर चल रही खराब मौसम की स्थिति के कारण 21-22 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूटान की राजकीय यात्रा स्थगित करने का पारस्परिक निर्णय लिया गया है। दोनों पक्षों द्वारा राजनयिक चैनलों के माध्यम से नई तारीखों पर काम किया जा रहा है।

### लोस चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की तीसरी सूची

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में तमिलनाडु से नौ उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन को चेन्नई दक्षिण से चुनावी मैदान में उतारा है। इसके साथ तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई कोयंबतूर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में होंगे। भाजपा की तरफ से जारी सूची में चेन्नई सेंट्रल से विनोज पी सेलवम, वेल्लोर से डॉ. एसी शणमुगम, कृष्णागिरी से सी. नरसिम्हम, निलगिरी से डॉ. एल मुरुगन, पेरुंबदूर से टीआर परिवेंधर, थूथिकुड़ी से न्यनर नागेन्द्रन, कन्याकुमारी से पोन. राधाकृष्णन के नाम शामिल हैं। इससे पहले भाजपा की पहली सूची में 195 और दूसरी सूची में 72 उम्मीदवारों के नाम शामिल थे।

## भारतीय रेलवे ने होली की भीड़ को कम करने के लिए शुरू की 540 अतिरिक्त ट्रेनें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने होली के त्योहार पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू की हैं।

रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर-बांद्रा टर्मिनस, पुणे-दानापुर, दुर्ग-पटना, बरौनी-सूरत आदि जैसे रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है। मंत्रालय ने कहा कि अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशनों पर कतार बनाकर भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है।



रेल मंत्रालय ने बताया कि ट्रेनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों को आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात किया गया है। ट्रेन सेवा में किसी भी व्यवधान को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के लिए विभिन्न अनुभागों में कर्मचारियों को तैनात किया गया है। ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान की प्लेटफॉर्म नंबरों के साथ लगातार और समय पर घोषणा के लिए उपाय किए गए हैं।

## एसबीआई ने इलेक्टोरल बांड से जुड़ी जानकारी आयोग को सौंपी

सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई चेयरमैन दिनेश खारा ने दिया हलफनामा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक इलेक्टोरल बांड से जुड़ी सारी जानकारी आज चुनाव आयोग को उपलब्ध करा दी गई है।

स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि इस जानकारी में इलेक्टोरल बांड का नंबर, इलेक्टोरल बांड की कीमत, पार्टी का नाम, पार्टी के बैंक अकाउंट की आखिरी चार डिजिट नंबर, भुनाए गए बांड की कीमत और नंबर शामिल है। साइबर सुरक्षा के मद्देनजर राजनीतिक पार्टी का पूरा बैंक खाता नंबर, पार्टी और बांड खरीदने वाले की केवाईसी डिटेल्स सार्वजनिक नहीं की गई है। इस जानकारी के अलावा कोई और जानकारी स्टेट बैंक ने अपने पास नहीं रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च को स्टेट बैंक को खरीदे गए और कैश कराए गए बांड नंबरों का पूरा ब्यौरा चुनाव आयोग को देने और चुनाव आयोग को उसे प्रकाशित करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक के चेयरमैन से कहा था कि भविष्य में किसी विवाद की गुंजाइश को खत्म करने के लिए वो 21 मार्च को 5 बजे तक कोर्ट में हलफनामा दायर कर साफ करें कि उनके पास उपलब्ध जानकारी चुनाव आयोग को दे दी गई है।

### प्रतापगढ़ में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**प्रतापगढ़।** जनपद के पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पट्टी कस्बे में बृहस्पतिवार को दोपहर बदमाशों ने घटना को अंजाम देते हुए फर्नीचर कारोबारी को गोलियों से छलनी कर दिया। घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब वह बेटे को स्कूल छोड़ने के लिए जा रहा था। बेटे के सामने ही पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और बाजार की दुकानें बंद हो गई हैं। पट्टी थाना क्षेत्र के पट्टी बाईपास रोड पर सुबह फर्नीचर कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब व्यापारी अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के लिए जा रहा था। अज्ञात बदमाशों ने बाईपास रोड पर बेटे के सामने ही पिता को गोलियों से छलनी कर दिया।

## विकसित भारत के संदेशों को साझा करना तुरंत करें बंद : निर्वाचन आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह 'विकसित भारत' के संदेशों को वाट्सऐप पर साझा करना तुरंत बंद करे। चुनाव आयोग ने गुरुवार को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव को आदर्श आचार संहिता के दौरान वाट्सऐप पर 'विकसित भारत' के संदेशों की डिलीवरी तुरंत रोकने के लिए पत्र लिखा है।

आयोग ने मंत्रालय से इस मामले पर तत्काल अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी है। आयोग को विभिन्न क्षेत्रों से शिकायतें मिली हैं कि आम चुनाव 2024 की घोषणा और आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बावजूद नागरिकों के फोन पर अभी भी ऐसे संदेश भेजे जा रहे हैं। इसलिए आपको यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि चुनाव आचार संहिता के दौरान वाट्सऐप संदेशों की आगे कोई डिलीवरी न हो।




### चार राज्यों के डीएम-एसपी पदों पर तैनात अफसरों का तबादला

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने चार राज्यों गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में डीएम और एसपी जैसे नेतृत्व पदों पर तैनात गैरकैडर अधिकारियों के लिए तबादला आदेश जारी किया है। आयोग का कहना है कि यह उसकी मौजूदा लोकसभा चुनाव 2024 में समान अवसर उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। आयोग के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ आयोग द्वारा बुलाई गई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।

## बूंदाबांदी और तेज हवाओं से गिरा तापमान, दो दिन बाद होगी बारिश

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बुधवार को अचानक उत्तर प्रदेश का मौसम बदल गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बूंदाबांदी के साथ तेज हवाएं चली जिसका असर मध्य क्षेत्र में भी पड़ा और शाम को हल्की सर्दी महसूस होने लगी।

मौसम विभाग का कहना है कि हवाओं की दिशाएं बदल गई हैं जिससे तापमान में अब बढ़ोत्तरी होगी, लेकिन 23 मार्च को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जो उत्तर प्रदेश को फिर प्रभावित करेगा और हल्की बारिश की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को बताया कि एक चक्रवाती परिसंचरण उत्तरी तेलंगाना और आसपास के क्षेत्र में औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक बना हुआ है। एक ट्रफ रेखा निचले स्तर पर तटीय कर्नाटक से उत्तरी मध्य महाराष्ट्र तक फैली हुई है। एक ट्रफ रेखा बांग्लादेश के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के पार पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश से असम तक फैली हुई है। चक्रवाती परिसंचरण झारखंड के ऊपर है और एक ट्रफ रेखा बिहार से लेकर झारखंड होते हुए दक्षिण ओडिशा तक समुद्र तल से 5.8 से 12.6 किलोमीटर ऊपर तक फैली हुई है। ताजा पश्चिमी विक्षोभ 23 मार्च की रात से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है।

### पतंजलि आयुर्वेद ने भ्रामक व झूठे विज्ञापन पर मांगी माफी

**नई दिल्ली।** भ्रामक विज्ञापन जारी करने के मामले में अदालत की अवमानना नोटिस का सामना कर रहे पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष बिना शर्त माफी की गुहार लगाई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एलोपैथी दवा को बदनाम करने के लिए बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने उन्हें 19 मार्च को फटकार लगाई थी और दो अप्रैल को रामदेव और बालकृष्ण को अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। उससे पहले शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा दायर कर बालकृष्ण ने कहा है कि वह कानून के शासन का सर्वोच्च सम्मान करते हैं।

## चेकिंग : इटौंजा में कार से बरामद हुआ 27 लाख रुपए का कैश

समृद्धि न्यूज

एफएसटी 20 टीम के प्रभारी व इनकम टैक्स की टीम पूछताछ में जुटी

**लखनऊ।** लखनऊ के इटौंजा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 27 लाख 55 हजार 500 रुपए का कैश बरामद किया है। एफएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई में ये कैश पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि लखीमपुर खीरी की तरफ से बुधवार रात पौने 11 बजे एक स्विफ्ट कार लखनऊ की तरफ जा रही थी। इसे चेकिंग के लिए रोका गया। कार की तलाशी लेने पर कैश मिले। कार ड्राइवर और साथ में सवार अन्य एक व्यक्ति इस दौरान नकदी की जानकारी नहीं दे पाए। इसके बाद इन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। रात ढ़ाई बजे तक नकदी की गिनती हुई है। जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर उपेंद्र अग्रवाल का कहना है कि नकदी बरामद की गई है। पुलिस का कहना है कि ड्राइवर के पास से नकदी मिली है।

स्विफ्ट डिजायर कार से कपिल आहूजा निवासी प्लॉट नंबर 170 सिंधी कॉलोनी, खामला नागपुर रुपए ले जा रहा था। आचार संहिता लागू होने के बाद इतनी नकदी साथ ले जाने पर पाबंदी है। मामले में चुनाव में पैसे खपाने के पहलू पर भी जांच चल रही है। एफएसटी 20 टीम के प्रभारी मोहम्मद नियाज अहमद और इनकम टैक्स की टीम इसकी पूछताछ में जुटी है।

आस्था

### दर्शन-पूजन के लिए आने वाले भक्तों की संख्या में निरंतर हो रही है वृद्धि

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 1.12 करोड़ भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से दर्शन-पूजन के लिए यहां आने वाले भक्तों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। 22 जनवरी से 20 मार्च तक एक करोड़ 12 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए।

रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्ष की अपेक्षा तेजी से बढ़ी है। प्रतिदिन मंदिर में औसतन एक से सवा लाख रामभक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहीं अयोध्या में आयोजित होने वाले पर्वों और मंगलवार को यह संख्या और बढ़ जाती है। राज्य पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017 में जबसे दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है, उसके बाद से अयोध्या में भक्तों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। वर्ष 2017 में कुल 1,78,57,858 श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। इनमें 1,78,32,717 भारतीय एवं 25,141 विदेशी शामिल हैं। वर्ष 2018 में 1,95,34,824 भारतीय एवं 28,335 विदेशी नागरिकों ने रामनगरी में दर्शन किया। इस प्रकार वर्ष 2018 में कुल 1,95,63,159 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन-पूजन किया। वर्ष 2019 में 2,04,63,403 भारतीय एवं 28,331 विदेशी श्रद्धालुओं को मिलाकर कुल 2,04,91,724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन किया। वर्ष 2020 में कोरोना के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखने को मिली। इस वर्ष 61,93,537 भारतीय एवं 2,611 विदेशी श्रद्धालुओं को मिलाकर कुल 61,96,148 श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। वर्ष 2021 में 1,57,43,359 भारतीय एवं 431 विदेशी पर्यटकों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया। वर्ष 2022 में 2,21,12,402 भारतीय एवं 26,403 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। वर्ष 2023 में 5,75,07,005 भारतीय और 8,418 विदेशी श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से अयोध्या में रोजी-रोजगार में भी तेजी से वृद्धि होने लगी है। अब अयोध्या की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। खान-पान, होटल-रेस्टोरेंट, सजावटी सामानों की दुकानों पर सैलानियों की भीड़ अब आम हो चली है। 22 जनवरी को जबसे रामलला विराजमान हुए हैं, यहां देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं व विदेशी पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा हुआ है। इसे लेकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार तेजी से अयोध्या का विकास करने में लगी है। अयोध्या को फोर लेन व सिक्स लेन सड़कों से जोड़ा जा रहा है। विश्वस्तरीय हवाई अड्डा व रेलवे स्टेशन का निर्माण किया गया है। इसके अलावा तमाम अन्य सुविधाएं भी अयोध्या में विकसित की जा रही हैं।



# सीएमओ ने एमसीएच विंग ओयल का किया निरीक्षण

**निरीक्षण में गेट पर गार्ड न मिलने पर उन्होंने गार्ड की तैनाती को लेकर दिए निर्देश, अनुपस्थित मिले नौ कर्मचारियों को किया तलब**



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता और सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने संयुक्त रुप से जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल का निरीक्षण किया। इस दौरान गार्डों को अपनी यूनिफॉर्म और आई कार्ड के साथ रहने, गेट पर गार्ड की तैनाती के साथ ही सुरक्षा में लगे होमगार्ड को मुख्य मार्ग और इमरजेंसी मार्ग को क्लीन रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने इमरजेंसी और एक्स-रे रूम का का भी निरीक्षण किया।अनुपस्थित मिले कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। गुरुवार को सुबह करीब 10:45 पर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता जिला पुरुष चिकित्सालय पहुंचे। यहां पहुंच कर उन्होंने संयुक्त रूप से सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी के साथ जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गेट पर गार्ड ना मिलने को लेकर उन्होंने गार्ड की तैनाती को लेकर निर्देश दिए। सभी गार्डों को अपनी निर्धारित यूनिफॉर्म और आई कार्ड के साथ रहने के निर्देश दिए। एक्स-रे रूम में एक्स-रे मशीन की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। साफ सफाई की व्यवस्था को देखा।

वहीं मुख्य पर गेट के सामने गाड़ियां खड़ी थी जिससे रास्ता बाधित था, इसे लेकर होमगार्ड को निर्देशित किया कि किसी की भी कार मोटरसाइकिल को रास्ते में खड़ा ना होने दें। जिससे मरीजों को किसी प्रकार की समस्या ना हो। गाड़ियों की आवा जाही भी बनी रहे। वहीं अनुपस्थित मिले नौ कर्मचारियों का स्पष्टीकरण स्पष्टीकरण तलब किया गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

## पोस्टमैन हुआ लापता, परिजनों ने दी पुलिस को तहरीर

**बाराबंकी।** कोतवाली देवा क्षेत्र के गांव हाता रसूलपुर निवासी व फतेहपुर कस्बे में पोस्ट ऑफिस में पोस्टमैन पद पर कार्यरत युवक बीते बुधवार की शाम पांच बजे से लापता हो गया है, परिजनों ने खोजबीन करते हुए कोतवाली फतेहपुर में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराने हेतु तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक हाता रसूलपुर गांव निवासी रवींद्र कुमार वर्मा पुत्र श्यामसुंदर वर्मा फतेहपुर कस्बे में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत था, जो ड्यूटी के उपरांत घर के लिए निकले थे लेकिन वह घर नही पहुंचा। परिजनों ने रवींद्र को खोजने के बाद कोतवाली फतेहपुर में तहरीर देकर रवींद्र को खोजने की गुहार लगाई है। बताया जा रहा है कि रवींद्र वर्मा का मानसिक स्वास्थ्य की दवाएं चल रही थी।



## एक किलो सौ ग्राम डोडा के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पलियाकलां-खीरी।** थाना पुलिस ने डोडा के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उस पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है। मझगई थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बेला रपटा पुल के पास संदिग्ध युवक को धर दबोचा। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से डोडा बरामद हुआ। पुलिस आरोपी युवक को पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जसप्रीत सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी मंहगापुर थाना सम्पूर्णानगर का होना बताया है। बरामद डोडा का वजन एक किलो सौ ग्राम होना बताया गया है। युवक पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की गई।

## रिश्वत लेते रंगे हाथ सहायक विकास अधिकारी गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी।** विकासखंड ईसानगर में सहायक विकास अधिकारी के पद पर नियुक्त शिवाशीष श्रीवास्तव को एंटी करप्शन टीम ने पचास हजार की रिश्वत लेते रंगे हांथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि परिवार रजिस्टर में नाम सही कराने के नाम पर ली थी रिश्वत। शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ा। थाना खीरी पर एंटीकरप्शन टीम कार्यवाही करने में जुटी।

# नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी का हुआ स्वागत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के तहसील मितौली स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र मितौली पर नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव का शिक्षामित्र संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवराम राठौर व अनुदेशक संघ के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मुनेश कुमार की अध्यक्षता में शिक्षामित्र परिवार व अनुदेशक संध पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया गया नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी का मुंह मीठा करा कर हार्दिक बधाई दी

नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा हमारा यह प्रयास रहेगा की शिक्षा की गुणवत्ता शासन की मंशा के अनुसार पूर्ण कराना है। मेरा यह प्रयास रहेगा किसी को बेवजह परेशान ना किया जाए आप सब हमारा परिवार हैं आप लोगों के सहयोग के बिना यह मिशन पूरा नहीं हो सक्ता है।

शिक्षामित्र संगठन द्वारा मितौली खंड शिक्षा अधिकारी से कहा कि हम लोग कंधे से कंधा मिलाकर शैक्षिक गुणवत्ता पूर्ण करने की भरपूर कोशिश करेंगे एवं निपुण लक्ष्य को भी शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे इस अवसर पर ब्लाक मितौली के राकेश राठौर, इदरीश अली, सतीश कुमार, रामगोपाल, नरेंद्र भार्गव, इजराइल, रामासरे गौतम, नेतराम, राम भजन, अफसर अली, दिनेश कुमार, इदरीश अली, शशांक पाठक सहारक अध्यापक एवं महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेनू देवी सहित अन्य शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# कोटेदार पर घटतौली का आरोप, सीएम पोर्टल पर ग्रामीणों ने की शिकायत

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**कोटेदार अंत्योदय राशन कार्ड पर 35 किलो की बजाय 30 किलो व अन्य कार्डों पर 500 ग्राम प्रति यूनिट कम दे रहा है राशन**

शासन द्वारा राशन वितरण को निष्पक्ष बनाने के लाख प्रयासों के बावजूद कोटेदार घटतौली की नई तरकीब खोज रहे हैं। वितरण में पादिर्शिता लाने के लिए जब मशीन से वितरण होने लगा तो कोटेदारों ने बाल्टी से राशन देना शुरू कर दिया। जिस वजह से उपभोक्ताओं को पूरा राशन नहीं मिल रहा है।राशन चोरी रोकने के लिए शासन ने सभी कोटेदारों को ई-पॉस मशीनें दी हैं। अक्सर उसका सर्वर नहीं आता है। जब भी सर्वर नहीं आता, तब कोटेदारों नये तरीके से राशन देते हैं। ग्रामीणों की माने तो कोटेदार बाल्टी में भरकर राशन दे रहे हैं। इससे चार किलो राशन में 400 ग्राम से 500 ग्राम तक राशन कम दे रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर सुनौआ के कई ग्रामीणों ने बताया है कि कोटेदार अंतोदय राशन कार्ड पर 35 किलो की बजाय 30 किलो और अन्य कार्डों पर 500 ग्राम प्रति यूनिट कम दे रहा है। दूसरी ओर विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत दोहक के ग्रामीणों ने बताया है कि कोटेदार अंगूठा कहीं और लगवाता है और राशन गोदाम से देता है जिसमें प्रति यूनिट अंतोदय कार्ड पर 5 किलो और अन्य कार्डों पर 500 ग्राम राशन काम दे रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है।

# मानक विहीन तरीके से हो रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, जिम्मेदार मौन

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



नवसृजित आदर्श नगर पंचायत भीरा में विकासकार्यो में भ्रष्टाचार का दीमक चरम पर लग चुका है।जहाँ एक तरफ सूबे की सरकार सबका साथ सबका विकास का नारा देकर, भ्रष्टाचार पर जीरो टांसलेन्स के बड़े दावे कर रही है।वही आदर्श नगर पंचायत भीरा में विकासकार्यो के मानको को ताक रख कर घटिया नाली का निर्माण कार्य हो रहा हैं, महज कुछ दिन पहले नव निर्मित नाली निर्माण शुरू हुआ है , कई जगह से नाली ईट हिलने लगी व कई जगह से ईंट ही गयाब हो गयी। ग्रामीणों का आरोप है जिम्मेदार ईओ भीरा अपने कार्यालय तक सीमित रहकर जमीनी हकीकत में विकास कार्य देखना पसंद नही करते है जिसके चलते ठेकेदार द्वारा मानक विहीन कार्य चरम सीमा पर किया जा रहा है।

नगर पंचायत के सभ्रांत लोगो ने बताया कि जिम्मेदारो की शह पर नगर पंचायत के कई वार्डो में व पुराने टाकीज से उमेश के घर तक के पास नाली का निर्माण कार्य घटिया सामग्री से हो रहा है ,साथ ही नाली निर्माण में बालू का जमकर उपयोग किया जा रहा है जो कि मानक विहीन निर्माण कार्य है इससे पहले वार्ड 8 व 6 में भी घटिया नाली निर्माण हुआ था जिसपर पूर्व बीडीसी फारुख ने ईओ भीरा से शिकायत की थी ,लेकिन नगर पंचायत का कोई भी अधिकारी,कर्मचारी मानक विहीन निर्माण कार्य देखने व रुकवाने नही आया और न अभी तक कोई जांच हुई जिसके चलते मानक विहीन नाली निर्माण कर दिया गया। नगर पंचायत में पुराने टाकीज से उमेश के घर तक बन रही नाली बनने के महज 10 दिन में ही कुछ जगह से ईट उखड़ने लगी है। दोषियों पर कार्यवाही होगी या नहीं यह लोगो में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### प्रधान प्रतिनिधि के निधन पर शोक सभा आयोजित



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** बीते 17 मार्च को लंबी बीमारी के चलते पूर्व प्रधान/प्रधान प्रतिनिधि के पिता जमुना प्रसाद तिवारी का निधन हो गया था। इस अवसर पर ब्लॉक सभागार हैदरगढ़ में प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में 2 मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोकसभा में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू गौरव सिंह अलगू सिंह अनुज द्विवेदी राजन सिंह शिव दिनेश सिंह सेक्रेटरी उदय शुक्ला पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### मधुमक्खियों के हमले से महिला घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** बकरी चराने गई महिला मधुमक्खियां के हमले में बुरी तरह घायल हो गई एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाई गई महिला का उपचार किया जा रहा है कोतवाली हैदरगढ़ के दाउदपुर मजरे रौनी गांव निवासी नाजिमा पत्नी अब्दुल जब्बार गुरुवार की सुबह गांव के बाहर बकरी चराने गई थी कि तभी मधुमक्खियां के हमले में बुरी तरह घायल हो गई। सूचना पाकर पहुंची एंबुलेंस महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज ले गई जहां पर महिला का उपचार चल रहा है।

### हिस्ट्रीशीटरों को सीओ ने दिलाई शपथ



**जैदपुर, बाराबंकी।** अगामी लोकसभा चुनाव को लेकर थाना प्रभारी की मौजूदगी मे सीओ सिटी द्वारा क्षेत्र के तमाम हिस्ट्रीशीटरो को शपथ दिलवाई गयी। जानकारी के अनुसार गुरूवार को थाना जैदपुर मे क्षेत्र के तमाम हिस्ट्रीशीटरो को थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह की मौजूदगी मे सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी द्वारा शपथ दिलाते हुये कहा गया कि चुनाव को देखते हुए आप लोगो को बुलाया गया और आप सभी लोग शान्तिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने मे सहयोग करेंगे।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**बेलहरा, बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक बीस वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका हुआ पाया गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ललपुरवा मजरे बतनेरा गांव निवासी मांशाराम यादव के 20 वर्षीय बेटे पृथ्वीराज यादव का शव संदिग्ध हालात में गुरुवार सुबह गांव से 200 मीटर दूरी पर स्थित बड़हल के पेड़ में मोफलर से लटकता हुआ पाया गया। सुबह ग्रामीणों ने शव लटकता देख इसकी सूचना परिजनों के साथ पुलिस को दी। मौके पर पहुचीं पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक रात को बिना किसी से बताए ही घर से निकला था।वह बीए का छात्र था। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया शव पीएम के लिए भेजा गया।परिजनों द्वारा कोई आरोप नही लगाया गया है।

# गौवंशी तस्कर कुल्हाड़ी, चापड़ सहित गिरफ्तार, 64 गौवंश बरामद

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



64 गोवंश,2 कुल्हाड़ी,2 चापड़ सहित आधा दर्जन से अधिक तस्करो को ग्राम पंचायत बलछत से जैदपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपियो के विरुद्ध सम्बंधित धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियो को जेल भेज दिया गया है।बताते चले राजस्थान के एक गौ तस्करो का गिरोह क्षेत्र मे सक्रिय है।

जिसमे महिलाओ सहित पुरूष जो ग्रामीण क्षेत्रो से गोवंश को पकड़ कर ले जाने का काम रह रहे थे।सूत्रो की माने तो दो दिन पूर्व सफदरगंज थाना क्षेत्र के मुश्कीनगर मे यही लोग गोवंश को पकड़ कर लेने जाने की सूचना ग्रामीणो द्वारा थाना प्रभारी को दिया गया। परन्तु सफदरगंज प्रभारी द्वारा कोई कार्यवाही न करने से हौसला बुलंद तस्करो ने बुधवार को जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बलछत क्षेत्र में गोवंश को पकड़कर जबरन रस्सी मे बांधकर अपने साथ पैदल ले जाने की सूचना मुखबिर ने जैदपुर पुलिस को दी गयी।

मौके पर पहुंची भारी संख्या मे जैदपुर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से दो कुल्हाड़ी,दो चापड़,एक राड, एक रस्सी बरामद कर आरोपियो के विरुद्ध सम्बंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर छोगालाल पुत्र केसरा,केशु पुत्र हजारी,राजू पुत्र नन्हकू, राम सिंह पुत्र नातू दीपक उर्फ़ नेत्र पाल,द्वारा सिंह पुत्र छोगालाल,सोपाल पुत्र गंगाराम निवासी राजस्थान को जेल भेज दिया गया है।वही बरामद गोवंश को गोशाला मे प्रधान के सुपुर्दगी मे दिया गया है। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया कि 64 गोवंश के साथ कुल्हाड़ी, बांका,रस्सी,राड आदि भी बरामद हुए है। आठ अभियुक्तो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। गैंग के सरगना की जानकारी के लिए जांच पड़ताल भी जारी है।

# शांति समिति की बैठक कर शांति बनाए रखने की अपील

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्यौहार और लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत गुरुवार को मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी पर क्षेत्राधिकार फतेहपुर डा.बीनू सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत लोग शामिल हुए। बैठक में सीओ ने कहा कि सभी लोग त्योहारों को परंपरागत रूप से मनाए,किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न होने दें,होली में शराब का सेवन बिल्कुल न करें और ना ही किसी को जबरदस्ती रंग लगाएं। शांति व्यवस्था कायम रखना समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। अगर कहीं किसी प्रकार की समस्या हो तो प्रशासन को अवगत कारण ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी शरारती तत्व ने त्योहार या चुनाव में शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि त्योहार खुशीयों का पैगाम लाते हैं हमे मिल बैठकर मनाना चाहिए।

कोई ऐसा कार्य न करें जिससे हमारी और समाज की बदनामी हो। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लोग अपने लाभ के लिए समाज को लडडाते हैं लेकिन हमें उनसे सावधान रहना है।बैठक में चौकी प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह,मास्टर अल्ताफ, नैंटू सिंह,नसीर खां,पिंटू सिंह,कारी मो. रफीक, मो.इमतियाज, इस्लाम राइन,अरुण सिंह, डॉ.विश्वनाथ, असगर कुरैशी,मसरूर खां आदि उपस्थित रहे।

## श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की भजन संध्या में गाए गए भजन

**मैलानी खीरी।** मैलानी पलिया बाईपास रोड निवासी प्रमोद अग्रवाल(बंटी) के निवास पर हुई श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की भजन संध्या में कानपुर से आई भजन गायिका रुचि किंकर ने आ गया में दुनियादारी सारी बाबा छोड़ के और हारे के सहारे आ जा व शिव तांडव के साथ सुंदर सुंदर भजन सुना कर कीर्तन में आये महिलाएं,बच्चों सहित लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया।श्याम कीर्तन में बाबा श्याम को छप्पन प्रकार के प्रशाद का भोग लगाया गया व फुलो से होली खेली गयी,श्याम भक्त राजेश शर्मा,अरविंद गोयल, गोपाल सिंघल,कलश अग्रवाल, केशव शर्मा ने भी भजन गाकर सभी भक्तो को खूब नचाया व भक्तो ने खुब मस्ती का आनंद लिया।कीर्तन में आये बच्चो, महिलाओं एवं पुरुष भक्तो ने फूलों के साथ साथ गुलाल से होली खेली।



## 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कस्बा इचौली में कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा व सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव का शुभारंभ हुआ।नगर पंचायत टिकैतनगर से सटे ग्राम पंचायत कस्बा इचौली में आज 51 कन्याओ के साथ श्री भुइँहारे बाबा माँ दुर्गा मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकली जिसके बाद कलश यात्रा शीतला माता मंदिर होते हुए बागेश्वर नाथ मंदिर पहुंची जहाँ पर मन्दिर के पुजारी ने कन्याओं को चुनरी भेंट कर पूजा अर्चना की जिसके बाद कलश यात्रा लाल माता मंदिर पक्का तालाब से काली माता मंदिर होते हुए पुनः श्री भुइँहारे बाबा माँ दुर्गा मंदिर पहुँची। वही कलश यात्रा में प्रभु श्री राम के साथ साथ लक्ष्मण जी जानकी जी व हनुमानजी की झांकियां भी निकाली गई कलश यात्रा में डीजे पर सभी श्रद्धालु भी थिरकते दिखे। मन्दिर समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि 29 मार्च को मन्दिर परिसर मे गरीब कन्याओ का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जायेगा। इस अवसर पर कमल सिंह, अनिलसिंह,चन्द्रभानसिंह,सन्दीप,अंकित,रजनीश उमेश, भानु,अभिषेक सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# गांवों में लगा गन्दगी का अंबार, जिम्मेदार हुए लापरवाह

**हैदरगढ़,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



कागजों पर भले ही गांव की साफ- सफाई व्यवस्था चाक चौबंद हो लेकिन गांव की सच्चाई इसके सीधा विपरीत है। गांव की गलियां कीचड़ से सनी हुई है और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार विकास विभाग के अधिकारी इस ओर पूरी तरह अनभिज्ञ बने हुए है।

यदि इसकी नजीर देखना हो तो विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में आकर कभी भी देखा जा सकता है। गांव के मुख्य मार्ग की हालत इतनी बदतर है कि खडंजे पर घरों का निकलने वाला गंदा पानी जमा हुआ है। भीषण गंदगी के बीच ग्रामीण आवागमन करने को विवश है। गांव निवासी मोनू, आशीष, सौरभ सिंह, बबलू सिंह, रिंकू सिंह, राधेश्याम आदि ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव बहादुरपुर के मुख्य खडंजा मार्ग की हालत इतनी खराब है कि जलनिकासी की कोई व्यवस्था न होने से घरों से निकलने वाले दूषित पानी से खडंजे पर जलभराव की स्थित पैदा हो गयी है। जिसके चलते ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। हालात ये है कि उसी गंदे दूषित पानी से होकर ग्रामीणों को आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने कई बार ग्राम प्रधान से लेकर अधिकारियों द्वारा इस समस्या से अवगत कराया गया परंतु कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# सुदामा चरित्र सुनकर स्रोता हुए भावविभोर

**हैदरगढ़,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**



नरौली गांव में महापुराण श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिवस कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री जी ने महाराज परीक्षित की अनेक जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए सुदामा चरित, दत्तात्रेय जी के 24 गुरुओं और परीक्षित मुक्ति के संदर्भों का सारगर्भित विश्लेषण किया।आज की कथा में भौमासुर, मुसलमान भक्त काले खां,पौंड्र,द्विविद वानर और बलराम जी से सम्बंधित प्रसंगों का वर्णन किया।

भगवान श्री कृष्ण के परम प्रिय मित्र सुदामा के चरित्र का मनोहारी चित्रण करते हुए कहा..कृष्णस्य आसीत सखा,कश्चित ब्राह्मण वित्तमह।

विरक्त इन्द्रियार्थिस्व प्रशांत आत्मा जितेन्द्रिय¬।।

प्राय¬ सुदामा को विरक्त कहा जाता है जबकि वे ग्रहस्थ थे। आसक्त और विरक्त का भेद बताते हुए शास्त्री जी ने कहा कि विरक्त वह है जो ईश्वर में आसक्त है और आसक्त वह है जो संसार में आसक्त है। भागवत के वक्ता को विरक्त वैष्णव कहा गया है।

जो सुदामा को दरिद्र कहते हैं वे भ्रम में हैं, वस्तुत¬ सुदामा निर्धन थे दरिद्र नहीं। निर्धन वह है जिसके पास धन नहीं,दरिद्र वह है जो असंतोषी है। सुदामा परम संतोषी थे। व्यास जी ने धर्मभीरु और धर्मनिष्ठ की विवेचना करते हुए कहा कि धर्मभीरु अपने पुण्य कर्मों को बहुत व्यापक रूप से प्रचारित करते फिरते हैं जबकि पापों को छिपाते हैं। ययाति ने जीवन में इतना पुण्य कमाया कि वे इंद्र के समकक्ष पहुंच गए लेकिन अपने पुण्यों का गुणगान करने के कारण इंद्रासन पद के समीप पहुंचकर अपदस्थ हो गये।इसीलिए मानव को अपने पुण्य आत्मसात करते हुए अपने पापों को प्रचारित करना चाहिए। इस साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में व्यास जी के सहयोगी आचार्य हरिशंकर भारद्वाज, आचार्य श्यामबिहारी,विकास परासर, श्यामसुंदर और झांकी प्रस्तुत करने वाले राकेश कुमार शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज की कथा में पं रामशंकर मिश्र, अभिषेक मिश्रा, भूपेंद्र मिश्र प्रियांशु, ओमप्रकाश अवस्थी, परशुराम यादव, हरिशंकर मिश्र,ब्रजेश मिश्रा, सुशील तिवारी, धर्मेन्द्र मिश्रा, सुधीर मिश्रा,प्रवीण मिश्रा, ध्रुव तिवारी, राजनारायण तिवारी, महेश शुक्ल,रामसरन तिवारी, शिवकुमार तिवारी आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# आन बान शान से, सरकार बने मतदान से

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




आन-बान और शान से, सरकार बने मतदान से की थीम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन मोहनलाल वर्मा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट पल्हरी बाराबंकी के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिवस के शिविर के आयोजन में सभी स्वयं सेवकों ने स्लोगन तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम वासियों के मध्य मतदाता जागरूकता विषय पर चर्चा की तथा लोकतंत्र में इसकी महत्ता का वर्णन भी किया। प्रातः सभी स्वयं सेवक गांव भ्रमण को गए व जागरूकता कार्यक्रम भी किए। गांव भ्रमण के बाद विचार गोष्ठी का आयोजन चयनित ग्राम भनौली में हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता मान सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाया तथा उपस्थित ग्राम वासियों को मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ0 मधुलिका राय ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी नए मतदाताओं को अपने मत का सही प्रयोग करने को कहा। इस मौके पर प्रवक्ता शिल्पी वर्मा, मानसी शर्मा ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से जागरूकता के कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पंकज पटवा ने सभी सहयोगी प्राध्यापक को तथा मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित किया और स्वयं सेवकों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

## गृहस्थ जीवन का पवित्र व उपयोगी आश्रम है : डेहरिया

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** गृहस्थ आश्रम को धर्म जीवन का एक पवित्र एवं उपयोगी आश्रम माना गया है आत्मोन्नति करने के लिए यह एक प्राकृतिक स्वाभाविक और सर्वशुलभ योग है रामसनेहीघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे चार दिवसीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन हरिद्वार शांतिकुंज से पधारे टोली नायक रमेश चंद्र डेहरिया ने परिवार व्यवस्था पर उपस्थित परिजनों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऋषियों ने गृहस्थ आश्रम को समाज को सुनागरिक देने की खान बताया है इस आश्रम में मनुष्य अपनी दिन-दिन की खुदगर्जी के ऊपर अंकुश लगाता जाता है।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शुक्रवार, 22 मार्च, 2024



# कार के अंदर मिला रिटायर्ड अधिकारी का शव, परिजनों ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सड़क किनारे कार में एक रिटायर्ड अधिकारी का शव मिला है। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस के आलाधिकारी और फोरेंसिक की टीम पहुंची। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना हजरतगंज के डालीगंज स्थित गन्ना संस्थान के पास की है।

बताया जा रहा है कि मृतक रिटायर्ड अधिकारी मनोज श्रीवास्तव गुडंबा थाना क्षेत्र के गायत्रीपुरम कॉलोनी के रहने वाले है। मनोज श्रीवास्तव पेशे से एक टेक्नीशियन रह चुके हैं। वहीं बीते दिन बुधवार को मृतक के परिजनों ने थाना गुडंबा में उनके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं आज उनका शव डालीगंज स्थित गन्ना संस्थान के पास कार में मिला है। एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि गन्ना संस्थान के पास खड़ी एक क्रेटा कार जिसका नंबर यूपी 32 एनएस 3802 में शव मिला है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फील्ड की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। प्रथम दृष्टिया मृतक के शरीर को कोई चोट और जोर जबरदस्ती के निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस और फोरेंसिक की टीम जांच कर रही है।

## अवैध शराब को लेकर हुई छापेमारी व चेकिंग

**लखनऊ।** चुनाव और होली के त्योहार को लेकर अवैध शराब का निर्माण और बिक्री तथा तस्करी को लेकर जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले के माल, मलिहाबाद, काकोरी, चिनहट, बीकेटी, मोहनलालगंज, गोसाईगंज, सरोजनी नगर आदि विकास खंडों और शहरी क्षेत्र के गोमतीनगर और आलमबाग व आशियाना तथा पीजीआई इलाको में जबरदस्त चेकिंग अभियान चला। आबकारी निरीक्षकों के नेतृत्व में सम्पूर्ण जिले में कुल पांच टीमों ने दुकानों से लेकर अवैध शराब के निर्माण के अड्डों पर दबिश दी।

# मैच देखने के लिए साथ ले जानी होगी टिकट की हार्ड कॉपी

## आईपीएल मैच को लेकर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को लेकर पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। इकाना स्टेडियम में इसको लेकर बैठक हुई है। 30 मार्च और 7 अप्रैल को आईपीएल मैच के दिन शहीद पथ पर अहिमामऊ और वहां से एचसीएल तिराहा होते हुए स्टेडियम के लिए आवाजाही की जाएगी। गेट नंबर दो और तीन से लोग स्टेडियम के अंदर जा सकेंगे।

संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था की ओर से बैठक बुलाई गई। इसमें बीसीसीआई (बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया), यूपीसीए (उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन), एलएसजी (लखनऊ सुपर जायंट्स), बुक माइ शो टिकटिंग पार्टनर के अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कलर कोटेड पार्किंग और ड्यूटी कार्ड पहनाना जरूरी होगा। पहले के आईपीएल और वर्ल्ड कप के मैच की तरह ही सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था मौजूद रहेगी। स्टेडियम के अंदर सीमित पार्किंग है। बिना वाहन पास के वाहनों के अंदर जाने पर रोक रहेगी। पलासियो तिराहे पर ही रोक दिया जाएगा। वाहन बाहर पार्क कर लोग पैदल स्टेडियम में जा सकेंगे। ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को भी अपनी गाड़ी पर ड्यूटी वाहन पास लगाना जरूरी होगा।

बिना पास के कर्मचारियों के वाहन भी अंदर नहीं जा सकेंगे। सुरक्षा व्यवस्था चार स्तर की होगी। इनर कार्डन, मिडिल कार्डन, आउटर कार्डन और आउटरमोस्ट कार्डन। पार्किंग स्थल पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे। स्टेडियम शहीद पथ से पहुंचा जा सकेगा। शहीद पथ से अहिमामऊ और वहां से एचसीएल तिराहा वाहन जा सकेंगे। वाहनों का एग्जिट का रास्ता मैच खत्म होने के बाद अहिमामऊ तिराहा और शहीद पथ पर पलासियो के पास बने नए रैंप से होगा। शहीद पथ के दूसरी ओर पीएचक्यू की तरफ पिक एंड ड्रॉप प्वाइंट बनेंगे, जहां निजी वाहन, ऑटो, टैक्सी, बस आदि दर्शकों को छोड़ सकेंगे और ले जा सकेंगे। मैच के दिन स्टेडियम का गेट तीन घंटे पहले खुलेगा। फ्रिस्किंग चेकिंग और टिकट चेकिंग के बाद लोग अंदर जा सकेंगे। टिकट की हार्ड कॉपी लाना अनिवार्य है, मोबाइल में टिकट मान्य नहीं होगा। टेडियम में जाने के बाद बाहर निकलने पर दोबार स्टेडियम में नहीं जा सकेंगे। वीवीआईपी के लिए उनके स्कोर्ट वाहन और उनके सुरक्षा कर्मी टिकट नहीं होने पर स्टेडियम में नहीं जा सकेंगे।

## खबरें एक नजर में

### पानी की टंकी पर पेट्रोल लेकर चढ़ा बुजुर्ग, पुलिस ने उतारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में घोड़ा अस्पताल के पास स्थित पानी की टंकी पर एक बुजुर्ग पेट्रोल लेकर चढ़ गया। बुजुर्ग का आरोप है कि बैंक का लोन जमा करने के बाद भी उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। हालांकि, मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने बुजुर्ग को काफी समझाया और वह नीचे उतर आया। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे अपने साथ ले गए। वहीं जिया उल हक ने मेरठ तहसील और प्रशासन पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने साल 2018 में यूको बैंक से 69 हजार रुपए का लोन लिया था। वहीं साल 2022 तक लोन ब्याज समेत 1 लाख 12 हजार रुपए जमा किए। लेकिन इसके बावजूद खसरा-खतौनी से बकाया राशि को नहीं हटाया गया। इसके अलावा बुजुर्ग जिया उल हक ने मवाना तहसील और मेरठ तहसीलदार पर जमीन से लोन हटाने के लिए घूस मांगने भी आरोप लगाया।

### बीबीएयू में छात्रों के दो गुटों में भिड़ंत, कैंपस में मारपीट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में बुधवार रात को हंगामा हुआ। होली उत्सव के कार्यक्रम को लेकर छात्रों के 2 गुट आमने-सामने आ गए। कुछ देर में मारपीट शुरू हो गई। आशियाना थाने की पुलिस छात्रों को उनके हॉस्टल भेज दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। दरअसल बुधवार देर रात करीब 11 बजे गुरुवार को कैंपस में होली मनाने के कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी। मासकॉम डिपार्टमेंट के पास एबीवीपी से जुड़े स्टूडेंट्स कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे। डीजे फ्लोर की व्यवस्था की जा रही थी। इस बीच बीएपीएसए से जुड़े छात्रों ने बिना अनुमति के हो रहे इस कार्यक्रम को लेकर आपत्ति जताई। देखते ही देखते विवाद बढ़कर लड़ाई और मारपीट में तब्दील हो गया। कुछ छात्रों ने पत्थरबाजी भी की। विवाद बढ़ता देख मौके पर भारी संख्या में सुरक्षा कर्मी पहुंचे। इस बीच आशियाना थाने से पुलिस बल भी बुलाया गया।

### पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह बने आंध्र प्रदेश के चुनाव सह प्रभारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए राजस्थान, हरियाणा और आंध्र प्रदेश के लिए चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी की घोषणा कर दी है। यूपी के पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह को आंध्र प्रदेश का चुनाव सह प्रभारी बनाया गया है। अरुण सिंह आंध्र प्रदेश के चुनाव प्रभारी होंगे। हरियाणा का चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया और सह प्रभारी सुरेंद्र सिंह नागर को बनाया गया है। राजस्थान का चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्रबुद्धे को बनाया गया है। और विजया रहाटकर को व प्रवेश वर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### लखनऊ अगले माह करेगा राज्य स्तरीय कराटे की मेजबानी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अगले माह लखनऊ में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिससे आगामी राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम चुनी जाएगी। इस प्रतियोगिता के सुचारू आयोजन से पहले कराटे एसोसिएशन ऑफयूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया व सचिव जसपाल सिंह ने तैयारियों के सिलसिले में संघ के आजीवन अध्यक्ष इंजी.योगेश कुमार (निदेशक-कामर्शियल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) से मुलाकात की। सचिव जसपाल सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 20 व 21 अप्रैल 2024 को चौक स्टेडियम में आयोजित होगी। इससे पूर्व लखनऊ कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता भी 7 अप्रैल को चौक स्टेडियम में होगी जिसके माध्यम से राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए लखनऊ टीम चुनी जाएगी।

### अनिद्रा के कारण बढ़ रहे हार्ट अटैक व ब्रेन स्ट्रोक के मामले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कई लोग शरीर में ताकत की कमी महसूस करते हैं। जिसके चलते कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके चलते लागों को नौकरियां जा रही है। लोग कई-कई घंटे सोते हैं उसके बावजूद थकान बनी रहती है। जिसकी एक वजह नींद का पूरा न होना है। इसे अनिद्रा की समस्या कहा जाता है। इसके अलावा हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक के बढ़ते मामले अनिद्रा की समस्या के कारण ही बढ़ रहे हैं। यह जानकारी किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के एचओडी प्रो.वेद प्रकाश ने गुरुवार को दी। वह शताब्दी फेज टू स्थित सभागार में आयोजित स्लीप समिट-2024 में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

### एसडीआरएफ टीम की बस में पीछे से घुसा ई -रिक्शा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग बाजार में स्थित हनुमान मंदिर के पास रेस्क्यू के लिए जा रही एसडीआरएफ टीम की बस में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार एक ई-रिक्शा जा टकराया। इस हादसे में रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस के साथ ही एसडीआरएफके जवानों ने घायल को पास के लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### उत्साह के साथ मनाया गया नौरोज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट के कार्यालय में नौरोज उत्सव के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुहम्मद अफ़ाक के साथ मौलाना अली हुसैन कुम्मी ने कहा कि आज नौरोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी शिया समुदाय के लोग इसे अच्छे काम करने और अच्छे शब्द कहने के लिए एक महत्वपूर्ण दिन मानते हैं। लोग अपने घरों की सफ़ाई करते हैं. इस त्यौहार पर लोग नए कपड़े खरीदते हैं और अपने परिवार और दोस्तों तथा शांतिप्रिय लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के भोजन पकाते हैं और एक-दूसरे को बधाई देते हैं। यह त्यौहार पूरी दुनिया में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसी दिन ईरानी नव वर्ष भी मनाया जाता है. जो वसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है। यह भारत सहित दुनिया भर के विभिन्न पारसी समुदायों में बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है।

# नहीं जारी होंगे विकास कार्यों के नये फंड

## सांसद और विधायक निधि को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशों का करना होगा पालन : रिणवा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सांसद और विधायक अपने संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक कोई नया फंड रिलीज नहीं होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के बाद लागू हुई आदर्श आचार संहिता के तहत जारी दिशा निर्देशों के क्रम में सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में सचेत किया है। जिलाधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र जारी कर भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य है कि निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च को लोक सभा सामान्य निर्वाचन के साथ ही प्रदेश में ददरौल शाहजहांपुर, लखनऊ पूर्व, गैसडी बलरामपुर और दुद्धी सोनभद्र में विधान सभा उपचुनावों की भी घोषणा की है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव और राज्यों में उपचुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के तहत सांसदों और विधायकों की विकास निधि को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि संसद सदस्य राज्य सभा सदस्यों सहित स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अधीन नई निधि जारी नहीं की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक विधायक,विधान परिषद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत नई निधियां जारी नहीं की जाएंगी। यदि पत्र के जारी होने से पहले किसी विकास कार्य हेतु वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है तो ये काम चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकते हैं। अगर कोई काम आचार संहिता लागू होने से पहले शुरू हो चुका है, तो वह जारी रह सकता है। दिशा निर्देशों में ये भी कहा गया है कि जो कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं उनके लिए भुगतान जारी करने पर कोई रोक नहीं होगी। इसके लिए अधिकारियों की पूर्ण संतुष्टि आवश्यक होगा। जिन क्षेत्रों में योजनाएं मंजूर कर ली गई हैं और निधि उपलब्ध कराई गई हैं या जारी की गई हैं और सामग्री खरीदी गई है और साइट पर पहुंच गई है, ऐसी योजना कार्यक्रम अनुसार निष्पादित की जा सकती है।

### मतदाता फोटो पहचान पत्र न होने पर वैकल्पिक दस्तावेज मान्य : सीईओ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा 136-ददरौल, 173-लखनऊ पूर्व, 292-गैंसड़ी एवं 403-दुद्धी सुरक्षित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इस सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जा चुके है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र राज्य सरकार लोक उपक्रम लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों विधायकोंबविधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एपिक में प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को 12 वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

#### मतदाता सूचना पर्ची पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं

## कार्रवाई : रोडवेज बसों से डीजल चोरी के मामले में कंडक्टर निलंबित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कैसरबाग बस डिपो में डीजल चोरी का गोरखधंधा प्रकाश में आया है। इस मामले में प्रथम दृष्टया जांच में एक कंडक्टर की संलिप्तता पर उसे निलंबित कर दिया गया है। परिवहन निगम के आलाधिकारियों ने जांच कर रिपोर्ट मांगी है। जांच में डीजल चोरी मामले में कई और लोगों के फंसने की बात कही जा रही है। क्षेत्रीय प्रबंधक के मुताबिक कैसरबाग परिवहन डिपो में डीजल चोरी की शिकायत मिली थी। मामले में जांच कराई जा रही है। प्रकरण में शुरूआती जांच में कंडक्टर वीरेंद्र पटेल पर 55 लीटर डीजल चोरी के आरोप में तथ्य सही पाये जाने पर उसे निलम्बित कर दिया है। प्रकरण की गहनता से जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने पर जो लोग विभाग को नुकसान पहुंचाने के खेल में संलिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में विभिन्न दलों के नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### 2022 में कमेरावादी से गठबंधन था, लेकिन 2024 में नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए अपना दल कमेरावादी से गठबंधन चलने की बात को नकार दिया। अखिलेश यादव ने दो टूक कहा कि 2022 में कमेरावादी से गठबंधन था, 2024 में नहीं है। अखिलेश यादव के बयान के कुछ मिनटों पहले ही अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने कुछ लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने की घोषणा कर दी। पल्लवी पटेल के गठबंधन से बागी चेहरे को देखकर अखिलेश यादव पहले से नाराज रहे। इसी दौरान प्रेसवार्ता में अखिलेश से किये गये प्रश्न के उत्तर में उनकी ओर से गठबंधन टूटा हुआ बता दिया गया। उत्तर प्रदेश की फूलपुर लोकसभा सीट, कौशांबी लोकसभा सीट और मिर्जापुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा करने के बाद पल्लवी पटेल ने कांग्रेस से सम्पर्क साधा हुआ है। कांग्रेस के नेतृत्व में बनाये गये आईएनडीआईए गठबंधन में अपना दल कमेरावादी शामिल है, जिसे पल्लवी अपना गठबंधन बता रही है। साथ ही पीडीए के दम पर सीटें जीतने का दावा भी कर रही है।

### भाजपा है वसूली पार्टी, वैक्सीन वालों से भी लिया पैसा : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** जहां एक तरफ कांग्रेस ने दिल्ली में अपने अकाउंट फ्रीज करने को लेकर गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाए। अखिलेश यादव ने मीडिया से कहा कि भाजपा चंदा चोरी ही नहीं बल्कि वसूली में भी सबसे आगे है। अखिलेश ने कहा कि विपक्ष को तो चंदा स्वेच्छा से मिलता है लेकिन भाजपा इसके लिए भी जबरन वसूली करती है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी इन्होने पैसा वसूला है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता सब जान गई है और आने वाले चुनावों में इनकी करारी हार होने वाली है।

# नरेन्द्र मोदी ने लिखी नए भारत की कहानी : भूपेंद्र

▸ प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया कार्यशाला का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गुरूवार को अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित सोशल मीडिया की प्रदेश कार्यशाला का उद्घाटन किया।

कार्यशाला में प्रदेशभर के सभी जिलों के जिला संयोजक व सहसंयोजक बुलाये गये हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए भारत की कहानी लिखी है। इस अवसर को हमें खोना नहीं है।

युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि इस बार पहला वोट इंडिया को और नरेन्द्र मोदी के नाम से करना है। प्रदेश के सोशल मीडिया के संयोजक अंकित सिंह चंदेल ने बताया कि भाजपा के आईटी और मीडिया सेल के कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। यह लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यशाला है। इसमें लोकसभा चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं को क्या करना है उसका प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह व भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहे।

### यूपी पुलिस के जवानों की छुट्टियां रद, आदेश जारी

**लखनऊ।** होली और रामजन पर्व के चलते यूपी पुलिस के जवानों और अफसरों की सारी छुट्टियां रद कर दी गई हैं। जानकरी के मुताबिक 22 मार्च से 27 मार्च तक की छुट्टियों पर रोक लगाई गई है। डीजीपी के द्वारा जारी यह आदेश सभी विभाग प्रमुखों, जोनल एडीजी, आईजी, डीआईजी रेंज, जिलों के पुलिस कप्तानों को भेज दिया गया है। इतना ही नहीं छुट्टी पर गए हुए सभी जवानों को ड्यूटी पर वापस बुलाने के आदेश भी दिए गए हैं।

### विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं ने ज्वाइन की रालोद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की उपस्थिति में प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह तथा प्रदेश महासचिव एवं सदस्य ज्वाइनिंग कमेटी रजनीकांत मिश्रा के प्रयासों से राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुये विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं तथा पत्रकारो ने सैकड़ों समर्थकों के साथ रालोद का दामन थामा। इस अवसर पर ज्वाइनिंग कमेंटियों के सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल ने सभी को पार्टी का गमछा व माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। शामिल होने वालों में जनता दल लोकतांत्रिक की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह के साथ बीना गुप्ता, सुशीला मदान, हरजीत भल्ला, चरणजीत भल्ला, मोना अरोडा, कुसुम यादव, फिल्म अभिनेता व समाज सेवक नितिन नाथ प्रमुख थे।

**विश्लेषण** देश में शासक दल भले ही बदलते रहे पर लखनऊ में कांग्रेस और भाजपा का ही रहा वर्चस्व

# संसदीय सीट : पांच बार जीते अटल, राजनाथ हैट्रिक की ओर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** देश में शासक दल भले ही बदलते रहे पर लोकसभा चुनाव में लखनऊ में कांग्रेस और भाजपा का ही वर्चस्व रहा है। लखनऊ की संसदीय सीट पर 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी की जीत का डंका बजा। आनंद नारायण मुल्ला ने कांग्रेस वीआर मोहन को आसानी से मात दी थी। आनंद नारायण मुल्ला कश्मीरी ब्राह्मण थे। उनके पिता जगत नारायण मुल्ला सरकारी वकील थे। आनंद नारायण वकील के साथ उर्दू के कवि भी थे। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। 1967 में लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई तो उन्होंने पर्चा दाखिल किया। कांग्रेस की लहर थी,बावजूद इसके स्थानीय स्तर पर उनकी लोकप्रियता चरम पर थी। वे चुनाव में खड़े हो गए। चुनाव में कांग्रेस से उनके मुकाबले वेद रत्न मोहन मैदान में उतरे। वेद रत्न मोहन लखनऊ के पूर्व मेयर रह चुके थे तथा साधन-संपन्न थे। भारतीय जनसंघ से चुनाव में आरसी शर्मा को टिकट मिला था।

### 1967 में निर्दलीय आनन्द नरायन मुल्ला ने कांग्रेसी वीआर मोहन को दी थी शिकस्त

रिजल्ट की घोषणा हुई तो पहले स्थान पर आनंद नारायण मुल्ला रहे और उन्हें 92,535 वोट मिले। दूसरे नंबर पर वेद रत्न मोहन थे, उनके खाते में 71,563 वोट आए। आरसी शर्मा को 60,291 वोट मिले और वे तीसरे नंबर पर रहे। इस चुनाव में सिटी मांटेसरी स्कूल के संस्थापक जगदीश गांधी भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े थे। इस चुनाव में उन्हें 9449 मत मिले। अलीगढ़ से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव जीत चुके जगदीश गांधी ने इससे पहले वर्ष 1962 का लोकसभा का चुनाव भी लड़ा था। उस बार भी उनको हार झेलनी पड़ी।

चुनाव में 14774 वोट के साथ वे तीसरे नंबर पर रहे।लखनऊ में परचम लहराने वालों में क्रमशः 1951में विजय लक्ष्मी पंडित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस,1957 में पुलिन बिहारी बनर्जी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1962 में बीके धवन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1967 में आनंद नारायण मुल्ला निर्दलीय 1971 शीला कौल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1977 हेमवती नंदन बहुगुणा भारतीय लोकदल 1980- शीला कौल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1984 शीला कौल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1989 मांधाता सिंह जनता दल 1991 अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा 1996 अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा 1998अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा 1999 अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा 2004 अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा 2009 लालजी टंडन- भाजपा 2014 राजनाथ सिंह भाजपा और 2019 में राजनाथ सिंह भाजपा जीतकर संसद पहुंचे। अब 2024 में राजनाथ सिंह फिर बीजेपी के टिकट पर मैदान में हैट्रिक लगाने के लिए उतरे हैं।

# बदायूं डबल मर्डर केस के दूसरे आरोपी जावेद को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुए डबल मर्डर मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी जावेद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जावेद पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम भी रखा था। दोनों मासूमों की हत्या को अंजाम देने के बाद से ही जावेद फरार चल रहा था। वो लगातार पुलिस की गिरफ्त से भाग रहा था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक जावेद को बरेली से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि घटना को अंजाम देने के बाद ही जावेद मोबाइल बंद कर दिल्ली भाग गया था। देर रात सेटेलाइट बस स्टैंड पर स्थानीय लोगों ने जावेद को पकड़ा और उसे पुलिस के हवाले किया है। यानी पुलिस जावेद को देर रात को ही गिरफ्तार कर चुकी थी। पुलिस की कई टीमें घटना के बाद से ही आरोपी जावेद की तलाश में जुटी हुई थी।

इस घटना के बाद आरोपियों के खिलाफ मृतक बच्चों के पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के मुताबिक, आरोपी उस परिवार को जानकार था और अपनी पत्नी के प्रसव के लिए रुपये मांगने वहां गया था। पुलिस ने नाबालिग भाइयों की हत्या के आरोपियों के पिता और चाचा को बुधवार को हिरासत में ले लिया। पुलिस महानिरीक्षक (बरेली रेंज) आरके सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि हत्या के कुछ घंटों बाद ही आरोपी साजिद (22) को मुठभेड़ में मार गिराया गया। इलाके में हाल ही में नाई की दुकान खोलने वाले साजिद ने मंगलवार को एक घर में घुसकर तीन नाबालिग भाइयों- आयुष (12), अहान उर्फ हनी (8) और युवराज (10) पर चाकू से हमला कर दिया। आयुष और अहान की मौत हो गई, जबकि युवराज को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बाइक चोरी गैंग का पुलिस ने किया खुलासा

- 21 चोरी की बाइक बरामद, तीन गिरफ्तार, बहराइच, सीतापुर, लखनऊ और बाराबंकी से चोरी करते थे बाइक
- नेपाल और अन्य जिलों में बिक्री करते थे चोरी की बाइक

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**





भारत नेपाल सीमा पर जांच के दौरान रुपईडीहा पुलिस ने बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। इनकी निशानदेही पर चोरी की अन्य बाइक जंगल के निकट खंडहर से बरामद किया। कुल चोरी की 21 बाइक बरामद हुई। जिसे सीज कर दिया गया है। पुलिस ने तीनों बाइक चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।रूपईडीहा थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर आईसीपी चौराहे पर बुधवार रात को रूपईडीहा पुलिस आने जाने वाले लोगों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ राहुल पांडेय के निर्देशन प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह की टीम जांच कर रही थी। रात 12.40 बजे एक बाइक सवार आया, जिसके बारे में पुलिस ने पूछताछ की।पुलिस की पूछताछ में एक युवक ने हरदी क्षेत्र से आने की बात कही। इस पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में सभी ने बाइक चोरी की होने और जंगल से सटे चकिया रोड बक्शी गांव में स्थित खंडहर में 20 अन्य बाइक रखने की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सभी बाइक बरामद की। पकड़े गए चोर हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम एरिया शंकरपुर बभनौटी गांव निवासी प्रेम कुमार चौहान पुत्र तीरथ राम चौहान, लोनियनपुरवा गांव निवासी तीरथ राम पुत्र कोयली राम और इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर के मजरा नवरंगपुरवा निवासी जय जय राम यादव पुत्र रंगलाल यादव के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है जबकि बरामद बाईकों को सीज कर दिया गया है।

खुलासा करने वाली टीम को 10000 रूपये के नाम से पुरस्कृत किया गया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह, विजय कुमार, संतोष कुमार, हेड कांस्टेबल मुलायम यादव, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अजय राणा, सिपाही संदीप चौहान, संजय गौड़ और अंकुर यादव सूरत सिंह शामिल रहे।

### इन जिलों से चोरी की बाइक

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि बाइक चोर बहराइच जिले के साथ सीतापुर, बाराबंकी और लखनऊ से बाइक की चोरी करते थे। इसके बाद सभी नेपाल में जंगल के रास्ते बाइक की बिक्री कर देते थे।

# ट्रक-ट्रैक्टर ट्रॉली में भिड़ंत, दो चालकों समेत आठ घायल

- पुलिस को नशे की हालत में मिला ट्रक चालक

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**



जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में बुधवार रात को गन्ना लदी ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉली में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने नशे में धुत ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम करवारी निवासी सैफूलाल (40) पुत्र ननकऊ ट्रक संख्या यूपी 46 टी 1704 के चालक हैं। वह गन्ना चीनी मिल ले जाने का काम करते हैं। बुधवार को गन्ना ट्रक पर लोड करने के बाद श्रमिक कोतवाली नानपारा के बढ़इया कला गांव निवासी अखिलेश, जीते, देशराज, राजेंद्र, तीरथ और बच्छराज के साथ गन्ना लेकर जा रहे थे। ट्रक खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर गांव के पास रात नौ बजे पहुंची। तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली में भिड़ंत हो गई। जिसके चलते ट्रक पलट गया। ट्रैक्टर ट्रॉली पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर चालक रामपुर धोबियाहार गांव निवासी राम निवास पुत्र दाता राम समेत आठ लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर खैरीघाट थाने की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने जांच की तो ट्रक चालक नशे की हालत में मिला। इस पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि सभी को हल्की चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी स्वस्थ है।

# बाइक सवार को टैंकर ने मारी टक्कर, मौत

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ से मामा के घर वापस आ रहे बाइक सवार को टैंकर ने बहराइच लखनऊ मार्ग पर टक्कर मार दी। मौके पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेडवा अल्पीमिश्र गांव निवासी शुभम वर्मा (25) पुत्र राम केवल वर्मा अपने मामा के यहां लखनऊ गए थे। गुरुवार सुबह वह लखनऊ से बाइक द्वारा घर के लिए रवाना हुए। शुभम बहराइच लखनऊ मार्ग पर फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रूकनापुर बाजार में पहुंचे। सुबह 11 बजे बहराइच से लखनऊ की तरफ जा रही टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही बाइक सवार की कुचलकर मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज कुंडासर अमित गुप्ता पुलिस टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक करुनाकर पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा। दुर्घटना ग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

# 32 दवाओं सहित लिव-52 की बिक्री पर लगा प्रतिबंध

- जिले में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पाये जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासानिक कार्यवाही की जायेगी : डॉ रंजन वर्मा

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रंजन वर्मा ने बताया कि जनपद बहराइच में शासन स्तर से हुई जांच में आयुर्वेदिक 10 दवायें नकली पायी गयी है तथा 22 दवाओं में ऐलोपैथिक की मिलावट पायी गयी है।

इन सभी 32 दवाओं की बिकी पर पूरे प्रदेश में प्रतिबंध लगा दिया गया है जिसमें लिवर की प्रचालित दवा लिव-52 भी सम्मिलित है इसमें मंडूर भस्म व दारुहरिद्रा का मिश्रण मानक के अनुरुप नहीं पाया गया। प्रदेश के समस्त क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारियों को इन दवाओं की बिक्री को रोकने के निर्देश दिये गये है तथा विभाग द्वारा छापेमारी जारी है




मानक विरुद्ध पायी गयी दवाओं में प्रेडनिसोलोन व बीटामेथासोन नामक स्टेराइड, आइबाप्रोफेन व डाइक्लोफिनेक नामक दर्द निवारक, ग्लीमपैराइड नामक मधुमेह की दवा व सिलिडिनाफिल नामक यौन उत्तेजना की दवा का अपमिश्रण पाया गया है तथा सीतापुर, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुजफ्नगर, मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्धनगर व कानपुर से इन दवाओं के नमूने लिये गये थे। जनपद बहराइच में इन दवाओं की बिकी पाये जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासानिक कार्यवाही की जायेगी। अपमिश्रण पायी गयी दवाएं विश्वास गुड हेल्थ, पेननिल चूर्ण, एज किट चूर्ण, अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण, दर्द मुक्ति चूर्ण, आर्थोनिल चूर्ण, योगी केयर, माइकान गोल्ड कैप्सूल, डाठबियंट शुगर कैयर टेबलेट, हाई पावर मूसली, कैप्सूल, डाइबियोग केयर, झंडू लालिमा, हेल्थ गुड सिरप, हेपलिव डीएस सीरप, सिस्टोन सीरप, बायना प्लस ऑयल, वातारिन ऑयल, लिव-52, न्यू रिविल, बोस्टा एम.आर. टैबलेट व लिव-52 तथा नकली दवाओं में ज्वाला दाद, रूमो प्रवाही, सुंदरी कल्प सिरप, त्रयोदशांग गुग्गुल, वेदांतक वटी, एसीन्यूट्रा लिक्विड, आंवला चूर्ण, सुपर सोनिक कैप्सूल, बोस्टा 400 टेबलेट व बायना प्लस कैप्सूल शामिल है।



# विद्यालय में हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा तहसील क्षेत्र के ब्लाक शिवपुर के ग्राम सभा रामपुर धोबिया मे मार्निंग बेल्स पब्लिक स्कूल के स्थापित हुए 10 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमें मुख्यातिथि विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा रहे। शिवपुर विकास खण्ड के रामपुर धोबिया में स्थिति मार्निंग बेल्स पब्लिक स्कूल को स्थापित हुए 20 मार्च को 10 वर्ष पूर्ण होने पर बड़े ही धूम धाम से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ के बाद स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने कहा गांव के स्कूल से पढ़कर ही बड़े अधिकारी बनते हैं। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों के अभिभावक व अध्यापक, अध्यापिका सहित कई गांव के ग्राम प्रधान व सामाजिक कार्यकर्ता राम नरेश वर्मा, व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# देर रात तक भजनों पर झूमे भक्त, राधा-कृष्ण की झांकी ने मोहा मन

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।** फाल्गुन महोत्सव पर जरवल के खाटू श्याम मन्दिर में बुधवार की शाम को फाल्गुन सकीर्तन का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा सभी श्याम भक्तो ने श्याम बाबा के समक्ष घंटो रंग बिरंगे गुलाल से होली खेली और आए हुए भजन गायको के भजनों से श्याम भक्त पूरी रात नाचते झूमते रहे और राधा कृष्ण की झाकी प्रस्तुत की गई मन्दिर में सबसे अच्छा कार्य करने वाले लोगो को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जरवल के मोहल्ला कृष्णानगर मे स्थित खाटू श्याम मन्दिर मे फाल्गुन महोत्सव पर बुधवार की शाम को फाल्गुन सकिर्तन का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा सभी श्याम भक्तो ने श्याम बाबा के समक्ष घंटो रंग बिरंगे अबीर गुलाल से होली खेलते रहे और श्याम भक्त श्याम भजनों को सुनते हुए पूरी रात नाचते झूमते रहे।

# जिला स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता आयोजित

- सरस्वती विद्या मंदिर 3-1 से जीती

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



उपरोक्त विषय खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिला स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता का हॉकी बालक तथा बैडमिंटन बालक बालिका के जिला स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय देवीपाटन मंडल गोंडा में 19 मार्च 2024 को किया गया जिसमें हॉकी की आठ टीमों ने प्रतिभाग किया, फाइनल मैच गोंडा हॉकी समिति बनाम सरस्वती विद्या मंदिर के मध्य खेला गया ,जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर तीन एक से विजई रही, बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जिसका उद्घाटन सुनील कपूर कमांडिंग ऑफिसर कमांडेंट उत्तर प्रदेश 48 एनसीसी बटालियन तथा, पंचम लाल जी ,एंटी करप्शन एवं, राधे श्याम शर्मा जी सीईओ एल आईयू के द्वारा किया गया।

बैडमिंटन का फाइनल मैच अमित कुमार गर्ग इनकम टैक्स एडवोकेट पार्टनर निखिल सिंह बनाम सत्येंद्र सिंह पार्टनर रोहित मिश्रा के मध्य खेला गया जिसमें कड़े मुकाबले में 21/19, 21 /12 ,21 /19 सत्येंद्र सिंह पार्टनर रोहित मिश्रा विजई रहे प्रतियोगिता के संयोजक अशोक सोनकर उप क्रीड़ा अधिकारी गोंडा ,राजेश पांडे, संजय सिंह ,अमित कुमार गर्ग निर्णायक बैडमिंटन एवं फरीदुल हसन आदि लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, गृहस्थी हुई राख

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र वजीरगंज के ग्राम सभा भरहापारा के भस्मपुर स्थित कुन्दन तिवारी के फूस के मकान में अचानक आग की लपटे निकलने लगी,आस पड़ोस के लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।बताया जाता है कि आग अज्ञात कारणों से लग गई। जिससे खाने पीने से लेकर अन्य समान जल गए,ग्राम प्रधान अवधेश गोस्वामी ने बताया की आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है।पीड़ित का हजारों का नुकसान हुआ है। पूरी तरह से गृहस्थी जलकर राख हो गई, आग की लपटे भीषण थी। जिससे कुछ बचाया नहीं जा सका, किसी व्यक्ति के जलने की खबर नहीं है।सम्बंधित घटना की जानकारी हल्का लेखपाल ग्राम प्रधान द्वारा दी गई,मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने जानकारी दी पीड़ित को मदद दिलाने की बात कही है।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और भाजपा नेता के वाहन में तोड़फोड़

- आरोपियों ने स्वयं कोतवाली में किया सरेंडर

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**



पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और भाजपा नेता गुरुवार सुबह घर से निकले। 500 मीटर की दूरी पर पहुंचते ही हमलावरों ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के वाहन में तोड़फोड़ कर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद सभी ने स्वयं कोतवाली में जाकर सरेंडर कर दिया। हजारों की संख्या में भीड़ सीओ कार्यालय के साथ कोतवाली में जमा है। अभी तक पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है।कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत कैसरगंज कस्बा निवासी विजय सिंह रैकवार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। इस समय वह भाजपा के नेता भी है। गुरुवार को भाजपा नेता अपने वाहन से निकले। घर से 500 मीटर की दूरी पर पहुंचे। आरोप है कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजीत सिंह, उनके बेटे और भाई ने एकाएक वाहन पर हमला कर तोड़फोड़ शुरू कर दिया। इसके बाद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को कालर पकड़ मारने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। इस पर हमलावर लोग बचाओ बचाओ की आवाज लगाते हुए कोतवाली में जाकर अपने आप को सरेंडर कर दिया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के हजारों समर्थक सीओ और कोतवाली कार्यालय में जमा हुए हैं। भाजपा नेता ने तहरीर दी है, लेकिन अभी तक केस दर्ज नहीं हुआ है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि पुलिस बार बार तहरीर बदलवा रही है। इस मामले में कोतवाल राजनाथ सिंह के मोबाइल पर फोन लगाया गया तो उनके मोबाइल पर घंटी बजती रही। उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

**तो इसलिए किया हमला:** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह रैकवार के भतीजे से पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे बुधवार शाम को किसी मामले को लेकर मारपीट हो गई थी। उसी खुन्नस में सभी ने गुरुवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पर हमला कर दिया।

**हम नहीं कोतवाल बताएंगे:** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पर हमला होने के मामले में हमेशा सुर्खियों में रहने वाले पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़ से बात की गई तो उन्होंने बताया हम केस दर्ज हुआ या नहीं, इसके बारे में थोड़ी बताएंगे। कोतवाल से जाकर पूछो।



# प्रशिक्षित किये गये सहायक व्यय प्रेक्षक

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कोषागार बहराइच में विधानसभावार नियुक्त किये गये सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं रिज़र्व सहायक व्यय प्रेक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल/वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने सहायक व्यय प्रेक्षकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए आहवान किया कि सभी अधिकारी चुनाव के दौरान पूरी तरह से निपष्क्ष रहकर पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर बलहा के सूरज, नानपारा के मिथलेश कुमार, मटेरा के अनूप वर्मा, महसी के ऋषभ श्रीवास्तव, बहराइच के घनश्याम दुबे, पयागपुर के आशीष नारायन, कैसरगंज के अभिषेक सिंह तथा रिज़र्व सहायक व्यय प्रेक्षक चिराग अवस्थी व वैभव दीक्षित सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पीले ईंटों से हो रहा सड़क व इंटरलॉकिंग का कार्य

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



सूत्रों के हवाले से खबर है की यह निर्माण कार्य क्षेत्र पंचायत के द्वारा कराया जा रहा है विकास खण्ड कटरा की ग्राम पंचायत परसिया रानी में लाखों की लागत से बनाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है।

इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में बॉक्सिंग की जुड़ाई में पीले ईंटो के साथ बालू का प्रयोग किया जा रहा है।तो वहीं मानको की दुहाई देने वाले ब्लॉक के जिम्मेदार जेई से लेकर अधिकारी जानबूझकर मूक दर्शक बने हुए हैं।एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास कार्यों में पूरी पारदर्शित के साथ मानको को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराए जाने के साफ निर्देश आए दिन दिए जा रहे हैं। तो वही मिलीभगत से विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में धांधली आम बात हो गई है।सांठगांठ से विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण यदि देखना हो तो विकासखंड कटरा ग्राम पंचायत परासिया रानी गांव में आकर कभी भी देखा जा सकता है। वही सूत्रों के मुताबिक लाखों की लागत से बनाए जा रहे इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में मानको को दरकिनार करते हुए बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है। इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में बॉक्सिंग की जुड़ाई में दोयम दर्जे की ईंटों के साथ घटिया की किस्म की साम्रग्री का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है।

जो भ्रष्टाचार को उजागर करती है। वही इस प्रकरण में जब ग्राम विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीला ईंट नहींलगाया जा रहा है।

# किशोर का पता नहीं लगा सकी पुलिस पीड़ित थाने के चक्कर लगाने को मजबूर

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

जिले के सिविल लाइन पुलिस चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत हाउसिंग कालोनी निवासी सोलह वर्षीय एक किशोर के बीते नौ मार्च को लापता हो जाने के संबंध में थाने में दर्ज करायी गई गुमशुदगी के बावजूद पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है,जिससे पीड़ित माँ काफी हैरान व परेशान होकर अपने पुत्र की बरामदगी के लिए थाने के चक्कर लगाने पर मजबूर है। पीड़ित महिला किसमती पत्नी नागेन्द्र प्रसाद निवासिनी हाउसिंग कालोनी, मकान नम्बर 16, सिविल लाइन पुलिस चौकी के बगल जनपद गोंडा ने बताया कि उसके पति नागेन्द्र प्रसाद



आयुक्त आवास गोरखपुर में कार्यरत हैं। महिला घर पर अकेले ही निवास करती है। उसका पुत्र यश कुमार आयु लगभग 16 वर्ष पुत्र नागेन्द्र प्रसाद जो दिनांक 09.03.2024 को सायं 7 बजे कालोनी से निकला था और कहीं गायब हो गया है। कई जगह पर उसने पता किया लेकिन कही भी नहीं मिला।पीड़ित महिला के मुताबिक जो व्यक्ति उसके पुत्र को ले गया है उसकी फोटो उसके मोबाइल में है,लेकिन उसका नाम व पता नही मालूम है। महिला का कहना है कि उक्त घटना की रिपोर्ट थाने पर दर्ज करायी गई लेकिन थाने द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# कौन है प्रत्याशी और कहां करें मतदान, ऐप करेगा राह आसान

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो चुकी है। आयोग ने इस बार मतदाताओं और उम्मीदवारों से लेकर चुनाव आचार संहिता में जनभागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए कई ऐप बनाए हैं। मतदाता घर बैठे वोटर लिस्ट में अपना नाम और मतदान केंद्र से लेकर प्रत्याशियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। खास बात यह है कि इसमें आपको लोकेशन भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि आयोग का यह ऐप खुद ही उस जगह की पहचान कर लेगा। इससे कोई भी आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत बिना कहीं जाए की जा सकती है। **वोटर हेल्पलाइन:** इस मोबाइल ऐप पर चुनाव आयोग की ओर से मतदाता के लिए उपलब्ध सभी सेवाएं मिलती हैं। आप मतदाता सूची में नाम देखने से लेकर पोलिग स्टेशन तक की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है या किसी कारण कट गया है तो इस ऐप से मतदाता सूची में फार्म-6 के जरिए नाम जोड़ने के लिए आवेदन भी कर वोटर टर्न आउट चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के साथ वोटों की गिनती व चुनाव नतीजों की जानकारी के लिए यह ऐप बनाया है। इसमें देश की हर लोकसभा सीट के नतीजों की जानकारी घर बैठे मिलेगी। **सुविधा-कैंडिडेट:** राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को अब किसी चुनावी कार्यक्रम की मंजूरी के लिए चुनाव अधिकारियों के यहां जाने की जरूरत नहीं होगी। वह इस ऐप के जरिए ही आवेदन करेंगे। अब चुनाव आयोग ने केवाईसी ऐप तैयार किया है। इसमें चुनाव लड़ रहे सभी वैध उम्मीदवारों के नाम, उनका संसदीय क्षेत्र, उनके ऊपर दर्ज आपराधिक मामले, उनकी आय व संपत्ति की जानकारी भी देख मी देख सकते हैं।

# संयुक्त निदेशक अभियोजन ने की संशोधित कानूनों पर चर्चा

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन के निर्देश पर,संयुक्त निदेशक अभियोजन -गोंडा, संदीप पांडेय द्वारा जनपद के अभियोजन संवर्गीय अधिकारियों के साथ अपर शासकीय अधिवक्तागण फौजदारी तथा जनपद के प्रत्येक थाने से चिन्हित विवेचकों को नवीन विधियों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर जानकारी देने के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस अधीक्षक गोंडा के कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ संयुक्त निदेशक अभियोजन संदीप पांडे द्वारा अध्यक्षीय उद्बबोधन में नवीन संहिताओं के बारे में संक्षिप्त परिचय के साथ स्टडी मैटेरियल किट प्रदान की गई।

तथा कार्यशाला में एपीओ गोंडा द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के समग्र अवलोकन और नवीन संशोधनों तथा उपबंधों के साथ मोब लिंचिंग, संगठित अपराध, आतंकवादी कार्रवाई समेत लोक प्रशांति के संबंध में और लोक सेवकों के संबंध में अपराधों के बारे में विस्तृत उल्लेख किया गया। मौके पर ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी गोंडा रामबली बिन्द द्वारा संज्ञेय मामले में सूचना,जीरो एफआईआर और प्रारंभिक जांच समेत फोरेंसिक विशेषज्ञ द्वारा अपराध घटना स्थल का निरीक्षण व वैज्ञानिक पद्धति आधारित साक्ष्य संकलन तथा सर्च -सीजर गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी दी गई।

तथा योजना अधिकारी विवेक चंद्र द्वारा गिरफ्तारी व उसके संबंध में नवीन अपबंधों व सावधानियां के संबंधित जानकारी साझा करते हुए सहायक अभियोजन अधिकार नीरज मिश्रा द्वारा जमानत के नवीन व सुसंगत प्रावधानों के बारे में तथा नवीन साक्ष्य अधिनियम 2023 के नवीन संशोधनों पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए प्रश्नोत्तरी सत्र के उपरांत कार्यशाला का समापन किया गया।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए हर घर होगी दस्तक

- 01 से 30 अप्रैल तक संचालित होगा अभियान

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**



संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनपद में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान संचालित किया जायेगा। जनपद में अभियान की सफलता के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 11 विभागों सहित सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया कि आपसी सहयोग से आबादी वाले क्षेत्रों में घरों के आस-पास झड़ियों की साफ़-सफाई, नालियों को ढकने, शौचालय का उपयोग, कचरा निस्तारण, सुअर बाड़ों को आबादी से दूर रखने, घर के चूहों को भागने, जल भराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। मच्छरों के प्रजनन स्थलों को चिन्हित कर उन्हें नष्ट करने हेतु बीडीओ को सभी ग्राम पंचायतों में एंटी लार्वा व फागिंग सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। डीएम ने कहा कि चुनाव के दृष्टिगत मतदान स्थलों व उसके आस पास भी साफ सफाई व एंटी लार्वा का छिड़काव अवश्य किया जाय। बैठक का संचालन करते हुए जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इसके उपरान्त परिवार के सभी सदस्यों का आभा आईडी जनरेट किया जायेगा।

बृजेश सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनको उचित पोषाहार उपलब्ध कराएंगी और जरूरत पड़ने पर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र पर उपचार के लिए भेजेंगी। इसके अलावा 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे या टीबी के लक्षणों वाले व्यक्तियों के घर में प्रमुख जगह पर स्टीकर लगाकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि घर के किसी भी सदस्य को बुखार होने पर वह तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

# त्यौहार व चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट

## तीसरी आंख से रहेगी चप्पे चप्पे पर नजर: पुलिस अधीक्षक





**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता, होली का पर्व व रमजान मुबारक महीने को लेकर हमारे रिपोर्टर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल से जानने की कोशिश की की क्या है सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम जिस पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि सभी सीओ व एसएचओ को निर्देशित कर दिया गया है कि अपने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की चेकिंग लगातार होनी चाहिए, अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए और मस्जिदों में नमाज के बाद चौराहों पर भीड़भाड़ इकट्ठा न होने दी जाए रायबरेली के सटे सभी बॉर्डर पर बैरिकेडिंग चेकिंग अभियान चलाया जाए । 2024 का चुनाव होली व रमजान के पर्व को सकुशल संपन्न कराया जाए इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं पुलिस अधीक्षक ने चैनल के माध्यम से लोगों से अपील की की आने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करें और अपने मत का प्रयोग करें किसी के बहकावे में ना आए अगर इस तरह की कोई भी व्यक्ति आपको या आपके परिवार को परेशान करता है तो मेरे सीयूजी नंबर पर आप तत्काल सूचित भी कर सकते हैं तत्काल उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला प्रशासन ने चुनाव की मॉनिटरिंग के लिए बनाया कंट्रोल रूम

रायबरेली में होने वाले पाँचवे चरण के चुनावों की तैयारियां जिला प्रशासन ने तेज कर दी है। रायबरेली जिला प्रशासन ने चुनाव की मॉनिटरिंग के लिए एकीकृत कंट्रोल रूम बनाया है। कलेक्ट्रेट परिसर में बने कंट्रोल रूम में उम्मीदवारों को एक ही छत के नीचे सारी सुविधाएं मिल सकेंगी। चुनाव उम्मीदवार कंट्रोल रूम से चुनावी सभा, रैली, गाड़ियों की अनुमति सहित अन्य कार्यों के लिए परमिशन ले सकेंगे। इसके साथ ही आम पब्लिक भी चुनाव संबंधी कोई भी शिकायत कंट्रोल रूम में दर्ज करा सकती है।

## कहासुनी के बाद दबंगों ने युवक को पीटा

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में बुधवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने जा रहे युवक को बाइक की टक्कर लग गयी जिसपर उसने गाली-गलौज शुरू कर दिया। इसी बात को लेकर बाइक चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। गौसपुर नटरां गांव निवासी सर्वेश पुत्र भैरम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के पुतान के यहां मुंडन संस्कार कार्यक्रम था जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां वह भी कार्यक्रम देखने जा रहा था। इसी बीच पुतान का भतीजा बाइक लेकर निकल रहा था।

# डीएम के आदेश पर खोले गये सात नये गेहूँ क्रय केन्द्र

## जिले में 121 गेहूँ क्रय केन्द्र हुए स्थापित



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 55, पीसीयू के 19 एवं भारतीय खाद्य निगम के 08 कुल 114 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी द्वारा इसी क्रम में क्रय एजेन्सी मण्डी परिषद एवं नैफेड से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार 07 नये गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि जनपद में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 121 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से सम्बन्धित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते शासनादेशानुसार/नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## दो दुकानों के ताले तोड़ नकदी-सामान पार कर ले गये चोर

**उन्नाव।** अचलगंज कस्बे के मुख्यमार्ग के किनारे सब्जी मंडी में मवइया माफी निवासी प्रेम तिवारी का मशीनरी स्टोर व बगल में शहनाज का बतासे बनाने का कारखाना है। बुधवार शाम दोनो लोग अपने प्रतिष्ठान बंद कर घर गए हुए थे। गुरुवार सुबह प्रेम तिवारी ने जब अपनी दूकान खोली तो देखा पीछे का दरवाजा टूटा पड़ा है। हड़बड़ा कर दूकान के पीछे गए जहाँ पड़ोसी शहनाज के दुकान में पीछे लगा दरवाजा टूटा हुआ है। छानबीन की तो पता चला कि गल्ले में रखे सत्तर हजार रुपये व कुछ मशीनरी के पुर्जे व चार मोबिल ऑयल के कार्टून भी कम है। वही शहनाज ने बताया कि उनके गल्ले में 15 हजार रुपये रखे थे। चीनी वाले को देना था। शाम को नही दे पाये थे, वह गायब है।

# राम भरोसे चल रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

## इमरजेंसी में नदारद मिले डॉक्टर एवं फार्मासिस्ट



**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अनवरत अपने कर्मचारी एवं अधिकारियों के कारनामों एवं गतिविधियों से चर्चा में बना रहने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां एक बार फिर चर्चा का विषय तब बन गया जब बुधवार की शाम 4:00 बजे के आसपास एक महिला मरीज अपने तीमारदार के साथ इलाज कराने पहुंची तो वहां पर करीब आधा घंटे तक इमरजेंसी में न ही कोई डॉक्टर उन्हें मिला और न ही कोई फार्मासिस्ट मिलेद्य इस संबंध में मरीज के तीमारदार आकाश मिश्रा ने बताया कि मैं अपनी माता जी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पट्टी कराने आया था, तकरीबन आधा घंटे तक मैं इधर-उधर देखता रहा लेकिन इमरजेंसी में न तो मुझे कोई डॉक्टर मौजूद मिला और न ही कोई फार्मासिस्ट समय बीतता देख मैंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल को फोन किया तो उन्होंने कहा कि डॉक्टर भेजते हैं, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि अगर डॉक्टर नहीं है तो उचित कार्यवाही की जाएगी। इसी कड़ी में मरीज के तीमारदार आकाश मिश्रा ने यह भी बताया कि मैंने तो अधीक्षक साहब को फोन करके बता दिया कि डॉक्टर नहीं है लेकिन अगर कोई क्षेत्र का गरीबी या बुजुर्ग व्यक्ति इलाज कराने सीएचसी बछरावां आए और उसे डॉक्टर न मिलें तो वह किसके पास जाएगाद्य ऐसे में अब देखने वाली बात यह होगी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल ड्यूटी पर तैनात एवं समय पर मौजूद न रहे इन डॉक्टरों एवं फार्मासिस्टों पर क्या कार्यवाही करते हुए नजर आते हैं या फिर अधीक्षक साहब अपने विभाग के डॉक्टरों का बचाव ही करते रहेगे।



## चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**रायबरेली।** निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में वि.ख. छतोह के ग्राम पंचायत काजीपुर तेलियानी के कं.पो.वि. काजीपुर तेलियानी में मतादाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे नायब तहसीलदार,सलोन वेद प्रकाश ने उपस्थित नागरिकों को मतदान में शामिल होने हेतु प्रेरित किया। साथ ही लोगों को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई। खण्ड शिक्षा अधिकारी,छतोह विजय प्रकाश ने महिलाओं,वरिष्ठ नागरिकों एवम दिव्यांग मतदाताओं को मतदान कराने हेतु प्रेरित किया। एडीओ नागेश कुमार ने सभी को मतदान करने के लाभ गिनाए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, लेखपाल, पंचायत से आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका, रोजगार सेवक,सफाई कर्मी साहित सैकड़ों स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सीएम को पत्र भेज कर मूर्ति स्थापना की उठाई मांग

## महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापना के लिए धर्मेंद्र सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

भारत में जब भी शौर्य की,वीरता की और स्वाभिमान की बात आयेगी तो एक नाम सभी की जुंबा पर होगा महाराणा प्रताप। उक्त विचार श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत ने हमारे संवाददाता से बात करते हुए व्यक्त किए।

बताते चलें कि श्री सिंह ने महाराणा प्रताप की मूर्ति/स्मारक बनाए जाने को लेकर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पत्र लिख कर प्रेषित किया है। जनपद के जिलाधिकारी को एवम जिलाधिकारी के माध्यम से सूबे के मुखिया के नाम दिए गए पत्र में मांग की है कि रायबरेली जनपद के सबसे बड़े व्यवसायिक नगर लालगंज में मूर्ति / स्मारक बनाए जाने की मांग उठाई है। श्री सिंह ने दिए गए पत्र में मूर्ति स्थापना के लिए संभावित दो स्थानों को भी चिन्हित किया है। वहीं ये मांग उठाई जाने की जानकारी जनपद वासियों को हुई तो लोगों ने भारी संख्या में खुशी जाहिर की। लोगों का कहना है कि श्री सिंह के पत्र पर सक्षम अधिकारी व मंत्रालय जरूर संज्ञान लें।

मुख्य रूप से किसान नेता रमेश सिंह, वरिष्ठ अधिव सेक्ता डॉ विनय भदौरिया,प्रख्यात गीतकार सुनील सरगम, संस्कार भारती जिलाध्यक्ष कवि वाई पी सिंह सहित भारी संख्या में लोगों ने श्री सिंह के प्रयास की सराहना की।

## खबरें एक नजर में

### दुकान का कांउटर तोड़कर चोरों ने पार की नगदी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र के ट्रेडर्स की की दूकान में अज्ञात चोर ने काउंटर तोड़ कर पैंसठ हज़ार रूपये पार दिए। चोरी करने के बाद चोर का दुकान से बाहर निकलते हुए वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। क्षेत्र के बाबूगंज बाज़ार मजरे मतरौली निवासी दिनेश जायसवाल की बाज़ार में ही निखिल ट्रेडर्स नाम से दुकान है। जिसमें वह सीमेंट, गिट्टी, मौरंग बेचने का कार्य करते हैं। बुधवार की दोपहर क़रीब 12 बजे वह दैनिक कार्य के अनुसार लोड हो रही मौरंग की गाड़ी नाप रहे थे। इस बीच सूनसान देख कर एक अज्ञात चोर दुकान में घुस गया और काउंटर तोड़कर उसमें रखे पैंसठ हज़ार रुपए की नगदी पार दिया। चोरी करने के बाद चोर का दुकान से निकलने का वीडियो दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में शिक़ायत की है। जानकारी के लिए कोतवाल अनिल कुमार सिंह को फोन किया गया तो उनके मीटिंग में होने के चलते बात नहीं हो सकी।

### आग में झुलसी गाय, हुई मौत

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूपखेड़ा मजरे कुर्री में सुबह तब हड़कंप मच गया जब आग लगने से स्थानीय गांव निवासी भीखा पुत्र मन्ना की गाय आग में झुलस कर मर गई। प्रार्थी ने संवाददाता को दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि हमारे गांव के रहने वाले खेलावन पुत्र घुरू हमारे बाड़े के पास लेटते है और उन्होंने ही वहां पर आग लगा दी, जिसमें हमारी एक गाय की जलकर मौत हो गई। साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि जब सुबह हम लोगों ने देखा तो हमने 112 नंबर पर फोन किया और घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची 112 पुलिस पीआरबी 1748 में कार्यवाही करते हुए हमें थाने बुलाया और हमने थाने में उक्त घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र देते हुए खेलावन के ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष बिजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है उचित कार्यवाही की जाएगी।

### महिला ने जबरन जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**महराजगंज,रायबरेली।** राम लली पत्नी देवतादीन निवासिनी ग्राम पुरे उदई मजरे कैर तहसील व थाना महराजगंज जिला रायबरेली ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करते हुए बताया कि विपक्षीगण गोपी पुत्र जियालाल रमेश पाल पुत्र गोपी रामशरणपाल पुत्र गोपी निवासीगढ़ ग्राम पुरे उदई मुजरे कैर थाना महाराजगंज जिला रायबरेली प्रार्थिनी का गांव में पुश्तैनी मकान बना है जिसके सामने विपक्षी गाणो का मकान बना है उसी मकान के सामने प्रार्थी के जानवरों को चारा खिलाने हेतु नांद बनी थी उसको विपक्षियों ने लेखपाल व कानून गो से साठं गांठ करके प्रार्थिनी के परिवार को बंधक बनाकर कमरे में बंद करके वह पुलिस के द्वारा गाड़ी के अंदर बैठकर गाड़ी को लाक करके विपक्षीगढ़ अन्य लोगों को बुलाकर नांद को तोड़ दिया है विपक्षी प्रार्थिनी की शेष पड़ी जमीन अपने मकान की दीवार तोड़कर दरवाजे मेरी जमीन में करने का प्रयास कर रहे हैं तथा प्रार्थिनी उसके परिवार के मना करने पर लाठी डंडा लेकर मारने दौड़ते हैं कल मना करने पर सभी लोग मिलकर जान से मारने एवं फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी जा रही है। प्रार्थिनी की दीवार तोड़ने से काफी क्षति हुई है प्रार्थिनी रामलली ने न्याय की गुहार लगाई।

# मेडिकल स्टोर संचालक को दुकान के अंदर घुसकर पीटा

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



थाना क्षेत्र के टोडरपुर गांव के रहने वाले शिव सिंह पुत्र बदली दीन कुंदनगंज में कृष्णा मेडिकल स्टोर नाम से दुकान संचालित करते हैं। बीती 20 मार्च को है बछरावां कस्बे के बर्मा मेडिकल स्टोर से दवा लेकर ऑटो से कुंदनगंज जा रहे थे। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में शिव सिंह ने कहा है कि वह जैसे ही कुंदनगंज उतरे तो उनसे ऑटो वाले ने गत्ते का किराया मांगा। उन्होंने कहा कि गत्ते का किराया नहीं पड़ता है।

फिर ऑटो वाला किराया लेकर वहां से चला गया और उसी दिन शाम लगभग 5:00 बजे के करीब तीन-चार लोग आए और किराए को लेकर उसे धमकाने लगे और धमकाकर फिर चले गए और फिर शाम 7 रामली पत्नी श्यामलाल, शशि पुत्री श्यामलाल, सुमन पत्नी रानू, कविता पुत्री श्यामलाल, रामू पुत्र श्यामलाल, तथा राजा का ड्राइवर आए और पंकज साहू ने वहीं ऑटो के किराए को बात को लेकर उन्हें तथा उनके पुत्र मयंक को मारने पीटने लगे। जब उन्हें बचाने के लिए शेरी गांव के रहने वाले सतीश कुमार शुक्ला तथा राजकुमार शुक्ला आए तो उन्हें भी विपक्षी गणों ने मारा पीटा, जिससे सतीश के सिर पर चोट आ गई शिव सिंह का आरोप है कि विपक्षी गणों ने दुकान में घुसकर दुकान का सारा सामान तोड़ दिया और गाली गलौज किया जाते-जाते उन लोगों ने जान से मार देने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। इस बारे में थानाध्यक्ष बिजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है जांच की जा रही है।

## मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**उन्नाव।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज गंजमुरादाबाद नगर पंचायत द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व चेयरमैन प्रतिनिधि मो. कामिल कुरैशी और अधिशासी अधिकारी अरविंद सिंह ने किया। मतदाता जागरूकता रैली नगर पंचायत कार्यालय गंजमुरादाबाद से शुरू होकर गांधी मैदान, पुलिस चौकी व मोहल्ला अहिराना होते हुए वापस कार्यालय पर समाप्त हुई। रैली के दौरान मतदाताओं को नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। रैली के बाद नागरिकों को संबोधित करते हुए अधिशाषी अधिकारी अरविंद सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान सभी का परम कर्तव्य है।

# कॉलेज में जननायक सूर्यबली की मनाई गई पुण्यतिथि

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज अमावां रायबरेली में अंबेडकर ग्रुप आफ स्कूल्स के आधार स्तंभ एवं महाराजगंज क्षेत्र में शिक्षा जगत के जननायक स्मृति शेष सूर्यबली जी की पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर डॉ बी आर अंबेडकर शिक्षा सदन इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य एसडी कनौजिया के द्वारा छात्राओं को स्मृति से सूर्यबली के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि शिक्षा के जननायक क्षेत्र मे दलित व शोषित वर्ग के हितों के संरक्षण की आवाज को मजबूती से उठाने वाले, राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य करने वाले एवं जीवन पर्यंत संघर्ष पूर्ण कार्य करने वाले शिक्षित समाज के नायक एवं सुधारक थे।

हम सभी को भी ऐसे महान नायक से प्रेरणा लेना है। इस मौके पर अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामकुमार निषाद, असिस्टेंट प्रोफेसर हरगोविंद पटेल सहदेव प्रसाद, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपक कुमार निर्मल,अमरेश मौर्य, सर्वेश मौर्य, सुश्री पूजा सर्वेश कुमार मौर्य, बीआर अंबेडकर इंटर कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापक राधे श्याम मौर्य, अरुण कुमार श्रीवास्तव, विवेक जायसवाल, विनयकांत मौर्य, पूजा अरोड़ा, शशि, रूपल,पूनम आदि लोग एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

## बीआरसी में चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**उन्नाव।** बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित शिक्षक के चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों से कहा कि अपने-अपने विद्यालय को निपुण बनाए। प्रशिक्षक एआरपी रमेश चंद्र ने गणित शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए गणित किट एवं टीएलएम का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर जोर दिया। प्रशिक्षक एआरपी छत्रपाल ने भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई शिक्षण सामग्री को प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में एआरपी अखिलेश कनौजिया, कपिल कनौजिया, कृपाशंकर, जय मंगल, प्रेमसागर सहित एक सैकड़ा शिक्षक मौजूद रहे।

# क्षेत्र से लेकर प्रदेश तक किसान रामसागर पांडे का बज रहा है डंका

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



महराजगंज,रायबरेली। विकासखंड क्षेत्र के पुरासी गांव के किसान रामसागर पांडे जहां उन्नत और आधुनिक खेती कर क्षेत्र में अन्य किसानों के लिए नजीर बने हैं तो वहीं अभी कुछ दिन पूर्व ही राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा इन्हें सम्मानित भी किया गया है। पूरे प्रदेश में पहला स्थान पाने वाले रामसागर पांडे की किसानी और कहानी कुछ अलग ही है बात करने पर रामसागर पांडे ने बताया कि मैं एप्पल बेर चीकू सेब ताइवान अमरूद बारहमासी आम बारहमासी कटहल सफेद जामुन सहित बिना डीएपी और यूरिया के गेहूं की फसल तैयार है। रामसागर पांडे ने बताया कि एप्पल बेर चार एकड़ में लगा रखी है 6 माह की फसल है लगभग 5 लाख रुपए से ऊपर की आमदनी 6 माह में हो जाती है वही जो अन्य पौधे हैं उन्हें भी पश्चिम बंगाल से मंगवाया है और इनकी खेती करके भी अच्छा लाभ कमाया जा सकता है क्षेत्र के उन्नत किसान ने कहा हम बिना किसी भी कीटनाशक का प्रयोग किए हुए खेती को प्राथमिकता देते हैं गेहूं हमने बो रखा है उसमें आज तक कभी भी ना कोई कीटनाशक ना यूरिया ना डीएपी का प्रयोग नहीं किया गया हमारे पास जो धान तैयार होता है उसकी जो पुआल मिल जाती है उस पुआल को हम लोग एक गड्ढे में सड़ा कर ऑर्गेनिक खाद बनाते हैं और यह खाने में भी स्वास्थ्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करता और तमाम तरह की बीमारियों से बचा भी जा सकता है आज अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बने रामसागर पांडे की खेती जिस तरह कर रहे हैं उसकी क्षेत्र सहित प्रदेश में भी डंका बज चुका है और अन्य किसानों को भी उनसे बहुत कुछ सीखने का मौका मिल रहा है।

**एप्पल बेर से किसान रामसागर पांडे लाखों रुपए कमा रहे हैं तो वहीं बगैर किसी खाद के तैयार गेहूं लोगों को खाने में जहां स्वास्थ्य संबंधी किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती तो अन्य किसानों के लिए भी यह एक नजीर है की रामसागर पांडे से सीख कर किसानी में कैसे आगे बढ़ा जा सकता है**

# पीठसासीन व मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु नामित 131 मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण विकास भवन सभागार में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रशिक्षण प्रभारी प्रेम प्रकाश मीना की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने हेतु निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया एवं ईवीएम का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी रामबहल एवं सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग इं0 जयसिंह द्वारा प्रॉजेक्टर व पीपीटी के माध्यम से दिया गया। इसके उपरांत कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट और वीवीपैट को चलाकर सभी मास्टर ट्रेनर्स ने हैंड्सऑन भी किया। तदोपरांत मास्टर ट्रेनर्स का टेस्ट भी लिया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए निर्देश दिये कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लें क्योंकि आपकी किसी लापरवाही से जनपद की छवि पर प्रभाव पड़ सकता है। आप सभी जिम्मेदार है और कई लोग पहले भी मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी कर चुके है और जानकार भी है। यदि आप कोई सुझाव देते है तो उसको प्रशिक्षण में समाहित किया जाएगा। कई मास्टर ट्रेनर्स ने उपयोगी सुझाव भी दिये।

**सम्मान**

## आप सभी अपने गोल की प्राप्ति के लिए निरंतर करें सार्थक प्रयास: प्राचार्य

# महाविद्यालय स्तर पर टॉपर छात्रों का हुआ सम्मान

## परीक्षा परिणाम में बालिकाओं का रहा दबदबा, बालिकाओं ने सर्वाधिक अंकों पर किया कब्जा

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम आने से न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज आफ हर एजुकेशन सलेथू महाराजगंज के छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल देखने को मिला, छात्रों की यह खुशी उसे समय दुगनी हुई जब महाविद्यालय परिवार के द्वारा कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं प्रत्येक विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया प्राचार्य डॉ.शिव ओम श्रीवास्तव ,डी.एल.एड. प्राचार्य धीरेंद्र सिंह, शैक्षिक प्रभारी गौरव मिश्रा, डॉ.अरुण चौधरी आदि प्राध्यापकों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें बी.ए.बी.एस.सी., एवं डी.एल.एड. के प्रथम, तृतीय ,पंचम सेमेस्टर के वरीयता क्रम में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को माला पहनकर वह लड्डू खिलाकर सम्मानित किया गया। जिसमें बी.ए.प्रथम सेमेस्टर से अश्वनीकांत द्विवेदी 82.7 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम ,मान्यता साहू 78.2 8 द्वितीय, रिचा त्रिपाठी 78.5 प्रतिशत अंक से तृतीय रही वही तृतीय सेमेस्टर से वात्सल्य 80.5 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम ,गौरव 79.8 प्रतिशत से द्वितीय ,शाहीन 79.5 प्रतिशत तृतीय रही और पांचवें सेमेस्टर में लक्ष्मी पांडे एवं यशांशी अवस्थी ने सामूहिक रूप से 82.7 प्रतिशत से प्रथम, श्रद्धा पांडे 81.7 प्रतिशत से द्वितीय , विकास अवस्थी 80.5 प्रतिशत से तृतीय रहे। बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर में शिवांशी साहू 81.3 प्रतिशत से प्रथम ,श्यामली पांडे 76.8 प्रतिशत से द्वितीय, अंशिका वैश्य 76.7 प्रतिशत अंकों से तृतीय रही वही तृतीय सेमेस्टर से शिवांशी मिश्रा 83.3 प्रतिशत से प्रथम ,उपासना पांडे 82.2 प्रतिशत से द्वितीय,चांदनी 81.5 प्रतिशत तृतीय रही और पंचम सेमेस्टर से सर्वज्ञ 84.27 अंकों से प्रथम ,सना सिद्दीकी 81.8 प्रतिशत अंकों से द्वितीय ,मानसी सिंह 79.8 प्रतिशत अंकों से तृतीय रही। प्रथम सेमेस्टर से अर्पिता यादव 75.75 प्रतिशत अंकों से प्रथम ,निसा रावत 75.5 प्रतिशत से द्वितीय, शौलेंद्र मिश्रा एवं सेजल 74.25 प्रतिशत अंकों से तृतीय रही वही तृतीय सेमेस्टर में रश्मि यादव ने 79.8 प्रतिशत अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया, सानिध्य अवस्थी 79.6 से द्वितीय ,अनामिका पटेल 78.8 प्रतिशत अंकों से तृतीय रही। डी.एल.एड. चतुर्थ सेमेस्टर से 91.65 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जितिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सबीहा बानो 91 प्रतिशत से द्वितीय,संजय कुमार 90.78 प्रतिशत से तृतीय रहे।

सभी विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया इसी क्रम में प्राचार्य द्वारा एन.सी.सी.कैडेट्स आनंद मौर्य का अग्नि वीर में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। छात्रों की सफलता पर प्रबंध निदेशक डॉ. शशिकांत शर्मा एवं संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि शर्मा ने भी बधाइयां दी।

प्राचार्य ने सभी छात्रों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि आप सभी अपने गोल की प्राप्ति के लिए निरंतर सार्थक प्रयास करते रहे आपके सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय का प्रत्येक शिक्षक संकल्प बद्ध है।

## संकीर्णता का कड़वापन

भोजन की घर पहुंच सेवा यानी ऑनलाइन फूड डिलीवर करने वाली कंपनी जोमैटो के हाल में लिए फैसले से देश में शाकाहार और मांसाहार को लेकर नयी बहस छिड़ गई है। दरअसल मंगलवार को जोमैटो के सह-संस्थापक और सीईओ दीपेन्द्र गोयल ने ऐलान किया कि 100 फीसदी शाकाहारी खाना पसंद करने वाले अपने ग्राहकों के लिए जोमैटो श्शुद्ध शाकाहारी' डिलिवरी की सुविधा लॉन्च कर रही है। इसे उन्होंने श्शुद्ध शाकाहारी मोड' बताते हुए कहा था कि इसमें वेजिटेरियन खाना ऑर्डर करने वालों को ऐप पर केवल शुद्ध शाकाहारी रेस्त्रां दिखेंगे और उन्हें नॉन-वेज खाना देने वाले रेस्त्रां नहीं दिखेंगे। दीपेन्द्र गोयल ने कहा था कि हमारे शुद्ध शाकाहारी राइडरों की टोली शुद्ध शाकाहारी रेस्त्रां से खाना लेकर ग्राहकों तक पहुंचाएगी। इसके लिए हरे रंग के डिब्बे होंगे। शुद्ध वेजिटेरियन खाना और नॉन-वेजिटेरियन खाना कभी एक ही बक्से में नहीं पहुंचाया जाएगा। इतना ही नहीं खाना पहुंचाने वाले कर्मी यानी जोमैटो के डिलिवरी पार्टनर को हरे रंग की पोशाक देने का फैसला भी लिया गया था, लेकिन सोशल मीडिया पर शुरु हुए विरोध को देखते हुए यह फैसला रद्द कर दिया गया। दीपेन्द्र गोयल ने कहा कि वेजिटेरियन खाने की डिलिवरी करने वाले अपने राइडरों की टोली को हम बरकरार रखेंगे लेकिन उन्हें दूसरों से अलग करने वाले हरे रंग की ड्रेस का इस्तेमाल नहीं करेंगे। हमारे नियमित राइडर और शाकाहारी डिलिवरी वाले राइडर लाल रंग के ही कपड़े पहनेंगे। जोमैटो अपने कर्मियों को किस रंग की पोशाक देता है या अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए कौन से फैसला लेता है, यह उसके अधिकार क्षेत्र का मामला है। लेकिन जब इन फैसलों से भारत की गंगा-जमुनी तहजीब पर सवाल उठने लगते हैं, तो फिर ऐसे मुद्दों पर व्यापक विमर्श की दरकार होती है। जोमैटो ने आम बोलचाल में प्रचलित शुद्ध शाकाहारी शब्द का ही इस्तेमाल अपनी नयी पहल में किया है। लेकिन इस पर कंपनी को ध्यान देना चाहिए था कि शुद्धता पर केवल शाकाहार का ही अधिकार नहीं है। बल्कि इंसानियत की गरिमा इसी में है कि हर किस्म का भोजन शुद्ध रहे और अशुद्धता किसी के हिस्से में नहीं आए। इसी तरह शाकाहार और मांसाहार की सूचना देने के लिए भोजन के पैकेट पर लाल और हरे बिंदु का होना तो ठीक है, लेकिन यह पृथक्करण कर्मियों की पोशाकों में कतई नहीं होना चाहिए। क्योंकि इससे उन कर्मियों के साथ भेदभाव बढ़ने की गुंजाइश रहेगी। जोमैटो ने पोशाक न बदलने का फैसला लेकर ठीक ही किया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में देश में भोजन ने जोड़ने की जगह धार्मिक विभेद को बढ़ाने का काम किया है। घर के फ्रिज में गौ मांस रखे होने के संदेह में अखलाक नामक शख्स की भीड़ ने जिस तरह पीट-पीट कर हत्या कर दी थी, वह समाज में बढ़ते भेदभाव की बड़ी चेतावनी थी। लेकिन उस घटना से कोई सबक नहीं लिया गया और धीरे-धीरे मांसाहार और शाकाहार को लेकर झगड़े बढ़ते गए। कभी हिंदुओं के त्योहारों के वक्त मांस की बिक्री रोकी गई, कभी मंदिरों के आसपास मांस की दुकानें हटाई गईं और कभी सड़क पर मांसाहार बेचने वाले ठेलों को निशाने पर लिया गया। भोजन में धर्मांधता तब भी नजर आई, जब भोजन पहुंचाने वाला विजातीय निकला तो उसकी शिकायत की गई। जोमैटो के साथ भी ऐसा प्रकरण हो चुका है। कुछ वक्त पहले जोमैटो से किसी ने खास धर्म के ही डिलिवरी पार्टनर को भेजने का अनुरोध किया था तब दीपेन्द्र गोयल ने कहा था कि भोजन का मजहब नहीं होता है।

# भाजपा की वित्तीय शक्ति का एक छोटा सा हिस्सा है चुनावी बांड

**पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान, भाजपा नेतृत्व ने तत्कालीन सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति के कुछ विधायकों को रुपये की पेशकश की थी। भाजपा को क्रॉसओवर करने के लिए प्रत्येक को 100 करोड़ रुपये का लालच देने की रपटें प्रकाशित हुई थीं। इससे राज्य की राजधानी हैदराबाद में हंगामा मच गया और हमेशा की तरह भाजपा नेताओं ने इसका खंडन किया। लेकिन, भाजपा का इस तरह का कदम कोई नयी बात नहीं थी। वास्तव में, जब से 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में आई है, तब से भाजपा की चुनावी किटी को मजबूत करने के लिए देश के शीर्ष उद्योगपतियों से धन मांगने की एक जानबूझ कर नीति का पालन किया गया है और इस प्रक्रिया में, शीर्ष उद्योग के लोगों को रियायतें मिलीं और ठेके दिये गये।**

नित्य चक्रवर्ती




**अब तक उपलब्ध बांड विवरण से पता चलता है कि 12 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 के बीच कुल 16492 करोड़ रुपये के बांडों की खरीदारी की गयी थी जिनमें से भाजपा को 8250 करोड़ रुपये मिले - यानी कुल राशि का अधिकांश। इसके अलावा, 2018 की शुरुआत से 12 अप्रैल, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश जारी होने तक लगभग 4,000 करोड़ रुपये के बांड खरीदे गये। निःसंदेह उसकी भी अधिकांश राशि भाजपा को मिली होगी। 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव सात चरणों में घोषित किए गये हैं, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर इस साल 1 जून को समाप्त होंगे। परिणाम 4 जून को घोषित किये जाएंगे।**

पचुनावी बांड योजना 2017 के तहत दानदाताओं और सत्ताधारी दल के बीच लेन-देन भावना को देखते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सर्वोच्च न्यायालय का देर से ही सही जागना स्वागत योग्य है। सीजेआई 21 मार्च तक भारतीय स्टेट बैंक से सभी विवरण प्राप्त करने के लिए दृढ़ हैं क्योंकि एसबीआई बांड के कोड नंबरों की निहित महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने में देरी कर रहा है। एक बार जब यह बिना किसी विवरण को छिपाये एसबीआई द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, तो बांड खरीदार और राजनीतिक दल के लाभार्थी की पहचान हो जायेगी।

अब तक उपलब्ध बांड विवरण से पता चलता है कि 12 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 (जिस दिन सुप्रीम कोर्ट ने इस योजना को असंवैधानिक घोषित किया था) के बीच कुल 16492 करोड़ रुपये के बांडों की खरीदारी की गयी थी जिनमें से भाजपा को 8250 करोड़ रुपये मिले - यानी कुल राशि का अधिकांश। इसके अलावा, 2018 की शुरुआत से 12 अप्रैल, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश जारी होने तक लगभग 4,000 करोड़ रुपये के बांड खरीदे गये। निरूसंदेह उसकी भी अधिकांश राशि भाजपा को मिली होगी।18वीं लोकसभा के लिए चुनाव सात चरणों में घोषित किए गये हैं, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर इस साल 1 जून को समाप्त होंगे। परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे। भाजपा 2024 के चुनावों के लिए भारी राशि खर्च करेगी। चुनावी बांड योजना से एकत्र की गई राशि इसका केवल एक छोटा सा हिस्सा है, शायद उसके राजनीतिक युद्ध कोष का 10 प्रतिशत भी नहीं।

इसके अन्य स्रोतों में मुख्य रूप से वह धन शामिल है जो विदेशों से भाजपा वॉरचेस्ट को आता है, मुख्य रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और एंटवर्प में हीरा बाजार से, जहां गुजराती भारतीयों का वर्चस्व है। अधिकांश दलालों के भाजपा से घनिष्ठ संबंध हैं और वे बहुत अमीर हैं। इसके अलावा, पारंपरिक व्यापारी और व्यापारिक घराने भी हैं जो दशकों से भाजपा के प्रति मित्रवत रहे हैं। जमीनी हकीकत यह है कि भाजपा और संघ परिवार के संगठन विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) का भारतीय प्रवासियों में बहुत बड़ा समर्थन आधार है। भाजपा जो खुद को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का दावा करती है और उसकी सदस्यता 10 करोड़ से अधिक है, उसे अलग-अलग रास्तों से इन फंडों की सुविधा हमेशा मिल सकती है। चूंकि केंद्र में भाजपा का शासन है, इसलिए किसी कानूनी उल्लंघन होने पर भी केन्द्रीय जांच एजेंसियों से पार्टी को कोई खतरा नहीं है। विदेशों से धन की इस दौड़ में कांग्रेस कहीं भी भाजपा के सामने टिकती नहीं है।

पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान, भाजपा नेतृत्व ने तत्कालीन सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति के कुछ विधायकों को रुपये की पेशकश की थी। भाजपा को क्रॉसओवर करने के लिए प्रत्येक को 100 करोड़ रुपये का लालच देने की रपटें प्रकाशित हुई थीं। इससे राज्य की राजधानी हैदराबाद में हंगामा मच गया और हमेशा की तरह भाजपा नेताओं ने इसका खंडन किया। लेकिन, भाजपा का इस तरह का कदम कोई नयी बात नहीं थी। वास्तव में, जब से 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में आई है, तब से भाजपा की चुनावी किटी को मजबूत करने के लिए देश के शीर्ष उद्योगपतियों से धन मांगने की एक जानबूझ कर नीति का पालन किया गया है और इस प्रक्रिया में, शीर्ष उद्योग के लोगों को रियायतें मिलीं और ठेके दिये गये। साझेदारी में भारत में सामूहिक पूंजीवाद का निर्माण करना दोनों के लिए लाभप्रद स्थिति रही है।

2019 के लोकसभा चुनावों के बाद से पिछले पांच वर्षों में, भाजपा ने कर्नाटक तथा मध्य प्रदेश में राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किये हैं और गोवा और मणिपुर में राज्य सरकारें बनाने के लिए विधायक खरीदे हैं। नवीनतम महाराष्ट्र में था जहां यह स्पष्ट था दिन के उजाले की तरह कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से एकनाथ शिंदे समूह के दलबदल को सुनिश्चित करने के लिए 200 करोड़ रुपये जुटाये गये थे, जैसा कि कुछ स्रोतों का आकलन है। आखरिकार महाराष्ट्र में शिंदे-भाजपा की सरकार बनी।

केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी को लेकर भारतीय कॉरपोरेट जगत में इतना डर है कि औद्योगिक घरानों के युवा वंशज जो दूरदर्शी हैं और भाजपा को पसंद नहीं करते, वे भी चुप रहते हैं क्योंकि वे सिर्फकुछ उदार व्यक्तिगत सोच की खातिर अपनी कंपनियों के भविष्य को जोखिम में डालने के लिए तैयार नहीं हैं। कुल मिलाकर नतीजा यह है कि चुनावों में बराबरी का कोई मौका नहीं है। भाजपा अपने विपक्षी प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में दस गुना से अधिक खर्च करने की स्थिति में है और पार्टी के पास जरूरत पड़ने पर बड़े पैमाने पर धन की पेशकश के माध्यम से दल-बदल कराने के लिए एक बड़ी राशि का खजाना है। मोदी शासन के पिछले दस वर्षों में, भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में धन का असामान्य संकेंद्रण हुआ है।

**विचार**

# ज्ञान पर योगी सरकार का पूरा फोकस

उमेश चतुर्वेदी



उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की सात साल की उपलब्धियों और कार्यो पर गौर करें तो पता चलता है कि इस सरकार का पूरा फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर रहा है। योगी सरकार की इस उपलब्धिय को संक्षेप में ज्ञान यानी जीवाईएएन के रूप में भी देखा जा सकता है। जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी शक्ति। यह ठीक है कि युवा शक्ति को इस दौरान नौकरियों के लिए जूझना जरूर पड़ा है। पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक की वजह से उसे परेशानी भी हुई है। लेकिन इसके बावजूद योगी सरकार का समूचा फोकस इन्हीं चार विषयों पर केंद्रित रहा है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के लिए अच्छी बात यह रही कि केंद्र में पहले से ही उसकी पार्टी की सरकार थी। इसकी वजह से उसे अपनी योजनाओं को लागू करने में किसी रोकटोक का सामना नहीं करना पड़ा। राज्य सरकार ने 2017 में अपनी शुरूआत से ही केंद्र द्वारा शुरू की गई गरीब समर्थक योजनाओं के कार्यान्वयन में जोर लगा दिया। जिसमें उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन देने, शौचालय निर्माण के के साथ ही रेहड़ी-पटरी वालों के लिए रियायती कर्ज और हर जल नल कनेक्शन देने में इस सरकार ने पूरा जोर लगा दिया। राज्य सरकार केंद्र की 44 योजनाओं को लागू करने में अव्वल है। राज्य में उज्ज्वला योजना के तहत अब तक पौने दो करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन मिल चुके हैं। जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में 55 लाख 83 हजार से ज्यादा मकान बने हैं।

**उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के लिए अच्छी बात यह रही कि केंद्र में पहले से ही उसकी पार्टी की सरकार थी। इसकी वजह से उसे अपनी योजनाओं को लागू करने में किसी रोकटोक का सामना नहीं करना पड़ा। राज्य सरकार ने 2017 में अपनी शुरूआत से ही केंद्र द्वारा शुरू की गई गरीब समर्थक योजनाओं के कार्यान्वयन में जोर लगा दिया। जिसमें उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन देने, शौचालय निर्माण के के साथ ही रेहड़ी-पटरी वालों के लिए रियायती कर्ज और हर जल नल कनेक्शन देने में इस सरकार ने पूरा जोर लगा दिया।**

राज्य में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पौने तीन करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के देहाती इलाकों में इन शौचालयों को टायलेट या शौचालय की बजाय सहजता से इज्जत घर कहा जा रहा है। हर घर नल योजना के तहत राज्य के दो करोड़ पांच लाख घरों तक पानी का कनेक्शन इन सात सालों में ही दिया गया। इसके साथ ही 17 लाख 62 हजार रेहड़ी-पटरी वालों को रियायती दर पर कर्ज मिला है। उत्तर प्रदेश में एक और योजना बहुत तेजी से लागू की गई है। केंद्र सरकार के आयुष्मान भारत योजना के तहत राज्य के नौ करोड़ लोगों को पांच लाख रूपए तक का चिकित्सा बीमा की सहूलियत मिली है।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के पहले तक बिजली आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब थी। पूरे राज्य में लखनऊ और इटावा-सैफई ही ऐसी जगहें थीं, जहां सुचारू बिजली आपूर्ति होती थी। राज्य को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, कानपुर आदि के उद्योगों के लिए भी बिजली सहजता से उपलब्ध नहीं थी। लेकिन इस बीच स्थितियां सुधरी हैं। अब गांवों तक रोजाना 16 से 18 घंटे तक बिजली मिल रही है। राज्य में बिजली आपूर्ति के सरंजाम बेहद पुराने हैं। बलिया समेत पूर्वी जिले में स्थानीय आपूर्ति करने वाले ट्रांसमिशन सिस्टम जर्जर हो चुके हैं। इसकी वजह से यदा-कदा गड़बड़ियां होती हैं। अलबत्ता कुल मिलाकर स्थिति सही है। इसका असर औद्योगिक उत्पादन पर भी पड़ा है। राज्य में उद्योग पनप रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष और परोक्ष लाभ राज्य की जनता को मिल रहा है।

इसी क्रम में कह सकते हैं कि राज्य सरकार ने 2024-25 के लिए एक हजार करोड़ के प्रावधान के साथ युवा उद्यमी विकास योजना शुरू की गई है। राज्य सरकार को उम्मीद है कि इससे राज्य में युवा कारोबार और उद्योग की ओर उन्मुख होंगे, जिसका फायदा राज्य के युवाओं को रोजगार के रूप में मिलेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इस योजना में 2 करोड़ 68 लाख किसानों को अब तक 68 हजार 135 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। इसी तरह राज्य में मिशन शक्ति, मुख्ययमंत्री कन्या सुमंगला योजना, गरीबों की बेटियों के लिए विवाह अनुदान योजना, मुख?यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समेत कई योजनाओं से लाखों महिलाओं को फायदा हुआ है। योगी सरकार के कार्यकाल में ही उत्तर प्रदेश में दो और उल्लेखनीय कार्य हुए। वाराणसी के काशी विश्वनाथ कारीडोर का दो साल पहले उद्घाटन हुआ। करीब सात सौ करोड़ रूपए की लागत से बने इस कारीडोर के चलते काशी में ना सिर्फ आस्था, बल्कि कारोबार का भी सैलाब उमड़ पड़ा है।

देसी तीर्थ यात्रियों की संख्या बढ़ी है। ऐसा अनुमान है कि रोजाना करीब एक लाख देसी सैलानी सामान्य दिनों में वाराणसी आ रहे हैं। इसका सीधा फायदा यहां के परिवहन, होटल, खानपान और शिल्पकारी के कारोबार पर पड़ा है। इसी तरह बीते 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के मंदिर का उद्घाटन हुआ। तीर्थ क्षेत्र अयोध्या का विकास भी हो रहा है। यहां भी रोजाना लाखों तीर्थ यात्री आ रहे हैं। जिनकी वजह से इलाके में रोजगार और कारोबार की संभावनाएं बेहतर हो रही हैं। 2017 में योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा हुआ। इसमें गंगा एक्सप्रेसवे का नाम सबसे आगे है। इसके साथ ही राज्य से होकर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे गुजरने वाला है।

## श्रीराम मंदिर से बढ़ती समृद्धि और समरसता

श्याम जाजू

पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के बाद हुए श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण ने न केवल भारतीय समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक आधारशिला को मजबूत किया है बल्कि उसकी प्राण प्रतिष्ठा ने सम्पूर्ण देश में अभूतपूर्व समृद्धि और समरसता का मार्ग प्रशस्त किया है। आज पुनर्निर्मित भव्य राम मंदिर न केवल धार्मिक या ऐतिहासिक संदर्भ में महत्वपूर्ण बन गया है, बल्कि यह समृद्धि, समरसता, और एकता के प्रतीक के रूप में भी स्थापित हो गया है। राम मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया में समाज के सभी लोगों की भागीदारी ने एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता की उसी मूल भावना का संवर्धन किया है जो प्रभु श्रीराम ने अहिल्या उद्धार तथा शबरी व निषादराज से प्रेम और मित्रता कर जगाई थी।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने सामाजिक समरसता और सशक्तिकरण का संदेश स्वयं के जीवन से दिया। उसी भावना से मंदिर के पूजन में इस्तेमाल हुए देश भर की हजारों पवित्र नदियों के जल व पावन तीर्थों की रज (मिट्टी) ने सम्पूर्ण भारत को भावनात्मक रूप से एकाकार कर दिया। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक पवित्र नदियों और पोखरों के जल तथा हर धर्म, संस्कृति, विचारधारा स्वरूप से जुड़े स्थलों जैसे संत रविदास के काशी स्थित जन्मस्थली, सीतामढ़ी के महर्षि वाल्मीकि आश्रम, विदर्भ के कचारगड, झारखंड के रामरेखाधाम, मध्य प्रदेश के टंट्या भील की पुण्य भूमि, अमृतसर के श्री हरमंदिर साहिब, बाबासाहेब आंबेडकर के जन्मस्थान महू और दिल्ली के जैन लाल मंदिर आदि की मिट्टी मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा में प्रयुक्त हो देश में बढ़ती समरसता की नींव को मजबूत कर गई। राम मंदिर का निर्माण न केवल धार्मिक स्थल के रूप में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक समरस, सहिष्णु समाज की अवधारणा का प्रतीक भी बन गया है। सामाजिक समरसता के साथ श्रीराम मंदिर के निर्माण ने सामूहिक वैभव और आर्थिक सशक्तिकरण का वह मार्ग भी प्रशस्त किया है जो समाज के हर वर्ग, हर धर्म, जाति और सम्प्रदाय को समान रूप से लाभ पहुंचाएगा। सदियों से आर्थिक रूप से पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे क्षेत्रों का तो मानो काया पलट ही हो जायेगा जिसकी शुरुआत हो चुकी है। स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास को एक नई गति मिलती दिख रही है जो देश के विकास में एक नई इबारत लिखेगा और भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश राज्य ने अपने लिए पहले से ही 2027 तक राज्य को 1 खरब (ट्रिलियन) की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखता है जो अब राम मंदिर के प्रतिष्ठापन के बाद समय पूर्व ही साकार होता दिख रहा है। राम मंदिर के कपाट खुलने के बाद से ही उत्तर प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर (यूपी टूरिज्म) में बूम देखने को मिल रहा है। भारत के करीब 1।1 अरब हिंदुओं का प्रमुख तीर्थस्थल बना अयोध्या अब अभूतपूर्व आर्थिक उछाल देख रहा है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पहले यानी रविवार 21 जनवरी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जिसमे उत्तर प्रदेश राज्य को अयोध्या के राम मंदिर और राज्य सरकार की अन्य पर्यटन योजनाओं के चलते भारी कमाई की सम्भावना बताई गई। रिसर्चर्स ने अनुमान जाहिर करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को फाइनेंशियल ईयर 2025 में सिर्फ अयोध्या से 20,000 से 25,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई हो सकती है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि राम मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश में बड़ा आर्थिक प्रभाव देखने को मिल सकता है। राम मंदिर के साथ भारत को एक नया पर्यटन स्थल मिल रहा है, जिसकी वजह से देश में हर साल 50 मिलियन यानी 5 करोड से ज्यादा पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। निस्संदेह, अयोध्या में राम मंदिर से भारत में पर्यटन सेक्टर को बड़ा बूस्ट मिलेगा। इस रिपोर्ट के मुताबित भारत में पर्यटन की बड़ी संभावनाएं हैं। वित्त वर्ष 2019 में देश की जीडीपी में पर्यटन सेक्टर का योगदान 194 बिलियन डॉलर का था। वहीं वित्त वर्ष 2030 में यह बढ़कर 443 बिलियन डॉलर ( करीब 36।76 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंचने का अनुमान है। पर्यटन में धार्मिक पर्यटन का बड़ा रोल है।



# राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क :** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# पानी के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव

योगेश कुमार गोयल



**दरअसल जल धरती पर मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और वर्तमान में पृथ्वी पर पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। पानी की समस्या भारत में भी लगातार गंभीर होती जा रही है, जिसका अंदाजा हाल के बेंगलुरु जल संकट से आसानी से लगाया जा सकता है। ऐसे में विश्व जल दिवस की महत्ता हमारे लिए भी कई गुना बढ़ जाती है। देश में हर साल जाने-अनजाने करोड़ों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। इसी वजह से कुछ वर्ष पूर्व विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च के ही दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जल शक्ति अभियान : कैच द रेन' की शुरुआत की थी और उस अभियान के तहत देश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन के लिए नारा दिया गया था 'जहां भी गिरे, जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें।**

प्रतिवर्ष 22 मार्च को दुनियाभर में लोगों में जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए विश्व जल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है।

दरअसल जल धरती पर मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और वर्तमान में पृथ्वी पर पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। पानी की समस्या भारत में भी लगातार गंभीर होती जा रही है, जिसका अंदाजा हाल के बेंगलुरु जल संकट से आसानी से लगाया जा सकता है। ऐसे में विश्व जल दिवस की महत्ता हमारे लिए भी कई गुना बढ़ जाती है। देश में हर साल जाने-अनजाने करोड़ों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। इसी वजह से कुछ वर्ष पूर्व विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च के ही दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जल शक्ति अभियान : कैच द रेन' की शुरुआत की थी और उस अभियान के तहत देश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन के लिए नारा दिया गया था 'जहां भी गिरे, जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें।'

एक ओर जहां करोड़ों लोग विशेषकर गर्मी के मौसम में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहते हैं, वहीं बारिश के मौसम में वर्षा जल का संरक्षण-संचयन नहीं होने के अभाव में प्रतिवर्ष लाखों गैलन पानी व्यर्थ बह जाता है। यदि इस पानी का संरक्षण कर लिया जाए तो देश की बड़ी आबादी की प्यास इसी पानी से बुझाई जा सकती है लेकिन चिंता की बात है कि देश में अभी तक वर्षा जल संरक्षण को लेकर कहीं जागरुकता नहीं दिखती। पर्यावरण संरक्षण पर हिन्दी अकादमी के सहयोग से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार भारत में जल संकट बढ़ने का एक बड़ा कारण यही है कि हम वर्षा जल का बहुत ही कम मात्रा में संरक्षण कर पाते हैं। देश में प्रतिवर्ष करीब तीन हजार अरब घन मीटर पानी की जरूरत होती है जबकि भारत में होने वाली वर्षा की मात्रा करीब चार हजार अरब घन मीटर होती है लेकिन वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने के कारण मामूली से वर्षा जल का ही संग्रहण संभव हो पाता है। एक ओर जहां इजराइल जैसे देश में औसतन दस सेंटीमीटर वर्षा होने के बावजूद भी वह इतने अन्न का उत्पादन कर लेता है कि उसका निर्यात करने में भी सक्षम हो जाता है, वहीं दूसरी ओर भारत में औसतन पचास सेंटीमीटर से भी ज्यादा वर्षा होने के बावजूद अन्न की कमी बनी रहती है। दरअसल नदियों-तालाबों जैसे पवित्र माने जाते रहे जलस्रोतों को सहेजने में लापरवाही और भूमिगत जल में प्रदूषण की बढ़ती मात्रा तथा वर्षा जल संचयन का उचित प्रबंध न होना भारत में जल संकट गहराते जाने की मुख्य वजह बन रहे हैं।

देश में आज के आधुनिक युग में भी बहुत से इलाकों में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है या लंबी-लंबी कतारों में लगकर कामचलाऊ पानी मिल जाता है। चौंकाने वाला यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि कुछ इलाकों में महिलाओं को पीने का पानी लाने के लिए प्रतिदिन औसतन छह किलोमीटर से भी ज्यादा का सफर पैदल तय करना पड़ता है। हालांकि सरकार द्वारा जलशक्ति अभियान के तहत हर घर को पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश में 2030 तक पानी की जरूरत दोगुनी हो जाएगी और 2050 तक यह चार गुना बढ़ जाएगी तथा जल संकट का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर छह फीसदी तक असर पड़ सकता है। भारत में पानी की कमी का संकट लगातार किस कदर गहरा रहा है, इसका अनुमान सरकार द्वारा संसद में दी गई उस जानकारी से भी लगाया जा सकता है, जिसमें बताया गया था कि वर्ष 2001 और 2011 में भारत में जल उपलब्धता प्रति व्यक्ति क्रमशः 1816 और 1545 घन मीटर थी, जो अब 1480 घन मीटर से भी कम रह जाने का अनुमान है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# विद्यालयों में सुनिश्चित हो बिजली-पानी की व्यवस्था : डीएम

**नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में हुई नोडल, प्रभारी अधिकारियों की बैठक**



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के परिपेक्ष्य में नोडल, प्रभारी, सहायक अधिकारियों की बैठक नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में आहूत की गई।

बैठक के दौरान निर्वाचन तैयारी के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में पानी, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए और उन्होंने कहा कि सभी नोडल व प्रभारी अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, निर्वाचन कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समस्त ईओ नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बूथों में पानी, साफ- सफाई की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बीएसए को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता रैली स्वीप के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाये, जिससे जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ सके।उन्होंने अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी से कहा कि जिन रोडो की मरम्मत का कार्य होना है, तत्काल मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कोटेदारों, पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसिओं में बैनर, पंपलेट के माध्यम से मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने के लिए जागरूक हो सके। उन्होंने एआरटीओ को निर्देश देते हुए कहा कि छोटे, बड़े वाहन अथवा भारी वाहनो की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए।

उन्होंने कहा कि जिन मतदान कर्मियों का नाम मतदान होने से पहले काट दिया जाता है, उन कर्मियों का पारिश्रमिक भुगतान नहीं किया जाएगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## क्षत्रिय स्वाभिमान समिति ने हत्या के मामले में दिया ज्ञापन

**इटावा।** बदायूं में क्षत्रिय परिवार के दो मासूम बच्चों की गला रेत कर निर्मम हत्या को लेकर क्षत्रिय स्वाभिमान समिति ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से सौपा। वार्ता करते हुए समिति के अध्यक्ष विकास सिंह भदौरिया ने बताया की बदायूं में मासूम बच्चों की जिनकी उम्र 14 एवं 6 वर्ष थी जिनकी एक विशेष समुदाय के युवकों द्वारा गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी गई थी।

इस घटना से क्षत्रिय समाज में काफी रोस व्याप्त है इसमें एक आरोपी का उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा एनकाउंटर कर दिया गया है जो प्रशंसनीय है किंतु इससे उक्त दोनों मासूम पीड़ित परिवार को वापस नहीं हो सकते उसकी भरपाई कर पाना जीवन पर्यंत संभव नहीं है।

# डीएम-एसपी ने गल्ला मंडी की व्यवस्था का लिया जायजा

**पांचवें चरण में होना है चुनाव, 20 मई को होगा मतदान**

**सुमेरपुर, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ मिलकर गल्ला मंडी पहुंचे। उन्होंने ने स्ट्रांगरूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। लोकसभा का चुनाव पांचवे चरण में होना है।

गुरुवार को जिलाधिकारी राहुल पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा के साथ शाम करीब 6:00 बजे नवीन गल्ला मंडी पहुंचकर दोनों विधानसभा के स्ट्रांग रूमों सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने जिलाधिकारी को बनाई गई व्यवस्थाओं की जानकारियां दी। जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टियां रवाना व वापसी के बारे में जानकारी ली। वाहनों के पार्किंग स्थल को भी देखा। और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, एडीएम अरुण कुमार मिश्रा,एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार,एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ,एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर राजेश कमल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रैली

**शिविर में लोगों को संवैधानिक मूल्यों की दी जानकारी**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जिले के चरखारी कस्बे के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के स्वयं सेवकों की दोनों इकाइयों के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली।

रामनगर बस्ती एवं टिलुवापुरा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो आनंद गोस्वामी के संरक्षण में प्रारंभ हुए इस सत्र में संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं वक्ता राजकुमारी मिश्रा अधिवक्ता रही। उन्होंने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि राहुल मिश्रा एवं रोहित मिश्र अधिवक्ता ने भी संवैधानिक मूल्य एवं लोकतंत्र पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में संविधान के विभिन्न प्रावधानों के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी रुचि जायसवाल ने बताया कि लोकतांत्रिक मूल्य हमारे संविधान में प्रारंभ से ही समाहित है। द्वितीय कार्यक्रम अधिकारी हरिओम सिंह वर्मा ने सविस्तार संवैधानिक मूल्यों के बारे में बताया। इसी क्रम में छात्रा दीप्ती, रागिनी, स्नेहा, अनसूईया, नीरज ने भी अपने विचार क्रमशः प्रस्तुत किये।

# अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज ने चुनावी तैयारियों की समीक्षा की

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**डीआईजी, डीएम व एसपी सहित अन्य अधिकारी रहे मौजूद**

उप्र के अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में डीआईजी चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा, अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही जरूरी निर्देश दिए गए। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर के महोबा आगमन पर सुसज्जित गार्द द्वारा सलामी दी गयी। उन्होंने सलामी गार्द का मान प्रमाण लिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिये की गई विभिन्न तैयारियों की समीक्षा की। एसपी अपर्णा गुप्ता द्वारा एडीजी का जनपद आगमन पर स्वागत किया गया व जनपद महोबा में आगामी लोकसभा के दृष्टिगत पीपीटी के माध्यम से प्रजेंटेशन के जरिए भौगोलिक स्थिति, कुल मतदान केन्द्र/मतदेय स्थल, अपराधियों/अराजकतत्वों का चिंहाकन कर उनके विरुद्ध की गयी कार्यवाही का विवरण, विगत लोकसभा निर्वाचन में अभियुक्तों के विरुद्ध की गई निरोधात्मक कार्यवाही इत्यादि विवरण से अवगत कराया। वहीं जनपद की उपलब्धियों तथा लोकसभा चुनाव को निर्विवाद, स्वतंत्र, भयमुक्त माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस नीति के तहत की जाने वाली निरोधात्मक कार्यवाही के संबंध में अपने निर्धारित लक्ष्यों को बिन्दुवार बताया गया। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, श्री भानु भास्कर द्वारा जनपद में प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चुनाव के संबंध में सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाए। सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सीएपीएफ, पुलिस, पीएसी व होमगार्ड/पीआरडी जवानों के रुकने की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया जाये, रुकने वाले स्थानों पर साफ-सफाई, शौचालय/स्नानागार तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता मानक रुप में हो यदि कहीं इसकी व्यवस्था नहीं है तो इसे तत्काल पूरा कर लें।

पोलिंग बूथों का राजपत्रित अधिकारी प्रभावी रुप से भौतिक सत्यापन करें तथा आने वाली कमियों को तत्काल दूर कर लिया जाये। साथ ही प्रत्येक पोलिंग बूथ पर शौचालय और मतदान के दिन शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाये। मतदान को प्रभावित करने वाले अराजकतत्वों की पहचान कर उन्हे पाबंद किया जाये, साथ ही हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों का सत्यापन किया जाए।

# पन्द्रह दिन तक बरसाने की तर्ज पर होती है बिदोखर में होली

**सुमेरपुर, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

**दो पंचायतों के संयुक्त ग्राम बिदोखर की फाग पूरे क्षेत्र में मशहूर है**

बुंदेलखंड में होली के विविध रंग रूप हैं। यहां अलग-अलग ढंग से होली मनाने की परंपरा गांव गांव में विद्यमान है। होलिका दहन के बाद दो दिन रंग खेलने की परंपरा प्रत्येक गांव और कस्बे में है। इसके इतर बिदोखर की होली के अलग रंग हैं। दो पंचायतों के संयुक्त ग्राम बिदोखर की फाग पूरे क्षेत्र में मशहूर है। दोनों पंचायतों के लोग एकत्र होकर द्वितीया को सामूहिक फाग निकालते हैं।

रंगों से सराबोर फाग गायक कवि इसुरी एवं जितेंद्र रचित फागों की धुनों में नाचते गाते पूरे गांव में भ्रमण करके देर रात फाग का समापन करते हैं। इस फाग को देखने के लिए आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ भी उमड़ती है। इसके बाद रंग पंचमी से मठ मंदिरों की होली का शुभारंभ होता है और यह सिलसिला चैत्र मास की अमावस्या को जाकर थमता है। बिदोखर निवासी हरिहर किशोर पाठक, रामसिंह पुजारी, शिवनाथ सविता, लाला भैया पाल, राजा भैया कुशवाहा, शंकर लाल अनुरागी आदि ने बताया कि यह परंपरा सदियों से यहां कायम है और इनका निर्वहन आज भी बड़े उत्साह के साथ किया जाता है। यहां की होली देखने के लिए दूर दूर से लोग आज भी आते हैं।

## खबरें एक नजर में

### बस में घुसा ट्रक , वाहन क्षतिग्रस्त

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत शेरपुर गांव के सामने हाइवे पर बस चालक ने अचानक हाईवे पर रोकी तो पीछे से ट्रक घुस गया, कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बकेवर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के सामने हाइवे पर अचानक हाइवे पर बस चालक ग्रिजेश कुमार सुनवर्षा बकेवर को रोकना दुर्घटना का कारण बन गया। ताज डिपो इटावा से कानपुर की ओर सवारियों को भरकर जा रही थी अचानक चालक ने ब्रेक लगाया तो पीछे से ट्रक घुस गया। हादसे के बाद चेक पुकार मच गयी। ट्रक चालक रविंद्र सिंह मथुरा निवासी हरियाणा से कूलर लादकर कोलकाता जा रहा था हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करवाया।

### पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**इटावा।** होली व रमजान के त्यौहार थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुयी। नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक भीमसेन पौनिया ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि रमजान व होली का पर्व आपसी भाईचारे व शांति पूर्वक मनायें। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की सूचना तत्काल रूप से पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि होली पर शराब पीकर हुडदंग करने वालों पर कड़ी नजर रखे माहौल खराब ना होने दें। इस अवसर पर राकेश बाबू प्रधान, वीरेंद्र राना, समाजसेवी डॉ.सुशील सम्राट, नितिन कुमार लिपिक नगर पंचायत, राहुल दीक्षित प्रधान प्रतिनिधि, रणधीश गोयल, राम प्रबल सभासद, पंकज सोनी,नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

### जिला पंचायत सदस्य के पिता का निधन



**हमीरपुर।** लोदीपुर निवादा निवासी जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार ऊर्फ रज्जन सिंह एवं गुड्डु सिंह परिहार के पूज्य पिता उदयपाल सिंह परिहार इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्ति प्रवक्ता का निधन होने की खबर से क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर फैल गयी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की भारी संख्या में भीड़ उपस्थित हो गयी। वही उनके अंतिम संस्कार में सभी राजनीतिक दलों के राजनेताओं व पत्रकारों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### हार-जीत की बाजी लगा रहे पांच गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जुआरियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गई टीम ने मोहल्ला बांसपहाडिया के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे मलखान सिंह पुत्र विहारी राजपूत, सचिन सोनी पुत्र हरगोविंद सोनी, छेदालाल कुशवाहा पुत्र दयाराम कुशवाहा, नीरज कुशवाहा पुत्र केशवप्रसाद व बीरेंद्र शर्मा पुत्र पप्पू शर्मा को पकड़ा। जुआरियों के मालफड से 2300 व तलाशी में 1200 कुल 3500 रुपए बरामद किए गए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर जुआरियों के विरुद्ध थाना श्रीनगर में धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक अग्रिम कार्यवाही संपादित की गई।

## आईपीएल की तैयारी होते ही सज गया सट्टा बाजार

**सुमेरपुर।** आईपीएल की आहट होते ही ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों की दुकानें सजकर तैयार हो गई है। सट्टा के शौकीनों से संपर्क करके अपनी योजनाओं से रूबरू कराकर अपने-अपने सेंटरों में आकर्षित करने की पुरजोर कोशिश करने लगे हैं। आईपीएल क्रिकेट का सीजन शुरू होते ही कस्बे में आधा दर्जन से ज्यादा सट्टा धारक सक्रिय हो गए हैं। फैक्ट्री एरिया से लेकर गल्ला मंडी तक इनकी दुकानें सज गई हैं जैसे ही 22 मार्च को आईपीएल आगाज होगा इनकी दुकानें गुलजार हो उठेंगी। सट्टा में रुचि रखने वाले कस्बे के कुछ युवाओं ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि कस्बे में आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों में ऑनलाइन सट्टा खिलाने की तैयारी की गई है। इनमें ज्यादातर पुराने सट्टेबाज ही है जो इस सीजन में भी सट्टा लगवाएंगे।

# मतदान बढ़ाने के लिए मतदाताओं को किया गया जागरूक

**सुमेरपुर, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

क्षेत्र के ग्राम पंचायत अतरैया व मुंडेरा में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी (स्वीप) के रूप में रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।इसके बाद डिप्टी कलेक्टर /प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के लिए शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम अतरैया व मुंडेरा में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन हुआ। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार करके साथ में गांव भ्रमण किया। उन्होंने मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में शामिल बच्चों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमे और गलियों में नारे लगाए।जिसमें अपना कर्तव्य निभाएंगे,पहले मतदान कराएंगे।आओ मिलकर अलख जगाएं,शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलेक्टर गांव का भ्रमणकर मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद लोगों को शपथ दिलाई। रैली में पंचायत के सभी विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर एडीओ आइएसबी जगदंबा प्रसाद, प्रधानाध्यापक रामप्रकाश,पवन कुमार पाल, प्रदीप सिंह,सुरेश कुमार,रंजीत यादव सहित रसोईया आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं मौजूद रही।

# डीएम-एसपी ने धर्म गुरुओं संग की बैठक



**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 व त्यौहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आगामी त्यौहार होली व रमजान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं चुनाव की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जनपद के संवेदनशील व अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रों की संवेदनशीलता को सामान्य किये जाने हेतु योजना पर चर्चा की गई व समस्त थाना क्षेत्र के शस्त्रधारकों के शस्त्र जमा करायें जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा आगामी त्यौहार होली व रमजान को सकुशल सम्पन्न करायें जाने हेतु विभिन्न समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्ता कर आपसी सौहार्द बनायें रखने व पुलिस सहयोग करने हेतु सम्बन्धित अधिकारीयों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में न्यायालय में लंबित चल रहें आपराधिक मामलों में एनबीडब्लू एवं अन्य अभियोग प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त अपर जिलाधिकारी , उपजिलाधिकारी , क्षेत्राधिकारीगण , जिला शासकीय अधिवक्तागण एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# न्यायालय ने सुनाई हत्यारोपी को उम्रकैद की सजा

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में थाना बसरेहर व मानीटरिंग, पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते हत्या करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी तथा 60,000 रूपये का अर्थदंड दिया गया। वादी शिवमंगल सिंह पुत्र रामकिशन निवासी नगला मियां थाना सैफई जनपद इटावा द्वारा थाना बसरेहर पर विपक्षी गणों द्वारा वादी की पत्नी के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर करने जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीरी सूचना दी गयी, सूचना पर धारा 302, 34, 307, 323, 504, 506 में मुकदमा पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना बसरेहर पुलिस टीम, पैरोकार का सन्दीप कुमार एवं मानीटरिंग सैल व एडीजीसी देवेन्द्र तिवारी द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी जिसके परिणामस्वरुप उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त महेश चन्द्र पुत्र जसवन्त सिंह निवासी नगला मियां थाना सैफई इटावा को न्यायालय एडीजे-1 इटावा द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी तथा 60,000 रूपये का अर्थदण्ड दिया गया।

## कोर्ट ने मोबाइल लुटेरे को पांच वर्ष की सुनाई सजा

**इटावा।** जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली व मानीटरिंग, पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते अवैध तमंचे के साथ मोबाइल की लूट करने वाले आरोपी को 5 वर्ष कारावास की सजा तथा 7,000 रूपये का अर्थदंड दिया गया। वादी राजीव कुमार पुत्र रामशंकर निवासी करमगंज चम्पा बाग जनपद इटावा द्वारा थाना कोतवाली पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर साइकिल पर सवार होकर वादी के पुत्र से मोबाइल छींन लेने के संबंध में तहरीरी सूचना दी गयी तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर धारा 392/411 व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

# महिला ने लगायी फांसी

**सुमेरपुर, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



थानाक्षेत्र के इटरा गांव में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगा लिया। परिजन उसे फंदे से उतार कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कदौरा थानाक्षेत्र बबीना निवासी राजबहादुर करीब दस वर्षों से स्थानीय थानाक्षेत्र के इटरा गांव में रह रहा है और मुम्बई में रहकर मजदूरी करता है। उसने बताया कि वह तीन दिन पहले ही मुम्बई से वापस आया है। पत्नी गायत्री (36) के कहने पर होली पर्व के लिए खोया लेने अपनी ससुराल कबरई थानाक्षेत्र के छानी कलां गांव भांजे रामजी के साथ गया था। गुरुवार को जब वापस आ रहा था। तब उसे पत्नी के फंदा लगाने की जानकारी हुई। बताया कि बेटी खुशी,बेटे अंकित व पीयूष स्कूल गए थे। तभी पत्नी ने फंदा लगा लिया। बच्चों के स्कूल से आने के बाद घटना की जानकारी हुई। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी एकत्र हो गए और उसे फंदे से उतारकर तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पति ने बताया कि पत्नी के सीने में दर्द रहता था।जिसका इलाज चलता था।उसकी गैरमौजूदगी में साला इलाज करवाता था।

## खेल-खेल में मासूम बच्चे ने लगाई फांसी, मौत

**राठ।** कस्बे के चैपरा रोड़ मुगलपुरा मोहल्ले में खेल खेल में कक्षा 7वीं में पढ़ने वाले मासूम बच्चें ने फांसी लगा ली। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मासूम बच्चे की मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने शव का बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार कस्बे के मुगलपुरा मोहल्ला निवासी धर्मसिंह यादव का 12 वर्षीय पुत्र तनुज कस्बे के औड़ेरा रोड़ स्थित एक स्कूल में कक्षा 7वीं कक्षा का छात्र था। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि शाम करीब 7 बजे तनुज अपने घर के अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान खेल खेल में रस्सी से गले में डाल ली जिससे रस्सी गले में फंस गई।

# वक्फबोर्ड की जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा

**नगर पालिका वक्फबोर्ड की जमीन बताकर झाड़ रही है पल्ला**

**मौदहा, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

कस्बे में सरकार द्वारा कब्रिस्तान के लिए सुरक्षित की गई अरबों रुपये की जमीन पर भूमाफिया नजरें गढ़ाए बैठे हुए हैं और यह मौका पाकर अवैध पक्का निर्माण करने से नहीं चूकते। जिसके चलते आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है और कस्बे की शांति भंग होने की आशंका बढ़ जाती है। हालांकि नगर पालिका इस मामले को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर का बता कर पल्ला झाड़ रही है। कस्बे के हुसैनिया, हैदरिया, पूर्वी तरौस, उपरौस, रागौल, फत्तेपुर सहित अन्य नयी बसी बस्तियों में सरकार द्वारा कब्रिस्तान के सुरक्षित भूमि की गई है। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मुर्दो को दफनाया जाता है। लेकिन इन विभिन्न मोहल्लों में कब्रिस्तान के नाम पर सुरक्षित अरबों रुपये की जमीन अब भूमाफिया की नजरों में चढ़ गई है। जिस पर मौका मिलते ही भूमाफिया अवैध अतिक्रमण कर पक्का मकान बनाने से नहीं चूक रहे हैं। ऐसी कमोबेश स्थिति वक्फबोर्ड की जमीनों की भी बनी हुई है। जिसके चलते कस्बे में आए दिन विवाद होते रहते हैं और कभी कभी विवाद इतना बढ़ जाता है कि खूनखराबा भी हो जाता है। कस्बे के फत्तू बाबा स्थित कब्रिस्तान की जमीन पर नाले की ओर कुछ लोगों द्वारा निकास कर लेने और गंदगी करने के मामले को लेकर आए दिन ज्ञापन दिया जाता है। जबकि हैदरिया स्थित पठान बाबा के निकट स्थित कब्रिस्तान के चक में भी जमीनी विवाद कम नहीं है। जबकि तकिया मोहल्ले की कब्रिस्तान की जमीन में भी अवैध निर्माण को लेकर आए दिन मामले सामने आते रहते हैं। इतना ही उपरौस इमाम चौक की वक्फबोर्ड की जमीन का विवाद जगजाहिर है। जबकि बीते कुछ समय से चौधराना मस्जिद में लगी वक्फबोर्ड की करोड़ों रुपये की जमीन भी सुर्खियां बटोर रही है। इतना ही नहीं इसके अलावा कस्बे की लगभग सभी कब्रिस्तानों की जमीन पर अवैध निर्माण हो रहे हैं। बीते बुधवार को हुसैनिया मोहल्ले की कब्रिस्तान में बन रहे पक्के मकान का विरोध करने के बाद भी दो पक्षों में विवाद खड़ा हो गया था।

**निरीक्षण**

**सभी के लाइसेंस निर्वाचन से पहले हो जाएं जमा : जिलाधिकारी**

# अर्धसैनिक बल के साथ अफसरों ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



निरीक्षण करते डीएम, एसएसपी।

जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष व शकुशल संपन्न कराने हेतु अर्धसैनिक बल के साथ डॉ. राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज धनुवां जसवंतनगर एवं प्राथमिक विद्यालय मदनपुरा विकासखंड जसवंत नगर तथा प्राथमिक विद्यालय मीरखपुर पुठिया जसवंतनगर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर ग्राम प्रधान व ग्राम वासियों से मतदान केंद्र की व्यवस्था एवं मतदाताओं की संख्या हेतु जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्राम वासियों को निष्पक्ष ,पारदर्शी व भयमुक्त मतदान किए जाने हेतु जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कोई भी हिस्ट्री सीटर एवं जिला बदर तथा अन्य अपराधी है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अवश्य की जाएगी उन्होंने कहा कि सभी के लाइसेंस आदि निर्वाचन से पहले जमा अवश्य कर दिए जाएं अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उक्त के पश्चात जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने धनुवां बियर एवं देसी शराब की दुकान का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर वीडियो रिकॉर्डिंग, स्टॉक रजिस्टर एवं कैमरा आदि चेक किए गए तो मौके पर बताए जाने के सापेक्ष सभी अव्यवस्थित पाए गए। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, कंप्यूटर वीडियो एवं कंप्यूटर बंद पाए जाने पर दुकान बंद किए जाने एवं विधिक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए , मौके पर दुकान पर कोई भी साक्ष्य नहीं पाया गया जिस पर महोदय द्वारा विधिक करवाई एवं जांच निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। उक्त के उपरांत उन्होंने महेरा चुंगी अस्त्र-शस्त्र विक्रेता मैसर्स बालाजी दुकान पर असलाह की दुकान का निरीक्षण किया तथा असलाह के रखरखाव हेतु संबंधित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ,उप जिलाधिकारी जसवंतनगर, क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं पुलिस बल आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव में शासन की गाइड लाइन का अक्षरतः करें पालन

- डीआईजी ने कोतवाली के अभिलेखों का परीक्षण कर दिये निर्देश
- कोतवाली में निर्मित आगंतुक कक्ष का भी किया लोकार्पण

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**


कोतवाली में पौध रोपण करते डीआईजी कलानिधि नैथानी


नगर में पैदल मार्च में शामिल डीआईजी कलानिधि नैथानी

**डीआईजी ने** कोतवाली के अभिलेखों के साथ ही निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। चुनाव तैयारियों को लेकर समीक्षा की और शासन की गाइड लाइन का शत प्रतिशत पालन करने की बात कही। इस दौरान कोतवाली में आगंतुक कक्ष का लोकार्पण भी किया।

आगामी होली के पर्व और लोकसभा चुनावों को लेकर डीआईजी कलानिधि नैथानी ने गुरूवार को कोतवाली का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने कोतवाली पहुंचकर नवनिर्मित पार्क में पौधारोपण किया। इसके बाद उन्होंने परिस का निरीक्षण किया। जहां निर्माणाधीन भवन के ठेकेदार को निर्देश दिए कि मानक के अनुसार ही कार्य करें। समय समय पर गुणवत्ता चेक करने के निर्देश भी अधीनस्थों को दिए। इसके बाद उन्होंने आरक्षी भवन का भी निरीक्षण किया। कोतवाली परिसर में साफ सफाई व्यवस्था से वह संतुष्ट दिखे। इस दौरान बनाए गए आगंतुक कक्ष का लोकार्पण भी किया। डीजीपी ने कहा कि लोकसभा चुनावों को और होली के पर्व को देखते हुए क्षेत्र में नियमित पैदल गश्त की जाए। चुनाव आयोग के निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जाए। अराजकतत्वों को चिन्हित करें और उनके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। लोकसभा चुनाव के दौरान भयमुक्त वातावरण रहे इसका ध्यान रखना है। पुलिस कर्मचारी अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें ताकि कोई अराजकता फैलाने की कोशिश करे तो आप तक पहले सूचना मिले। ताकि समय रहते ऐसे व्यक्तियों के खिलाफकार्रवाई की जा सके। कहा कि त्योहार के दौरान भी शांति व्यवस्था बनाए रखने का ध्यान रखें। इस मौके पर एसपी डॉ. ईराज राजा, सीओ रामसिंह, कोतवाल विमलेश कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबाप्रसाद दुबें, एसएसआई शीलवंत सिंह, चौकीप्रभारी दामोदर दास आदि मौजूद रहे।

## सड़कों पर पैदल मार्च निकाल लिया सुरक्षा का जायजा

जालौन। नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कोतवाली पुलिस के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होकर पैदल मार्च किया। कोतवाली से शुरू हुआ पैदल मार्च कालीमाता मंदिर, कांजी हाउस तिराहा, तहसील रोड, बस स्टैंड, झंडा चौराहा से तकिया मैदान होकर छत्रसाल रोड पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान डीआईजी ने लोगों से सुरक्षा को लेकर आवश्वस्त किया और आगामी लोकसभा चुनावों में बिना किसी भय के मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एडवाइजरी जारी

**बलरामपुर।** मीडिया प्रतिनिधियों को भी आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करना है, क्यांकि निर्वाचन कार्य में मीडियाकार्मियों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए समय से जरूरी जानकारियों और निर्देशों से मीडियाकर्मियों को अवगत करा दिया जाय। यह निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द सिंह ने मीडिया प्रमाणन एवं व्यय अनुवीक्षण समिति एमसीएमसी कमेटी को दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों से एक बार पुनः सम्यक रूप से अवगत कराया जाना जरूरी है। उन्होने प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी को निर्देश दिए कि जिले में कार्यरत प्रिन्ट मीडिया के प्रतिनिधियों को भी यह अवगत करा दिया जाय कि मतदान समाप्त होने की तिथि 25 मई से 48 घन्टे पूर्व अर्थात 22 मई 2024 के बाद से समाचार पत्रों में पूर्व प्रमाणन के बिना किसी भी प्रत्याशी अथवा पार्टी या संगठन का राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इसके अलावा प्रिन्ट मीडिया के प्रतिनिधियों को यह भी सुझाव दिया जाय कि वे विज्ञापन दाता से बिना लिखित प्राधिकार पत्र (आरओ) प्राप्त किए कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगें, क्योंकि सम्बन्धित प्रत्याशी, राजनीतिक दल अथवा संगठन द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कराए जाने से इन्कार किए जाने की दशा में समाचार पत्र के ब्यूरो प्रमुख/विज्ञापन प्रभारी की ही यह जिम्मेदारी होगी कि वह अन्तिम रूप साबित करे कि यह विज्ञापन अमुक व्यक्ति अथवा संगठन द्वारा ही प्रकाशित कराया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यद्यपि इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के लिए पूर्व प्रमाणन की व्यवस्था पहले से ही लागू है, फिर भी जनपद में कार्यरत इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों को भी एक बार पुनः अवगत करा दिया जाय कि वे मतदान के 48 घन्टे पूर्व किसी भी प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल की रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक सतर्कता बरतें। साथ ही विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु पूर्व प्रमाणन की व्यवस्था बनाए रखें और पूर्व प्रमाणन के बिना कोई भी विज्ञापन कतई प्रकाशित न करें। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की है कि मतदान के 48 घन्टे पूर्व किसी भी प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष में कोई भी खबर प्रसारित या प्रकाशित नहीं की जाएगी। मीडिया मानीटरिंग में लगे कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि मतदान से 72 घन्टे के पूर्व का समय प्रचार-प्रसार की दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इसलिए एमसीएमसी कार्यालय में तैनात किए गए सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहते हुए न्यूज चैनल्स, विभन्नि सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स और समाचार पत्रों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध पेड न्यूज अथवा विज्ञापन के मामलों में आवश्यकतानुसार कार्यवाही के लिए सम्बन्धित आरओ, सहायक व्यय प्रेक्षक तथा लेखा टीम को निर्धारित प्रारूप में सूचना भरकर रिपोर्ट करेगें।

# शत-प्रतिशत मतदान स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान का नारा देकर वोटर्स को किया गया मतदान के लिए जागरूक

- श्री राम तीरथ चौधरी महाविद्यालय के एनएसएस शिविर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी

**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**



**श्री** राम तीर्थ चौधरी पी जी कॉलेज के एनएसएस इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । महाविद्यालय के प्रशासक डॉक्टर एच डी वर्मा एवं प्राचार्य डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया । रैली शिविर स्थल से रवाना होकर निकट गांव इमलिया पहुंची, इस दौरान स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने गांव के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया तथा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़-चढ़कर मतदान करने का आह्वान किया । स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने गांव के लोगों को मतदान करने के लिय प्रेरित किया अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने जात, धर्म, लिंग से परे सच्चे एवं ईमानदार प्रतिनिधि को मत देने के लिए लोगों से आग्रह किया । स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने गांव के लोगों को बताया कि आपका मत अमूल्य है इस अमूल्य मत को अमूल्य बनाए रखने के लिए आप सबको व समाज को सचेत रहना होगा साथ ही हर प्रकार के लालच से दूर रहना पड़ेगा । सत प्रतिशत मतदान करके अपने विकास कार्य करने वाले नेता का चुनाव करें।शिविर के दूसरे सत्र में श्रमदान हमारा कर्तव्य विषय पर आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने हिस्सा लिया कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी रामसरन सिंह ,व संजय यादव, ने किया । इस अवसर पर बच्छराज वर्मा, मंशाराम यादव, श्रीकांत विमल, मोहम्मद सैफ , मानबहादुर वर्मा, बीपी श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, माधवी सिंह, संदीप कुमार यादव, फातिमा खातून, दुर्गेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक डॉक्टर रमाकांत वर्मा ने एनएसएस के बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिय प्रेरित किया।

# नगर पालिका परिषद में छुट्टा जानवरों का आतंक



**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

**आदर्श** नगर पालिका परिषद उतरौला में छुट्टा सांड़ौं का आतंक अब बाजार की मुख्य सड़कों के साथ-साथ अतिसुरक्षित स्थानों पर भी बढ़ता जा रहा है। बाजार की सड़कों पर आए दिन इनकी धमाचौकड़ी से राहगीर व स्कूली बच्चे चोटिल होते रहते हैं। सरकारी दावों में छुट्टा पशुओं को गौशालाओं मे भेजने का भी दावा किया जाता है। इसी दावे की हकीकत बताने के लिए मवेशी तहसील के न्यायालय कक्षों में अपनी फरियाद लेकर आ रहे हैं। गुरुवार को तहसील के प्रवेश द्वार के साथ उपजिलाधिकारी के न्यायालय में घुसे सांडों ने यह साबित कर दिया कि मवेशियों को अभी भी सुरक्षित जगह की तलाश है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा का कहना है, कि समय-समय पर छुट्टा जानवरों को पकड़ने का अभियान चलाया जाता है।

## खबरें एक नजर में

### आर.आर.सी. सेन्टर के निर्माण कार्य में बाधा डालने में पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** आर.आर.सी सेंटर के निर्माण कार्य में बाधा डालने के मामले में लेखपाल ने पिता-पुत्र के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। मेरापुर थाना क्षेत्र के राजस्व ग्राम नगला केल में कार्यरत लेखपाल योगेंद्र सिंह ने आर.आर.सी सेंटर के कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में मेघनाथ पुत्र बेचेलाल व मेघनाथ के पुत्र गोविंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। लेखपाल द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि राजस्व ग्राम नगला केल के मजरा रसीदपुर तोया तहसील कायमगंज में स्थित गाटा संख्या 670 पर आर.आर.सी सेंटर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके लिए मिट्टी की आवश्यकता थी। उपरोक्त सरकारी निर्माण कार्य के लिए ग्राम प्रधान घनश्याम शाक्य द्वारा गाटा संख्या 373 में दर्ज ऊसर भूमि से मिट्टी उठाई गई। किन्तु मेघनाथ पुत्र बेचेलाल द्वारा प्रश्नगत आराजी को अपना बताते हुए कार्य को रुकवा दिया व विवाद उत्पन्न कर दिया। जबकि गाटा संख्या 373 में मेघनाथ दर्ज कागजात नहीं है ।उक्त गाटा संख्या से सटा हुआ गाटा संख्या 488 में मेघनाथ का नाम दर्ज है और वह काबिज भी हैं। फिर भी गाटा संख्या 373 में दर्ज सरकारी भूमि को मेघनाथ व गोविंद ने अपना बताकर सरकारी कार्य में बाधा एवं विवाद उत्पन्न किया। लेखपाल ने बताया कि आरोपित मेघनाथ व गोविंद नगला केल के मजरा रसीदपुर के निवासी हैं। मेरापुर पुलिस ने लेखपाल की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### नगर पालिका उतरौला में मच्छरों की भरमार ,बीमारी फैलने की आशंका

**उतरौला(बलरामपुर)।** नगर के गलियों मोहल्लों मे मच्छरों की भरमार हो गई है,मच्छरों के बढ़ते प्रकोप ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है।मच्छरों के आतंक से लोगों का दिन का चैन व रात की नींद हराम कर दी है।अगर इसे समय रहते नही रोका गया तो लोगों को संक्रमण बीमारी से जूझना पड़ सकता है। बतादें कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है हालात यह है कि रात्रि तो दूर दिन में भी मच्छरों के आतंक ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है।ऐसे में मच्छरों का बढ़ता प्रकोप संक्रमण बीमारियों की तरफ सोचने पर लोगों को मजबूर कर दिया है।मोहल्ले वासी मोहम्मद शमीम ,पाटन दीन, रामेश्वर, झिनकन, अशोक कुमार आदि का कहना है कि बजबजाती नालियां, गंदगी तथा कूड़े के ढेर को उठान में देरी मच्छरों की संख्या में दिनों दिन इजाफा हो रहा है।हालात को देखते हुए नपा प्रशासन को साफ सफाई के साथ साथ नगर के सभी वार्डो में फांगिंग कराना अत्यंत जरूरी हो गया है।

### अपर आयुक्त ने बूथों का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थायें

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में अपर आयुक्त कानपुर अजीत कुमार, उप जिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह, तहसीलदार कर्मवीर सिंह, लेखपाल श्याम बाबू, सतेंद्र कुमार आदि लोग मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान अपर आयुक्त ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय चाचूपुर बूथ संख्या 151, 152, जूनियर माध्यमिक विद्यालय गांधी बूथ संख्या 103, 104, राजेपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय बूथ संख्या 78, 79, 80 पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर आयुक्त द्वारा राजेपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षामित्र ज्ञानेंद्र सिंह व आंगनबाड़ी सूरजमुखी से जानकारी ली और उन्हें बताया कि दिव्यांग मतदाताओं की व्यवस्था, रेलिंग की जानकारी तथा व्हीलचेयर की व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं बताया कि दिव्यांग अगर घर से वोट नहीं कर पाते हैं, तो दिव्यांग को घर पर ही वैलेट पेपर से वोट कर सकते हैं। वहीं राजेपुर विद्यालय में दो कमरे को भी देखा। फर्नीचर, शौचालय, पानी की व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान राजेपुर की आबादी 4500 बताई गई। इसी दौरान मौके पर शिक्षामित्र सुमन राजेपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय में अपर आयुक्त को मौके पर नहीं मिलीं। अपर आयुक्त कानपुर अजीत कुमार ने बताया है कि चुनाव को लेकर क्षेत्र में विद्यालय में जाकर बूथों को चेक किया गया और दिशा निर्देश भी दिए गए हैं।

# सब काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करो




**उतरौला(बलरामपुर)।** सब काम छोड़ दो, सबसे पहले मतदान करों के नारे के साथ राजकीय इण्टर कालेज इट ई रामपुर में आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए मतदाताओं का जागरुकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधालय से गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे लगाते हुए छात्रों ने रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया। उसके बाद छात्रों ने चुनाव से मतदान करने की शपथ ली। विघालय के छात्रों ने तख्ती पर स्लोगन लिखकर मतदाताओं को मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर विघालय के छात्र छात्राओं के साथ अध्यापक व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## पड़ोसी किसान ने पकी खड़ी गेहूं की फसल रौंदकर निकाला हार्वेस्टर

**जालौन (उरई)।** पड़ोसी किसान ने गेंहू की खड़ी फसल से होकर हार्वेस्टर निकाल दिया। जिसमें किसान का नुकसान हो गया है। परेशान किसान ने नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग एसडीएम से की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम उरगांव के किसान राहुल ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह बलकट पर खेत को जोते हुए हैं। उन्होंने खेत में गेंहू की फसल बोई थी। जो अब पककर तैयार है। उनके पड़ोसी किसान को अपने खेत में हार्वेस्टर ले जाना था। ऐसे में जब वह खेत पर नहीं थे तब पड़ोसी किसान ने उसके खेत से होकर हार्वेस्टर निकलवा दिया।

# सचिव ने किया जिला जेल का निरीक्षण,दुरुस्त मिली व्यवस्थाएं

- जागरूकता शिविर में बंदियों को दी गई विधिक जानकारियां

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



**उत्तर प्रदेश** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव एवं की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कारागार का निरीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।यह आयोजन अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया।निरीक्षण के दौरान सचिव श्री यादव द्वारा जेल में निरूद्ध बन्दियों के सम्बन्ध में विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की गयी।इसमें गुरुवार को कुल 983 बन्दी,41 महिला बन्दियों के साथ 5 बच्चे भी संवासित मिले।साफ सफाई अच्छी पायी गयी,बन्दियों के लिए शाम का भोजन तैयार किया जा रहा था।बन्दियों द्वारा बताया गया कि सुबह के नाश्ते में ब्रेड,गुड़,चाय तथा भोजन में रोटी, अरहर दाल,आलू व मूली साग दिया गया है।शिविर के दौरान सचिव श्री यादव द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बन्दियों के बौद्धिक विकास हेतु उनको मोटिवेट किया जाय जिससे सभी बन्दी मानसिक तौर पर विकसित होकर देश विकास के मुख्य धारा में अपना योगदान प्रदान करें।साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि ऐसे बन्दी जिनकी न्यायालय द्वारा जमानत हो चुकी है किन्तु जिला कारागार से रिहा नही हो पाये है, उनकी रिहाई के लिए अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र भेजा जाए जिससे लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल तथा थाने के माध्यम से आर्थिक तथा सामाजिक सम्पत्तियों की जांच कर उनकी जेल से रिहाई के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जा सके। निरीक्षण के बाद आयोजित जागरूकता शिविर में जेल में निरूद्ध किशोर बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान की गयी, उन्हें उनके अधिकारों के बारे बताया गया तथा इसकी विशेष जानकारी ली गयी कि उनके पास अधिवक्ता की सुविधा है या नही? यदि किसी बन्दी के पास अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध नहीं है,तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा के माध्यम से एलएडीसीएस (लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम) मुकदमे की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्रदान की जाती है।बताया गया कि जेल में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गयी है,जिस किसी बन्दी को कोई समस्या हो,वह जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। निरीक्षण के समय उदय प्रताप मिश्र वरिष्ठ जेल अधीक्षक, गिरीश कुमार (कारापाल), श्रीमती अंजू शर्मा व सुश्री सुमरा अंसारी, श्रीमती माया सिंह,कलीमुद्दीन (उप कारापाल), अनुराग मिश्रा, मुख्य दिन हेड, महिला हाता प्रभारी एवं पुरूष हेड वार्डर, महिला हाता प्रभारी,महिला बंदी रक्षक तथा पुरुष व महिला बन्दी आदि उपस्थित रहे।

# बड़े भाई की हत्या के दोषी घनश्याम विश्वकर्मा को उम्रकैद

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

- 30 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

**ढाई वर्ष** पूर्व हुए राधेश्याम विश्वकर्मा हत्याकांड के मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एहसानुल्लाह खां की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी भाई घनश्याम विश्वकर्मा को उम्रकैद व 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं मृतक की पत्नी को अर्थदंड की समूची धनराशि 30 हजार रूपये तथा एक लाख 50 हजार रूपये बतौर प्रतिकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जरिए राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक सुमन देवी पत्नी राधेश्याम विश्वकर्मा निवासी विसुंधरी, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र ने 12 दिसंबर 2021 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका देवर घनश्याम विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय विश्वनाथ विश्वकर्मा उसके पति राधेश्याम विश्वकर्मा से बार बार अपनी पत्नी को मायके से लेकर आने का दबाव बना रहा था। उसके पति का कहना था कि जब तक अच्छे ढंग से अपनी पत्नी को नहीं रखोगे तो नहीं लाऊंगा। इसी बात से क्षुब्ध होकर 12 दिसंबर 2021 को दोपहर 12 बजे उसके पति राधेश्याम विश्वकर्मा को देवर घनश्याम विश्वकर्मा ने अपने कमरे में काम के बहाने बुलाया और पति को बेरहमी से लाठी डंडा से मारने पीटने लगा तथा फावड़ा और लोढ़ा से शिर कूंचने लगा। जब देर होने लगी तो देवर के कमरे में गई तो उसके पति गिरे हुए थे और देवर लोढ़ा से शिर कूंच कूंच कर मार रहा था। इस वाकए को देखकर जब उसने शोरगुल किया तो कई लोग आ गए और घटना को देखा। मौके से पति राधेश्याम विश्वकर्मा को मारकर देवर घनश्याम विश्वकर्मा जान मारने की धमकी देकर भाग गया। लाश मौके पर पड़ी है सूचना दे रही हूं। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी भाई घनश्याम विश्वकर्मा को उम्रकैद व 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं मृतक की पत्नी को 30 हजार रूपये अर्थदंड की समूची धनराशि और एक लाख 50 हजार रूपये बतौर प्रतिकर के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जरिए राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। अभियोजन पक्ष की ओर से एसपीओ एसपी वर्मा ने बहस की।

# होली का त्यौहार पास आते देख सजने लगीं रंग -अबीर -गुलाल की दुकानें

**दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**रंगों** का त्यौहार होली धीरे-धीरे करीब आ रहा है। उमंग और मस्ती भरी त्यौहार होली पर नगर और आसपास के क्षेत्र में रंग अबीर गुलाल, और तरह-तरह की पिचकरिया की दुकान जगह-जगह सज गई हैं। इस बार पिछले वर्ष से रंग और पिचकारी अबीर गुलाल के दामों में वृद्धि देखने को मिल रहा है। इस बार महंगाई की मार रंगों पर भी साफ दिखाई दे रहा है, लेकिन करें तो क्या करें त्यौहार है होली मनाना है रंग और अमीर का प्रयोग भी लोगों पर करना है। दुकान तो अभी सज गई है लेकिन अभी खरीदार नहीं के बराबर है जैसे-जैसे त्योहार होली का करीब आएगा रंगों का खरीद धीरे-धीरे बढ जाएगा। इस बार होली का त्यौहार 25 मार्च को मनाया जाएगा। घर होलिका दहन को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता होलिका दहन सजाने में लगे हुए हैं। इस बार फागुन माह धीरे-धीरे बीतने के करीब जा रहा हैं लेकिन अभी तक कहीं भी ढोलक मंजीरा की थाप पर कहीं भी फाग गीत सुनाई नहीं पड़ा, ऐसा लगता है कि फागुन माह बीत जाएगा और कहीं फाग गीत की आवाज भी सुनाई नहीं देगी, लगता है की नई परंपराओं और लोगों के पास समय न होने के कारण पुरानी परंपराएं धीरे-धीरे खत्म होती नजर आ रहे हैं। ऐसे में पुराने लोग काफी चिंतित देखे जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि नए लोग पुरानी परंपराओं को धीरे-धीरे समाप्त करने के फिराक में दिखाई दे रहे हैं उनका कहना है की पुरानी परंपराएं हैं सभी त्यौहार को खुशनुमा बनाए रखना है और त्योहार जीवित रहती है।

# पाक्सो एक्टः दोषी शीतल प्रसाद को तीन वर्ष की कठोर कैद

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

- 10 हजार रूपये अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी
- अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी

**साढ़े** 7 वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़खानी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी शीतल प्रसाद को 3 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शक्तिनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने 25 अक्तूबर 2016 को कोर्ट में दिए धारा 156(3) सीआरपीसी के प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी 17 सितंबर 2016 को शाम 7 बजे पड़ोसन महिला के साथ ज्वालामुखी मंदिर दर्शन करने जा रही थी तभी रास्ते में सुनसान जगह पर शीतल प्रसाद पुत्र दीनबंधु उर्फ बंधुराम निवासी प्राइवेट बस स्टैंड शक्तिनगर ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा तथा उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगा। शोरगुल की आवाज सुनकर कई लोग आ गए तब बेटी की इज्जत बची और वह छोड़कर भाग गया। दूसरे दिन सुबह बेटी को लेकर थाने पर गई और तहरीर दी जिसपर पुलिस ने आरोपी शीतल प्रसाद को दो दिन तक थाने पर बैठाने के बाद छोड़ दिया। तब एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में छेड़खानी और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी शीतल प्रसाद को 3 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# आक्रोशित डॉक्टरों को समझाने में अफसरों के छूटे पसीने

- करीब तीन घण्टे तक तिर्वा-कन्नौज मार्ग रहा जाम
- ओपीडी व इमरजेंसी सेवा भी रही बाधित
- डीएम-एसपी के सामने रखी छह मांगे, जल्द पूरी होने का दिया आश्वासन

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**जूनियर डॉक्टर** की सड़क हादसे में हुई मौत से गुस्साए चिकित्सकों व एमबीबीएस स्टूडेंटस के धरना प्रदर्शन व नारेबाजी को खत्म कराने की कवायत में जुटे अफसरों को पसीने आ गए। प्रदर्शनकारी लगातार मौके पर डीएम व एसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे। करीब एक घण्टे तक इमरजेंसी से भी चिकित्सक नदारद रहे। ओपीडी गेट के बाहर ताला डालकर डॉक्टरों ने वहीं पर धरना दिया। इस दौरान उन्हे समझाने गए अफसरों के समक्ष प्रदर्शनकारियों ने अपनी छह मांगे भी रखी। इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सक डॉ.कपिल देव त्रिपाठी की सड़क हादसे में मौत की जानकारी कैम्पस में पहुंचते ही एमबीबीएस छात्रों में आक्रोश फैल गया। सैकड़ो की तादात में छात्र अपने हॉस्टल से निकलकर गेट पर आ गए। इनके समर्थन में कई जूनियर डॉक्टर भी गेट पर पहुंच गए। सभी ने नारेबाजी करके तिर्वा रोड पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही सबसे पहले सीओ डॉ.प्रियंका बाजपेई मौके पर पहुंची। उन्होने समझाने का प्रयास किया, पर डॉक्टरों ने उनकी एक न सुनी। इसके बाद तिर्वा कोतवाल जयंती प्रसाद गंगवार भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पर आक्रोशित उनकी भी बात सुनने को तैयार नहीं थी। भीड़ के दबाव को देख कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस जाम खत्म करने को कह रही थी। पर भीड़ मौके पर डीएम





एसपी को बुलाने की मांग रख रहे थे। कुछ देर बाद एएसपी संसार सिंह भी मौके पर आ गए। उधर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल व सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह भी मौके पर पहुंच गए। इन सभी ने संयुक्त रूप से जाम खत्म कराने का प्रयास किया। करीब तीन घण्टे तक चली मशक्कत बाद डॉक्टरों ने जाम खत्म कर दिया। इसके बाद सुबह 10 बजे सभी चिकित्सक व छात्र ओपीडी गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान उनकी मांग पर डीएम शुभ्रान्त शुक्ला व एसपी अमित कुमार आनन्द मौके पर पहुंचे। उन्होने धरना दे रहे सभी डॉक्टरों व छात्रों से वार्ता की। इसपर छात्रों ने अपनी छह मांगे डीएम के सामने रखी। जिनपर डीएम ने सभी को भरोसा दिलाया कि जल्द उनकी मांगे पूरी की जाएगी। बाद में डीएम-एसपी ने सीओ व एसडीएम के साथ तिर्वा-कन्नौज मुख्य मार्ग पर बेरिकेंटिग व अन्य मांगो को पूरी करने के लिए जानकारियां ली।

### कार समेत चालक गिरफ्तार

**तिर्वा।** हादसे में चिकित्सक की हुई मौत को लेकर मृत डॉक्टर के मामा शैलेन्द्र मिश्रा पुत्र तंगुनाथ मिश्र निवासी ग्राम सिकटिहवा, तुलसीपुर जनपद बलरामपुर ने तिर्वा कोतवाली में कार चालक ठठिया थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी रामू पुत्र गयाप्रसाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कार चालक को कार समेत गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर की सड़क हादसे में मौत

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**डॉ.भीमराव** रामजी अम्बेडकर चिकित्सा महाविद्यालय की इमरजेंसी वार्ड में तैनात जूनियर चिकित्सक कपिल देव त्रिपाठी(32) की तेज रफ्तार कार की टक्कर से गुरूवार की भोर मौके पर ही मौत हो गई। चिकित्सक उस समय इमरजेंसी वार्ड से निकलकर अपनी बाइक से गेट के बाहर बने टी स्टॉल पर चाय पीने के लिए आ रहे थे। उसी दौरान तिर्वा से जा रही एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे से उत्तेजित मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस चिकित्सकों व एमबीबीएस स्टूडेंटस ने जाम लगा दिया। करीब तीन घण्टे तक चले हंगामे व जाम के बाद मौके पर पहुंचे, एएसपी सांसर सिंह व प्राचार्य डॉ.सीपी पाल व सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह, सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई के समझाने पर जाम



खत्म हुआ। मामले की जानकारी पाकर डीएम शुभ्रांत शुक्ला व एसपी अमित कुमार आनन्द भी मौके पर पहुंचे। श्रावस्ती जनपद के सोनवा थाना क्षेत्र के दीपकला कस्बा निवासी डॉ.कपिल देव त्रिपाठी पुत्र श्रीकृष्ण त्रिपाठी ने एमबीबीएस की पढ़ाई राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज से की थी। बर्ष 2018 में उन्होने अपनी पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद इसी मेडिकल कॉलेज में वह जूनियर डॉक्टर के पद तैनात हो गए थे। इस समय उनकी ड्यूटी मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में चल रही थी। बुधवार की रात उन्होने इमरजेंसी में ड्यूटी की। गुरूवार की सुबह तीन बजे के करीब वह मेडिकल कॉलेज गेट के बाहर बने टी-स्टॉल पर अपनी बाइक लेकर चाय पीने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गेट से कुछ दूर आगे पहुंची, तभी तिर्वा से कन्नौज जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से वह काफी दूर बाइक समेत उछलकर जा गिरे। मौके पर ही उन्होने दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही मेडिकल कॉलेज कैम्पस से सैकड़ो छात्र व जूनियर चिकित्सक मौके पर पहुंच गए। सभी ने सड़क पर जाम लगा दिया। करीब तीन घण्टे तक जाम लगा रहा। अफसरों के समझाने पर जाम खत्म हुआ।

# खबरें चलते-चलते

### कार्रवाई से बचने के लिये समय से बिलों का भुगतान करें



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत उपभोक्ता त्रुटिपूर्ण बिलों को किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर बिलों में संशोधन करवा कर भुगतान करें। बडे बकायेदार विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए समय से बिलों का भुगतान करें। कहा कि नगर व क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को जल्द ही बेहतर विद्युत आपूर्ति मुहैया कराए जाने के संबंध में सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कर विभागीय कार्यवाही प्रगति पर है। यह बात गुरूवार को नगर के जीटी रोड स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनने के उपरांत कही। कहा कि विद्युत विभाग द्वारा जल्द ही बड़े बकायेदारों सहित विद्युत चोरी करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने विद्युत कर्मियों को उपभोक्ताओं द्वारा की गई सभी शिकायतों को निस्तारित करने के कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर आसिफ खान, संबिदा कर्मी विपिन चौरसिया, संजय यादव, पप्पू आदि मौजूद रहे।

### पिता-पुत्र से अभ्रदता कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जमीन पर कब्जा करने का विरोध करना पिता पुत्र को उस समय महंगा पड़ गया। जब गांव के ही दो लोगों ने अभ्रदता करते हुए न सिर्फदीवाल तोड़ दी बल्कि धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम रौरा निवासी महेंद्र कुमार पुत्र रामदुलारे द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 20 मार्च की सुबह उसके घर के आगे उसके खाली पड़े चबूतरे पर अवैध कब्जा करने की नियत से उसकी दीवार को गांव के ही महेश यादव एवं पंजाबी ने तोड़ना शुरू कर दिया। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्तगणों ने उसे व उसके बेटे प्रशांत के साथ अभ्रदता व झगड़ा फसाद पर अमादा होते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दि गई है।

### दो बच्चों सहित प्रेमी के साथ फरार हुई महिला

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सिलसिले आसनाई दो बच्चों व नगदी एवं जेवरात के साथ प्रेमी के साथ रफूचक्कर हुई विधवा के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर निवासी वृद्धा द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 18 मार्च के सुबह उसकी 28 वर्षीय बिधवा पुत्री को ग्राम मिरगावा निवासी एक युवक कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है। वृद्धा ने बताया कि उसकी बिधवा बेटी दो छोटे बच्चों एवं पचास हजार की नगदी व जेवरात अपने साथ ले गई है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारी और कर्मचारी चुनाव ड्यूटी प्रमाणपत्र से कर सकेंगे मतदान

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के सभी चुनाव ड्यूटी में लगे पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, पुलिस कार्मिक, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर, होमगाईस,पी0आर0डी0 जवान, निर्वाचन व्यय सेल में लगे कार्मिक, वीडियोग्राफर/फोटोग्राफर, वेबकास्टिंग में लगे कर्मी, बीएलओ, लेखपाल, अमीन, वाहन चालक, कन्डक्टर, हेल्पर आदि जो जनपद कन्नौज के किसी भी विधानसभा के मतदाता हैं, ऐसे कार्मिक जिस मतदेय स्थल पर तैनात होगें उसी मतदेय स्थल पर ईवीएम से मतदान कर सकेंगे। उन्होने बताया कि इस हेतु उनको प्रपत्र-12क (ईडीसी के लिए आवेदन पत्र) उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही बताया कि अन्य जनपद के मतदाता जो जनपद कन्नौज में चुनाव ड्यूटी पर तैनात है वे अपना मतदान पोस्टल बैलेट से कर सकेंगे। इस हेतु उनको प्रपत्र-12 उपलब्ध कराया जा रहा है।

### संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर रखें कड़ी नजर, करें कार्रवाई: एसपी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव को शांति एवं निष्पक्ष रुप से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से एसपी अमित कुमार आनन्द ने पुलिस अफसरों के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसपी ने पुलिस अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में शराब माफियाओं पर सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर नजर रखें। संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि हिस्ट्रीशीटरों पर कार्यवाही करें। अराजकत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखें। एसपी ने मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान के लिये जागरूक करने को भी कहा। गोष्ठी में एएसपी डॉ संसार सिंह सहित सभी सीओ मौजूद रहे।

### चोरों ने अधिवक्ता के घर को बनाया निशाना

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मकरंदनगर चौकी क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने अधिवक्ता के घर को निशाना बनाते हुए नकदी समेत घर का अन्य सामान चुरा लिया और फरार हो गये। सुबह जब गृहस्वामी समेत परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो दंग रह गये। पीड़ित ने पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मकरन्दनगर चौकी क्षेत्र निवासी अधिवक्ता आशीष अवस्थी के घर बीती रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घर मे घुस गये। चोरों ने घर में रखा घरेलू सामान सहित नकदी चुरा ली और फरार हो गये। सुबह जब घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो उनमें हड़कम्प मच गया। पीड़ित ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को देते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफमामला दर्ज करने की मांग की। बताया गया है कि अधिवक्ता आशीष अवस्थी बार एसोसिएशन के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हैं। चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही बार एसोसिएशन के पदाधिकारी पीड़ित के साथ कोतवाली पहुंचे और कोतवाल को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### सीएमएस ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. शक्ति बसु ने गुरुवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पुरुष व महिला विंग पहुंचकर यहां का जायजा लिया। उन्होने वार्ड में भर्ती महिलाओं का हालचाल जाना। सीएमएस ने एनआईसीयू सहित कई वार्डों का किया निरीक्षण। महिला विंग में भर्ती मरीजों ने अस्पताल स्टाफद्वारा बरती जा रही लापरवाही की शिकायत की।

# अरविंद अध्यक्ष तो महासचिव बने ललित समर्थकों ने फूल मालाओं से किया स्वागत

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**बार एसोसिएशन** छिबरामऊ के प्रत्याशियो के नतीजे आने से पहले ही समर्थको रंगो से होली की शुरुआत कर दी। देर रात मतगणना पूरी होने के बाद चुनाव आयोग की ओर से अन्तिम परिणाम मे अध्यक्ष पद पर अरविंद सिह राठौर व महासचिव पद पर ललित प्रताप सिंह को विजयी धोषित किया गया। बार एसोसिएशन सभागार मे देर रात मुख्य चुनाव अधिकारी रामचन्द्र यादव, चुनाव अधिकारी एमएस रिजर्वी,राकेश दुबे,दफेदार सिह, राजीव सिह राठौर,राजीव नयन त्रिपाठी,विजय त्रिपाठी,अभिरुप दीक्षित, उमेन्द्र यादव मतगणना के नौ चरणो की काउटिग होने के बाद परिणामो की धोषणा की गई। अध्यक्ष पद पर अरविंद सिह राठौर ने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शिवनाथ सिह यादव को 47 वोट व महासचिव पद पर ललित प्रताप सिंह ने पंकज मिश्रा को 89वोट कोषाध्यक्ष पद पर मोहम्मद मुफीद ने अशुतोष चौहान को 91वोट से हराया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर धीरज तिवारी व भाईयालाल वर्मा को विजया धोषित किया गया। वही प्रशासनिक सदस्य कनिष्ठ के पद पर अभय किशोर यादव ,अनुराग त्रिपाठी,नन्दकिशोर शाक्य, सचिन प्रताप,व शुभम त्रिपाठी,शिवम शुक्ला को विजयी धोषित किया गया।





### इन पदों पर हो चुके हैं प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

बार एसोसिएशन चुनाव मे नामांकन व नाम वापसी होने के बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर बादम सिह शाक्य, उपाध्यक्ष प्रथम पर कृष्ण चन्द्र चतुर्वेदी,व कुलदीप सिह संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर रवि मिश्रा संयुक्त सचिव पुस्तकालय पर सुमन लता शाक्य ,संयुक्त सचिव प्रसारण पर अभिषेक दुबे,प्रशासनिक सदस्य वरिष्ठ पद पर अरूण शेखर तिवारी,निखिल कुमार द्विवेदी,जितेन्द्र कुमार शाक्य, बालेश्वर चन्द्र चतुर्वेदी,मुकेश पाण्डेय, नेम सिह यादव यह लोग पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चूके है।

# समाजवादी युव जनसभा के प्रदेश सचिव का किया गया स्वागत



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**समाजवादी विभाजन** सभा के मनोनीत प्रदेश सचिव का शहर में किया गया भव्य स्वागत। नगर में समाजवादी पार्टी युवजनसभा के प्रदेश सचिव अमन खान के नेतत्व पर सभी नवनिर्वाचित समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी को माला पहनकर स्वागत किया गया छात्र सभा के नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष भोला यादव धनपाल सिंह जिला सचिव बृजेश यादव जिला सचिव अंशु यादव जिला सचिव बनाए गए सभी पदाधिकारी पार्टी के प्रति लगातार संघर्ष करते रहेंगे और अग्रिम लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के लिए जान-जान तक पहुंच कर पार्टी की नीतियों से अवगत कराने का कार्य करेंगे इस मौके अंकुर सिंह यादव मिडिया प्रभारी तस्लीम वारसी अंकुर सिंह यादव जय यादव शराफत अली पिंटू आदि मौजूद रहे।

# नेहरू कॉल राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न




छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नेहरू कॉल** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्राम पंचायत भवन कमालपुर में संपन्न हुआ।

समापन समारोह की शुरुआती दौर में डॉ0राजीव कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराया तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जयवीर सिंह ने संबोधित करते हुए स्वयंसेवकों से कहा कि शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के द्वारा स्वयं सेवकों को अनेक प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। जिसका प्रयोग स्वयंसेवक अपने व्यावहारिक एवं सामुदायिक जीवन में करेंगे। और कहा कि व्यक्तित्व विकास की निर्माण प्रक्रिया में इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों की अत्यधिक महत्वत्ता होती है। डॉ0रवि प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों को भारतीय संस्कृति में वर्णित सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। असिस्टेंट प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह ने एनएसएस के उद्देश्यों एवं मूल्य के बारे में बताते हुए स्वयंसेवकों को राष्ट्र के विकास में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दीप्ति यादव, प्रियंका, गुंजन, कोमल, अपूर्व राज एवं भोले तिवारी इत्यादि स्वयंसेवकों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में पूर्व में आयोजित महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेताओं का नाम घोषित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान-अंजुम, द्वितीय स्थान-प्रियंका और तृतीय स्थान पर शिव ओम शर्मा रहे। एनएसएस प्रभारी ने सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह पर सभी आगंतुकों, सम्मानित शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

# होली त्यौहार पर प्रतिबंधित रहेंगे भड़काऊ गाने: जेपी शर्मा

- प्रभारी निरीक्षक ने डीजे संचालकों की बैठक में दिए निर्देश

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**आदर्श चुनाव** आचार संहिता के चलते समस्त डीजे संचालक होली त्यौहार पर सुबह से 02 बजे तक ही डीजे बजाएंगे। जिसमें राजनीतिक एवं भड़काऊ गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिसका उल्लंघन करने पर संबंधित डीजे संचालक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

यह निर्देश गुरुवार को रंगों के पर्व होली त्यौहार से पूर्व कोतवाली परिसर में आयोजित डीजे संचालकों की बैठक लेते हुये प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने कही। इससे पूर्व कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह, चंद्रभान सिंह, नीरज शर्मा आदि ने डीजे संचालकों को नोटिस रिसीव कराई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि डीजे संचालक अराजक तत्वों द्वारा राजनीतिक एवं भड़काऊ गाने बजाने का दबाव बनाने वाले लोगों की सूचना पुलिस को दें। जिससे समय रहते सबक सिखाया जा सके। इस दौरान महिला उप निरीक्षक नीलम सिंह, उपनिरीक्षक विनय शर्मा, कांस्टेबल अमन कुमार सिंह, गजेंद्र सिंह, कौशल कुमार सहित कोतवाली क्षेत्र के समस्त डीजे संचालक मौजूद रहे।



डीजे संचालकों की बैठक लेते कोतवाल जेपी शर्मा

### संदिग्ध कारणों से विवाहिता ने लगाई फांसी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नन्हेपुर में संदिग्ध परिस्थितियों मे विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटकता देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई। इधर विवाहिता के मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गये। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनो पर आरोप लगाया। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम नन्हेपुर निवासी अरविंद की पत्नी मधु उम्र 33 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में गले में फांसी का फन्दा डालकर आत्महत्या कर ली, घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और विवाहिता के मायके पक्ष के लोग पहुंच गये। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर पुत्री की हत्या कर शव फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाया।

**बैठक** | राजनीतिक दल व प्रत्याशियों द्वारा कोई भी चुनावी सामग्री मुद्रित कराई जाती है तो उसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को अवश्य दें

# प्रिटिंग प्रेस, मुद्रक व प्रकाशक चुनाव आयोग की गाइड लाइन का करें पालन: उप जिला निर्वाचन अधिकारी

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले के सभी प्रिटिंग प्रेस मुद्रकों व प्रकाशकों के साथ हुई बैठक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेउट के गांधी सभागार में जिले के सभी प्रिटिंग प्रेस मुद्रकों व प्रकाशकों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार ने जिले के प्रिटिंग प्रेस के सभी प्रकाशक एवं मुद्रकों से कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइड लाइन का कड़ाई से अनुपालन किया जाए, यदि किसी भी राजनीतिक दल व प्रत्याशियों द्वारा कोई भी चुनावी सामग्री मुद्रित कराई जाती है तो उसकी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को अवश्य दी जाए। उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के संदर्भ में जारी दिशा निर्देशों के क्रम में यदि राजनीतिक दलों अथवा प्रत्याशियों द्वारा किसी भी प्रिन्टिग प्रेस में चुनाव संबंधी सामग्री जिसमें पुस्तिकाएं, पोस्टर व पंपलेट आदि प्रकाशित कराई जाती हैं, तो उस पर होने वाले व्यय के संबंध में पूरी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करेंगे और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का अनुपालन करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि धारा 127 क (1) के अंतर्गत किसी भी निर्वाचन पैम्पलेट या पोस्टर या प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी अन्य सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम, पता, प्रतियों की संख्या स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा। इसी प्रकार धारा 127 क (2) के अंतर्गत मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिनों के अंदर मुद्रित प्रतियां एवं प्रकाशक द्वारा घोषणा पत्र भी प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 127 (क) के प्रावधानों तथा आयोग के आदेशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा। साथ ही संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करते हुए प्रिटिंग प्रेस का लाइसेंस जब्त किया जा सकता है और 6 महीने का कारावास अथवा जुर्माना जिसे 2 हजार तक बढ़ाया जा सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार समेत प्रिटिंग प्रेस के मुद्रक व प्रकाशक मौजूद रहे।



# जमीनी रंजिश में हत्या करने के मामले में सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास

- जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों ने जबाबी मुकदमे दर्ज करवाये थे
- 22 लोगों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया
- दलित पक्ष को साक्ष्य के अभाव में किया गया दोषमुक्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जमीनी रंजिश** में दलित की हत्या करने के मामले में अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने अभियुक्त संतोष मिश्रा, बबलू मिश्रा पुत्रगण रामगोपाल, नन्हें पुत्र खुशीराम मिश्रा, अजीत पुत्र चन्द्रभान मिश्रा, हरिओम, सुशील पुत्रगण मुकुन्दराम मिश्रा, रामदुलारे पुत्र विशुन दयाल मिश्रा निवासीगण कुसुमापुर थाना राजेपुर को दोषी करार देते आजीवन कारावास से दण्डित किया।

विगत 15 वर्ष पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम कुसुमापुर निवासी विपिन कुमार पुत्र स्व0 बालकिशन ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि 7 अक्टूबर 2009 को मेरे पिता बालकिशन व चाचा रामकिशन व वीरेश, अरुणेश गंगा के किनारे पड़ी कटरी की जमीन को जोतने की लिए सुबह करीब 8 बजे अपने ट्रैक्टर से गए थे। लगभग 8: 30 बजे गांव से 1 किमी दूर जिस खेत को जोतने के लिए पहुंचे तो वहां पर पहले से घात लगाए लगाए बैठे अशोक कुमार, बबलू, संतोष, सुरेंद्र उर्फ दरोगा, नन्हे, रामस्नेही, रामदुलारे, अजीत, रामकिशोर, अवधकिशोर, अमरनाथ जो की मेरे गांव के ही धर्मेंद्र, बनवारी निवासी वली पट्टी अमृतपुर सभी लोग एकरॉय होकर लाठी डंडा व कुल्हाड़ी, बंदूक, लाइसेंसी 12 बोर, रायपाल देशी 315 बोर से लैस होकर मेरे व मेरे चाचा, पिता को भद्दी-भद्दी गाली गलौज करते हुए कहा कि यहां खेत कैसे जोतने आया। मेरे पिता के विरोध करने पर उक्त सभी लोगों ने जान से मारने की नियत से अवैध हथियारों से हमला कर दिया। मेरे चाचा रामकिशन, पिता बालकिशन घयाल हो गए जिसमे और भी लोग घयाल हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर गांव के अन्य लोग आ गए थे। उक्त लोग घटनास्थल से भाग गए थे। पिता बालकिशन की मौत हो गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 323,149, 307, 302 व दलित उत्पीड़न के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक तत्कालीन क्षेत्राधिकारी योगेश प्रसाद गौतम ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचरण के समय चन्द्रभान की मृत्यु हो गयी थी। अभियोजन ने कुल 11 साक्षी को प्रस्तुत किया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अशोक कटियार, अनुजप्रताप सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने संतोष, बबलू, नन्हे, अजीत, हरिओम, सुशील, रामदुलारे दोषी करार देते हुए आजीवन करावास से दण्डित किया। अजीत को 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। संतोष, बबलू, नन्हे, हरिओम, रामदुलारे, सुशील सभी लोगों को 45 हजार 45 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। साक्ष्य के अभाव सुरेंद्र, रामस्नेही, रामकिशोर, अवधकिशोर, धर्मेंद्र उर्फ धनीराम, बनवारीलाल को दोष मुक्त कर दिया।



सजा सुनाने के बाद जेल जाते अभियुक्त समृद्धि न्यूज

# पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ किया रुटमार्च

कायगमंज/राजेपुर, समृद्धि न्यूज

**आगामी लोकसभा** सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने नगर में रुटमार्च किया।

जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के मद्देनजर कायगमंज कोतवाल अवतार सिंह ने पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के साथ एरिया डोमिनेशन के तहत रुटमार्च/फुट पेट्रोलिंग कर आम जनता को सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस ने कहा कि चुनाव में किसी पार्टी के प्रलोभन व दबाव में न आयें और खुलकर मतदान करें। पुलिस आपके साथ है। इसी क्रम में राजेपुर में भी पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ कस्बे में रुटमार्च/फुट पेट्रोलिंग कर आम जनता को सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस ने कहा कि लोकसभा चुनाव व होली का पर्व सर पर है। इसलिए आप लोग मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग दें। साथ ही होली पर शराब आदि पीकर हुड़दंग न करें। इससे मार्ग दुर्घटनाओं की सम्भावना बनी रहती है। त्यौहार का आनन्द लें, न कि किसी का त्यौहार खराब करें। त्यौहार हमें आपस में जीना सिखाते हैं। इसलिए हमें त्यौहारों से सीख लेनी चाहिए और आपस में मिलजुलकर त्यौहारों को पूरे हर्षोल्लास से मनाना चाहिए।




राजेपुर में रुटमार्च करते थानाध्यक्ष व अर्द्धसैनिक बल

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कई दुकानों पर मारे छापे, भरे सैंपल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**होली के** पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने नगर में कई दुकानों पर छापा मारकर सैंपल एकत्र किये। छापे की भनक लगते ही मिलावटखोर अपनी-अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गये।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कस्बे के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने बबना रोड निवासी रविंद्र कुमार की दुकान से लेसी पोला का सैंपल लिया। वहीं दिनेश कुमार की दुकान से बेसन का सैंपल लिया। अजय कुमार की दुकान से मल्टी सोर्स मिल के सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापेमारी से कस्बे की अधिकांश दुकानें बंद हो गयीं।

वहीं बबना रोड पर छेना की बिक्री हो रही थी। यह देख खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम वहां भी रुक गई और बाहर लगे टेबिल पर छेने देखकर गोदाम की जानकारी की, तो खाद्य सुरक्षा टीम अंदर गोदाम में पहुंची। वहां देखा कि काफी संख्या में वहां छेना भरा हुआ था। जिस पर दुकानदार से जानकारी की गई, तो उसने पहले अपना नाम विपिन कुमार बताया। कई बार पूछताछ करने पर दुकानदार अपना नाम सही से नहीं बता रहा था। दोबारा मैं उसने विपिन कुमार पुत्र कल्याण सिंह के नाम का आधार कार्ड दिया। वहीं आजाद उर्फ लंबू भी अपना नाम उसने बताया, लेकिन जानकारी करने पर पता चला की यह दुकान के कारीगर हैं। दुकान किसी और की है, लेकिन खाद्य सुरक्षा अधिकारी 6 डिब्बों में छेना का नमूना लेकर चले गए। खाद्य सुरक्षा टीम में विमल कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अरुण कुमार मिश्रा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आशीष वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, डॉक्टर शैलेंद्र रावत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।



छेने का नमूना लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी समृद्धि न्यूज

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दावत खाने आये बाइक सवार की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गयी। जबकि उसका साथी घायल हो गया। उसे उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम नगला हरजू निवासी 55 वर्षीय जय सिंह राजपूत अपने गाँव के ही रामपाल के साथ मोहल्ला बजरिया में बरसी खाने आये थे। थाना मऊदरवाजा के ग्राम अर्रापहाड़पुर के निकट गायत्री स्कूल के पास आलू भरे ट्रैक्टर की टक्कर से दोनों बाइक सवार घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया।

जहां चिकित्सक ने जय सिंह को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि उसके साथी रामपाल की हालत नाजुक होने पर उसे रेफर कर दिया गया। मृतक जय सिंह की पत्नी जलेबश्री का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो पुत्र व तीन पुत्री हैं।



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

# खबरें चलते-चलते

## गैर इरादतन हत्या के मामले में एक युवक पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज प्रथम विष्णु चन्द्र वैश्य ने गैर इरातदन हत्या के मामले में शंकरलाल पुत्र बच्चूलाल जाटव निवासी रोशनाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 28 मार्च की तिथि नियत की गयी है। जानकारी के अनुसार बीते 28 वर्षो पूर्व रणवीर पुत्र गंगाराम निवासी धीयरपुर मिर्जापुर शहजहाँपुर शमशाबाद ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैं व मेरा भाई ओमकार, ओमपाल, हाकिम गंगा जी की पूजा करने ढाईघाट आये थे। पूजा समाप्त होने के बाद मेरा भाई हाकिम अपने रिश्तेदार विश्राम रोशनाबाद निवासी के घर जाने की बात कहकर चला गया। शाम 6 बजे जौहरी, रामनरेश, शंकर, लालाराम मेरे भाई को घुमाने के बास्ते ले गए थे और मेरे भाई हाकिम की हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने गैर इरादतन हत्या के मामले में शंकर, लालाराम के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दखिल कर दिया। 319 के तहत जौहरी, रामनरेश को न्यायालय ने तलब कर लिया। मुकदमा विचारण के समय जौहरी, रामनरेश की मृत्यु हो गयी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने शंकरलाल को दोषी करार देते सजा के बिंन्दू पर सुनवाई के लिए 28 मार्च की तिथि नियत की है। साक्ष्य के आभाव से लालाराम को दोष मुक्त कर दिया गया।

## पाक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त को सात वर्ष का कारावास, 45 हजार का अर्थदण्ड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को एक्ट के मामले में अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अभियुक्त गोपू उर्फ अनिल पुत्र रामकिशोर निवासी भाऊपुर चौरासी राजेपुर को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारवास व 45 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। विगत 8 वर्ष पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि 2 मई 2016 मैं अपने पुत्र और भाई के साथ खेत में भूसा भरने के लिये गया था। घर मे मेरी मां, मेरी भाई की पत्नी, मेरी 14 वर्षीय बेटी घर में थी। गांव के ही रामकिशोर का पुत्र गोपू और उसके साथी मेरी पुत्री को सोते समय उठा ले गया। मुझे परिजनों ने घटना की बारे में बताया। पुलिस ने अनिल के घर से किशोरी को बरामद कर लिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायधीश सुमित प्रेमी ने गोपू उर्फअनिल को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व 45 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## दवा लेने गये छात्र की सीएचसी से साइकिल चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बीते दिनों से लगातार साइकिल चोरी की घटनाएं घट रही हैं। बताते चलें कि दो दिन पूर्व भी एक व्यक्ति की साइकिल चोरी कर ली गई थी। गुरुवार को विकास खंड क्षेत्र के ग्राम ज्योना निवासी छात्र गौरव पुत्र अर्जुन सिंह जो कि कस्बा नवाबगंज के बरतल में शहीद डीपीएस स्कूल का छात्र है। वह बुखार आने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने गया था। साइकिल खड़ी कर वह अंदर दवा लेने चला गया। जब वह दवा लेकर लौटा, तो उसकी साइकिल गायब थी। जिस पर छात्र रोता हुआ पुलिस के पास पहुंचा, लेकिन पुलिस ने उसकी नहीं सुनी।

## किशोरी को भगा ले गया युवक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम नगला झब्बूसिंह निवासी युवक ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया 21 मार्च को प्राप्त 9.00 बजे मेरी भांजी उम्र 16 वर्ष को मेरे ही पड़ोस के अशोक कुमार एवं उसकी पत्नी के सहयोग से उनका साला अजय कुमार बाजार करने के बहाने से बुला ले गया। जब मेरी भांजी वापस नहीं आई, तो खोजबीन की, लेकिन उसका कोई अतापता नहीं चला। वह मेरी भांजी को कहीं भाग ले गया है। अशोक कुमार का साला अजय बंजारा है जो कि ग्राम कशेर थाना नामालूम जनपद अलीगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# दिव्यांग युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने का किया प्रयास

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**कोतवाली** क्षेत्र के गांव औजन नगला निवासी राधेश्याम के 28 वर्षीय पुत्र कश्मीर राजपूत ने संदिग्ध अवस्था में बेरी के पेड़ पर अंगोछे से फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कश्मीर के भाई 16 बीघा जमीन को लेकर उससे व उसकी पत्नी से मारपीट करते हैं। दोनों दंपति दिव्यांग हैं। इसी का फायदा उसके भाई उठा लेते है और अपने बड़ भाई कश्मीर के साथ मारपीट करते हैं। दिव्याग कश्मीर मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। कश्मीर के साले राजू राजपूत निवासी नई बस्ती कायमगंज ने बताया कि परिवार में आए दिन झगड़ा और मारपीट होती है। मेरी बहन को उनके दोनों भाई मुकेश व वीरपाल आए दिन मारते पीटते हैं और घर का खर्च चलाने के लिए खेतों से कुछ भी नहीं देते हैं। कश्मीर की पत्नी शारदा ने बताया कि उसकी शादी 5 साल पहले कोर्ट मैरिज के द्वारा हुई थी। आज उसके पति कश्मीर गाय बांधने के बहाने से घर के बाहर गए और बेरी के पेड़ पर अंगोछे से फांसी लगाने का प्रयास किया। गाय बांधने गया कश्मीर का छोटा भाई वीरपाल जब वहां पहुंचा, तो उसने देखा कि उसका बड़ा भाई फांसी पर लटका हुआ है। तत्काल उसे फांसी के फंदे से उतारकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया है।

# सीएमओ को सीएचसी के निरीक्षण में चार कर्मचारी मिले गायब

- जतायी नाराजगी, प्रसूता की देखरेख न करने पर जतायी नाराजगी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**सी0एम0ओ0 ने** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचसी में कई खामियां मिलीं तथा चार कर्मचारी गायब मिले। जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जाहिर की। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवनींद्र कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां तैनात चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा नहीं मिले। कई बार चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 गौरव राजपूत से जानकारी करते रहे, लेकिन चिकित्सा अधीक्षक नहीं आए। बार-बार जानकारी करने पर गौरव राजपूत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बताते रहे कि वह लंच करने गए हैं। लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक सीएमओ निरीक्षण करते रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लेबर रूम तथा एएनएम कक्ष का भी निरीक्षण किया। जिसमें मौजूद दीपमाला राजपूत की डिलीवरी होने के बाद उसके ऊपर ना तो चादर डाली गयी और ना ही उसकी कोई देखरेख की गयी। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नाराजगी जताई। वहीं निरीक्षण के दौरान ही एक्सरे रूम में ताला पड़ा देख मुख्य चिकित्सा अधिकारी झल्ला गये और उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए डॉक्टर गौरव राजपूत से एक्सरे रूम में तैनात डॉक्टर निमेष के बारे में भी जानकारी की, तो पता चला डॉक्टर निमेष ऊपर कक्ष में एएनएम की बैठक ले रहे हैं। वहीं अधीक्षक कक्ष तथा एक्सरे रूम के बाहर आचार संहिता उल्लंघन करने का मोदी योगी युक्त पोस्टर लगा था। जिस पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए वार्ड बॉय राहुल को खरी खोटी सुनाई तथा आचार संहिता उल्लंघन की बात बताते हुए भविष्य में दोबारा गलती करने पर कार्रवाई करने की बात कही। निष्प्रयोज्य स्टोर रूम में पड़े फर्नीचर के भी मूल्यांकन कराकर उसको बेचकर सरकारी खाते में पैसा जमा करने की बात डॉक्टर गौरव राजपूत से कही। एएनएम कक्ष में जाकर मीटिंग के दौरान उनसे दस्त रोग तथा संचारी रोग के बारे में भी जानकारी की। बताया गया कि संचारी रोग साल में तीन बार चलाया जाता है। अन्य रोगों के बारे में भी जानकारियां दी गई। सीएमओ को जानकारी दी गयी कि 11 विभाग संचारी रोग को देखते हैं। जिसमें ग्राम प्रधान, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग सहित 11 विभाग सम्मिलित किए जाते हैं। जिसमें स्वास्थ्य विभाग को नोडल नियुक्त किया जाता है। ग्राम प्रधान को भी नियुक्त किया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी लोगों को सचेत करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग हर समय अलर्ट मोड पर रहना चाहिए, क्योंकि चुनाव तथा होली का त्यौहार सर पर है। इसलिए सभी की छुट्टी निरस्त की जाती है। कोई भी किसी को छुट्टी नहीं दी जाएगी और हर समय ड्यूटी अपने-अपने स्वास्थ्य केंदों पर सभी कर्मचारी करें।



दवाओं का निरीक्षण करते सीएमओ समृद्धि न्यूज

# बने व अधबने तमंचों सहित पिता-पुत्र गिरफ्तार

- चुनाव के दौरान बेचने की कर रहे थे तैयारी
- एसपी ने टीम को 25 हजार देने की घोषणा की

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस ने** लोकसभा चुनाव में बेचने के लिए अवैध शस्त्र बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एसओजी टीम के सहयोग से 39 बने व अधबने तमंचा व राइफल कारतूस सहित पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में बीती रात अवैध शस्त्रों को बनाए जाने की जानकारी मिलने पर मऊदरवाजा थानाध्यक्ष अमित गंगवार एवं एसओजी प्रभारी जितेंद्र पटेल की टीम ने छापा मारा। पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाते समय ग्राम कुइयांबूट निवासी सरदार मजहब सिंह एवं उसके बेटे इंद्रजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को मौके पर 315 बोर के19 तमंचे, 315 बोर की दो अधिया, 315 बोर की राइफल, 12 बोर के दो तमंचे, 32 बोर का तमंचा कारतूस, 14 अधबने तमंचे एवं एक भट्टी, लोहे की राड, बेल्डिंग की छड़ी, लकड़ी के गुटके, कोयला, लोहे के पाइप आदि सामान बरामद हुआ है। गिरफ्तार पिता-पुत्रों ने पुलिस को बताया की चुनाव के समय तमंचों की मुंह मांगे दामों पर बिक्री होती है। इसीलिए हम लोग तमंचे, अधिया, राइफल, बंदूक बना रहे थे। अभियुक्त इंद्रजीत पर दो मुकदमे तथा अभियुक्त सरदार मजहब सिंह पर आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं। बताते चलें कि उपरोक्त अभियुक्त कई बार तमंचा बनाने में जेल जा चुके हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शस्त्र फैक्ट्री पकड़ने वाली टीम की सराहना की और 25000 रुपये का ईनाम देने की घोषणा की।



घटना का पर्दाफाश करते पुलिस अधीक्षक

निरीक्षण — बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में की जानकारी

# डीजे, सीजेएम, डीएम तथा एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

- जेल में बने हर्बल रंगों को खरीदा, बेकरी में बन रहे बिस्कुटों का लिया स्वाद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला कारागार** फतेहगढ़ का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण विनय कुमार जिला जज, डॉ0 वी0के0 सिंह जिलाधिकारी, विकास कुमार पुलिस अधीक्षक और घनश्याम शुक्ल सीजेएम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जेल अस्पताल का निरीक्षण किया अन्य बैरकों का भी निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं, चिकित्सा, भोजन के बारे में जानकारी की। किसी भी बंदी द्वारा किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की गई। सभी निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा जेल में बने प्राकृतिक हर्बल जेल गुलाल के बारे में जानकारी की गई। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि जेल गुलाल को मुख्य रूप से चावल के आटे से तैयार किया गया है। जिसमें पीले रंग के लिए कच्ची हल्दी और गेंदा के फूल का प्रयोग किया गया है। पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों से हरा रंग लिया गया है। लाल, केशरिया और भगवा कलर के लिए चुकंदर का प्रयोग किया गया है। जेल अधीक्षक द्वारा जेल बेकरी में बन रहे ताजा-ताजा बिस्कुटों को भी दिखाया। जिला जज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और सीजेएम ने बिस्कुटों का स्वयं खाकर चेक किया। बिस्कुटों की क्वालिटी की तारीफ की। जेल में श्रम करने वाले बंदियों को 4,81,000.00 के पारिश्रमिक चेक वितरित किए। जिसमें अधिकतम पारिश्रमिक राशि 66500.00 का चेक बंदी मंदीप को दिया। बंदी जेल उत्पाद केंद्र पर बिक रहे जेल गुलाल को देखा और जेल गुलाल की खरीदारी भी की। महिला बैरक में महिला बंदियों का भी हालचाल जाना। महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को टॉफी बिस्कुट वितरित किए। महिला बंदियों को हाइजिन किट वितरित की गई। सभी अधिकारीगणों द्वारा जेल की सफाई, भोजन, कौशल विकास, प्रशानिक व्यवस्था की प्रशंसा की गई। निरीक्षण के दौरान जेलर अखिलेश कुमार, उपकारापाल अवनीश कुमार, वैभव कुशवाह, मुकेश गौड़, सरोज देवी, कृष्ण कुमारी आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



जेल में बनाये गये हर्बल रंगों को खरीदते अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

# सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड व मजदूर सभा की जिला कमेटी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आवास विकास** स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इजहार खान एवं मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष आशीष शर्मा ने जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की मौजूदगी में अपनी-अपनी कमेटियां घोषित की। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने दोनों ही कमेटियों के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह समय घर पर बैठने का नहीं है, बल्कि अपने आपको पूरी तरह इस चुनाव में झोंक देने का है। उन्होंने कहा अगर हम समाजवादी पार्टी का प्रचार जन-जन तक पहुंचाने में कामयाब रहे तो यकीन मानिए कि भारतीय जनता पार्टी के कई बूथ पर वोट नहीं पड़ेंगे। इस मौके पर समीर यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, शशांक सक्सेना, बेंचेलाल यादव, विवेक यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद खान आदि लोग मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि दोनों ही कमेटियों लखनऊ से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्षों द्वारा अनुमोदित होकर आई हैं। इस मौके पर सभी लोगों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष इजहार खान ने अपनी कमेटी में उपाध्यक्ष हर्षवर्धन कटियार, प्रखर मिश्रा को बनाया है। जिला महासचिव गौरव उर्फ आजाद बने। कोषाध्यक्ष सोनू यादव, जिला सचिव की जिम्मेदारी विजय शाक्य, मुर्तजा खां, पुष्पेन्द्र पाल, सैय्यद सानू खान, अभय लोधी, इमरान खान, अरीब खान, कुलदीप यादव, तालिब खान, हैप्पी कुमार, धर्मेन्द्र कुमार बनाये गये है। सदस्य मनीष कुमार, पुष्पेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र गौतम, लाडले खां, नरेन्द्र कुमार, विजेन्द्र कुमार, कन्हैया राजपूत, मोहम्मद असलीम, मिर्जा शादाब, हिफजुल रहमान, फहीम खां बनाये गये है। कायमगंज विधानसभा अध्यक्ष पिन्टू कश्यप, अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष अनूप कुमार जाटव, सदर विधानसभा अध्यक्ष तौसीफ खान, भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष शैलेन्द्र शाक्य बने। शमशाबाद नगर अध्यक्ष कुद्दूश खां, कायमगंज नगर अध्यक्ष इफ्तखार हुसैन, कम्पिल नगर अध्यक्ष अभय शाक्य, मोहम्मदाबाद नगर अध्यक्ष शिवम कुमार, कमालगंज नगर अध्यक्ष रीतेश यादव, खिमसेपुर नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार, नवाबगंज नगर अध्यक्ष अमित यादव, संकिसा नगर अध्यक्ष सचिन शाक्य बनाये गये है।



मनोनयन पत्र वितरित करते जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

# सपा प्रत्याशी ने अर्रा आवाजपुर पहुंचकर किया जन सम्पर्क



जन सम्पर्क करते सपा नेता — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** के लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल, सुरेन्द्र सिंह गौर, इलियास मंसूरी, साजिद अली के साथ सदर क्षेत्र के ग्राम अर्रा आवाजपुर में जन सम्पर्क किया। प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने समर्थकों के साथ अर्राआवाजपुर पहुंचकर आशीर्वाद लिया और पार्टी का प्रचार-प्रसार किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान, डा0 नवरंग यादव, चन्द्रेश राजपूत, मुख्त्यार आलम, अखिल कठेरिया, रमेश यादव आदि लोगों ने जन सम्पर्क किया।

## खबरें एक नजर में

### वर्चुअल बैठक में भाग न लेने वाले जिला संगठन आयुक्त को हटाने का दिया निर्देश



वर्चुअल बैठक में भाग लेते योगेश कुमार — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रादेशिक कार्यालय लखनऊ भारत स्काउट गाइड से प्रदेशिक मुख्यायुक्त डॉ0 प्रभात कुमार ने ऑनलाइन वर्चुअल मेट के माध्यम से सभी जनपदों के जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड और आईटी समन्वयक से ऑनलाइन जूम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बैठक ली। बैठक में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, आज़मगढ़, अमेठी, बस्ती, मऊ, फर्रुखाबाद आदि जिलों के जिला संगठन आयुक्त ऑनलाइन बैठक में नहीं जुड़े। जनपद मऊ के जिला संगठन आयुक्त को तत्काल में पत्र लिखकर उनको जिला संगठन आयुक्त से हटाने का निर्देश दिया गया। जनपद से ऑनलाइन वर्चुअल मीट में योगेश कुमार आईटी समन्वयक और कानपुर मंडल सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त प्रज्ञा सिंह, जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा व जिला सचिव डॉ0 महेश चंद्र राजपूत के निर्देश के साथ बैठक में शामिल हुए और जनपद की पंजीकृत ग्रुप का विवरण प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ0 प्रभात कुमार को अवगत कराया गया। उसके साथ सभी जनपदों को निर्देश दिए गए। 31 मार्च तक 100 प्रतिशत ऑनलाइन डेटा फीड हो जाए। 22 मार्च को शाम 5 बजे प्रदेशिक मुख्य आयुक्त के द्वारा बैठक ली जाएगी। सभी जनपद के जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड को निर्देश दिए गए कि बैठक में शामिल नहीं हुए उनको जिला संगठन आयुक्त पद से हटा दिया जाएगा।

### थानाध्यक्ष ने शांति पूर्ण ढंग से त्यौहार व चुनाव सम्पन्न कराने की अपील



कमेटी की बैठक लेते थानाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

- संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थानाध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी ने होली के त्यौहार के मध्य नजर रखते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों के साथ बैठक कर जानकारी ली। होली को लेकर थाना क्षेत्र में कहीं किसी प्रकार का कोई विवाद तो नहीं है, यदि कोई विवाद है तो पहले से ही उसका समाधान किया जाए। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली शांति और सौहार्द का त्यौहार है, हम सभी को इस त्यौहार को मिलजुल कर मानना चाहिए। किसी के बीच अगर कोई मनमुटाव चल रहा है तो होली के दिन एक दूसरे के गले मिलकर उसे मनमुटाव को खत्म कर देना चाहिए। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली के त्योहार पर यदि कोई अराजकतत्व अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हमारे थाना क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों को बिल्कुल ही बक्सा नहीं जाएगा। इस मौके पर फखरपुर प्रधान शिव दत्त तिवारी, फौजी नीरज अवस्थी, मण्डल महामंत्री भाजपा प्रधान पिथनापुर अभय सिंह, प्रधान करनपुर राजकुमार, प्रधान धर्म सिंह, प्रधान प्रवीण कुमार आदि अन्य प्रधान व बीडीसी, संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सीपीआई में मनाया गया ग्रेजुएशन-डे, फूलों की खेली गई होली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सी0पी0 इंटरनेशनल** स्कूल में ग्रेजुएशन-डे और होली का उत्सव के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रचलन करके किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अभिभावकों ने राधा कृष्ण के रूप में सुसज्जित छात्रों के ऊपर पुष्प वर्षा कर होली का उत्सव का आनंद लिया तथा नन्हे मुन्ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

निर्देशिका डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने बताया कि सभी अभिभावकों को अपनी व्यस्तता से प्रतिदिन कम से कम 1 से 2 घंटे समय निकालकर अपने बच्चों के पास बैठना चाहिए, उनसे बात करनी चाहिए तथा उनके पाठ्यक्रम पर ध्यान देना चाहिए। माना कि समय का अभाव है, लेकिन अभिभावक का कुछ समय ही बच्चों के लिए नई ऊर्जा भरने का काम करता है। छात्रों को स्कूल तथा अपने घर से बाहर की समस्त समस्याओं को बताने का अवसर मिलता है। उपनिदेशिका अंजू राज बताया कि सीपी इंटरनेशनल स्कूल छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का विकास करता है।

सीपी विद्या निकेतन कायमगंज प्रधानाचार्य योगेश तिवारी ने बताया की सीपी विद्यालय समूह में अन्य विद्यालयों की अपेक्षा बहुत कम शुल्क में अत्यधिक सुविधा दी जा रही हैं। आरसी त्रिपाठी ने बताया कि मैं सीपी इंटरनेशनल स्कूल की व्यवस्थाओं को देख कर अति प्रसन्न हूं। विद्यालय के कार्यक्रम देख कर पता चलता है कि निश्चित रूप से यह छात्र भविष्य में और अपने देश का नाम रोशन करने में सफल होंगे। प्रधानाचार्य डॉ विनोद चंद्र शर्मा ने बताया कि मेरा प्रयास है हर छात्र अपने लेबल पर विकास ओर अग्रसर रहे।



प्रमाण पत्र प्राप्त करते बच्चे — समृद्धि न्यूज

### लोहिया जयंती मनाने को अनुराग यादव बने प्रभारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 23 मार्च को डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाने के लिए जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव ने लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव को प्रभारी नियुक्त किया है। अनुराग यादव आवास विकास स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया के पूरे प्रांगण को धुलवाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर उसे तैयार रखें। साथ ही साथ उनसे अपेक्षा की है कि भारी संख्या में लोगों को बुलाकर समाजवादी पार्टी के प्रेरणा स्रोत डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाये। जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार डॉक्टर लोहिया की 114वीं जयंती पर खासकर युवा पीढ़ी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को बुलाकर डॉक्टर लोहिया के सिद्धांतों एवं उनकी नीतियों की जिला स्तर पर गोष्ठी की जाएगी।

# आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल उछाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आलू मण्डी** सातनपुर में भाव में लगातार उछाल जारी है। गुरुवार को 1351 रुपये से लेकर 1751 कुंटल तक आलू बिका। आलू की आमद लगभग 35 मोटर रही। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि गुरुवार को आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल का उछाल रहा। सामान्य आलू पुखराज ख्याती आलू 1351 से 1551 रुपये कुंटल बिका। 3797, चिप्सोना, हाईलैंड, सुपर छट्टा आलू 1521 रुपये से 1751 रुपये तक बिकवाली हुई। बिकवाली ठीक ठाक होने के कारण किसानों की होली अच्छी बनेगी। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आलू के भाव में पहले से ही उछाल आ गया। जिस कारण किसानों के चेहरे खिल उठे।



मण्डी में आलू की तुलाई करते पल्लेदार — समृद्धि न्यूज

अभी भी ज्यादातर खेतों में आलू की खुदाई जारी है। पिछैती आलू की फसल तैयार खड़ी है। जिसकी खुदाई शुरु हो गयी है। मण्डी में किसानों को अच्छा भाव मिलने के चलते मुनाफा ठीक-ठाक हो रहा है। आलू आढ़तियों के चेहरे खिले हुए है। जबकि फुटकर आलू 18 से 22 रुपये किलों बिक रहा है।

# सदर व भोजपुर चुनाव संचालन समिति के मण्डल अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गुरुवार को** आवास विकास स्थित भाजपा के लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय जेपी पैलेस में सदर विधानसभा एवं भोजपुर विधानसभा की विधानसभा संचालन समिति मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों मंडल समिति एवं मंडल प्रवासियों की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने की। भाजपा प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत ने कहा प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर केंद्र सरकार के लाभार्थियों तक पहुंचे उन लाभार्थियों से संपर्क करके पार्टी के लिए समर्थन देने के लिए निवेदन करें। लोकसभा चुनाव संयोजक दिनेश कटियार ने कहा लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा में भी चुनाव संचालन समिति बनाई गई है। यह चुनाव संचालन समिति लोकसभा चुनाव के लिए विधानसभा स्तर पर कार्य करेगी। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा 13 मई को जनपद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। सभी कार्यकर्ताओं की कोशिश होनी चाहिए कि प्रत्येक नव मतदाता तक पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचे और पार्टी की विचारधारा को उन तक पहुंचाने का कार्य करें। इस अवसर पर मिथिलेश अग्रवाल, आदित्य मिश्रा, कुलदीप गंगवार, अमर सिंह खटीक, राजकुमार वर्मा, विकास पांडे, रामवीर सिंह चौहान, शेर सिंह शाक्य, अमित पाल, चित्रा अग्निहोत्री, हिना दवे, शिवांग रस्तोगी, संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन डीएस राठौर ने किया।



बैठक को सम्बोधित करते दिनेश कटियार — समृद्धि न्यूज

# श्रीराम विविध कला केंद्र की बैठक में अशोक वर्मा बने अध्यक्ष

- कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी आनन्द प्रकाश गुप्ता मुन्ना को मिली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**श्रीराम विविध** कला केंद्र की बैठक रेलवे रोड स्थित एक सभागार में सम्पन्न हुई। राम नवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर तैयारी बैठक हुई। बैठक में संस्था का अध्यक्ष अशोक वर्मा को मनोनित किया गया। मंत्री दीपक मिश्रा को बनाया गया। कला केंद्र का कार्यकारी अध्यक्ष आनन्द प्रकाश गुप्ता मुन्ना को बनाया गया। विविध कला केंद्र के संस्थापक विजय दुबे मटर लाल ने राम नवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाले जाने को लेकर विचार रखे। बैठक में तय किया गया शाम 5 बजे रेलवे रोड सरस्वती भवन से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्ग पर निकाली जायेगी। बैठक में किशन कन्हैया सक्सेना, अखिलेश द्विवेदी, गोपाल मिश्रा, अशोक वर्मा, नारायन दुबे, गुड्डू शुक्ला, रामजी दीक्षित, आशीष मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



श्रीराम विविध कला केंद्र की बैठक में मौजूद लोग

# ईओ ने नियति ग्राफिक्स को अग्रिम वसूली की शिकायत पर भेजा नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने गंगा नगर निवासी होर्डिंग, बैनर के ठेकेदार नियति ग्राफिक्स के नोटिस भेजकर आगामी वर्ष 2024 व 25 के लिए विज्ञापन वसूली किये जाने हेतु 31 मार्च 2024 तक का ही शुल्क जमा कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी के आदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 कार्य का समय 31 मार्च को पूर्ण हो रहा है। 2024 व 25 के विज्ञापन होर्डिंग, बैनर आदि की वसूली किये जाने हेतु विज्ञापन शुल्क 31 मार्च के बाद तक का वसूला जा रहा है। विज्ञापनदाताओं को अनावश्यक दबाव बनाये जाने की कई शिकायतें प्राप्त पालिका को हुई है। इसलिए नोटिस भेजकर जानकारी दी जा रही है कि 31 मार्च तक का ही शुल्क वसूला जाये। विज्ञापन शुल्क वसूली आगे तक की गई तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**कार्यक्रम** — स्वीप अन्तर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

# स्कूटी रैली को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लोकसभा सामान्य** निर्वाचन की निर्वाचन तिथि 13 मई को दृष्टिगत रखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अध्यापिकाओं के माध्यम से स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न विकास क्षेत्र से लगभग 250 अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया। रैली जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देशन में फतेहगढ़ स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम से निकाली गई। रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली फतेहगढ़ के मुख्य मार्गो से होती हुई भोलेपुर, आवास विकास, बढ़पुर एवं लाल गेट तिराहा से वापस फतेहगढ़ स्टेडियम पर सम्पन्न हुई। रैली के समापन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई। रैली के माध्यम से विशेष कर महिला मतदाताओं और अन्य सभी मतदाताओं को जागरूक किया गया। रैली में कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा और वैभव सोमवंशी ने जनजागरुकता संबंधी नारे 13 मई नोट करो, वोट करो वोट करो। 13 मई रखना याद वोट करेगा फर्रुखाबाद, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। उठो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, वोटिंग करना गर्व है, लोकतंत्र का पर्व है आदि नारे लगाकर मुख्य मार्गो पर मतदाताओं को जागरूक किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक एनपी सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद, नगर शिक्षाधिकारी इंद्र प्रताप सिंह इंद्र, जिला समन्वयक नागेंद्र सिंह, स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा, शिक्षिका भारती मिश्रा, स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी, राजकुमार, प्रदीप सिंह, पुष्कर मिश्रा, दिव्यांगजन आइकॉन हुकुम सिंह और संबंधित विकास क्षेत्रों से एआरपी उपस्थित रहे।



स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाते डीएम — समृद्धि न्यूज

# इंसानियत का पैगाम देता है रोजा......................

- सच्चे मोमिन रोजा को पूरा करते हैं

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजान का रोजा इंसानियत एवं संयम का पैगाम देता है। रोजे में झूठ बोलना, आंखों से गलत देखना, किसी का दिल दुखाना तो उस व्यक्ति के रोजे का कोई मतलब नहीं रहेगा। इन सब बातों पर गौर करते हुये पूरी शिद्दत के साथ 30 दिन के रोजे इंसान में संयम शक्ति की वृद्धि का विकास करते हैं।

समाजसेवी व सपा नेता हाजी अहमद अंसारी का कहना है रोजा शब्द अरबी भाषा को सौम्य शब्द का तर्जुमा उर्दू में रोजा-शब्द ईजाद हुआ। इसी को हिन्दी भाषा में उपवास या व्रत कहा जाता है। रोजा का इतिहास उतना ही पुराना है जितनी मानव सभ्यता। संस्कृति का हमारी तबारीक से वास्ता है। एक सच्चे मोमिन को रोजे का हुकुम देते हुये साफ तौर पर कहा गया कि पाक कुरान में यही हुक्म अल्लाहताला ने देते हुये कहा कि ये ईमान वालों तुम रप रोजे फर्ज किये गये हैं। ठीक उसी तरह जिस तरह तुमसे पहले की कौमों पर फर्ज किये गये थे। ये इसलिए कि तुम्हारे अंदर तकवा पैदा हो सके।

तकवा का मतलब समझाते हुये बताया कि बुराइयों से बचाना और खुद को बुराइयों से रोकना होता है।

सपा नेता अरशद जमाल सिद्दीकी ने का कहना है कि रमजान-ए-पाक माह जो रहमतों व बरकतों का महीना है, बल्कि सारी कायनात को मोहब्बद और इंसानियत का भी संदेश देता है। इस माह में जकात व सद्कात, खैरात व अतियात देने व अल्लाह की राह में खर्च करने वाले पुण्य 7 से 70 गुना अधिक होता है। इंसान को गुनाहों से डर लगता है। यही खुदा का डर है और अखीरत का यकीन भी इंसान को गुनाहों से बचाता है।

सपा नेता इजहार खान ने बताया रोजा मनुष्य को बुरे कार्यों से रोकता है। इस मुबारक माह में कुरान की तिलावत व कुरान सुनना अफजल है।

रमजान में दूसरों पर रहम करो यही रोजे का तकाजा है। जिस्मानी एतवार से खाने पीने से जो कमियां शरीर में पैदा हो जाती हैं रोजा रखने से ठीक हो जाती हैं। रमजान में असल अहमियत अमल की है। अमल ही इंसान का गहना है। इसी से इंसान की गिरावट व तरक्की जाहिर होती है।



हाजी अहमद अंसारी



अरशद जमाल सिद्दीकी



इजहार खान

समृद्धि न्यूज
मनोरंजन
विविध
12
लखनऊ, शुक्रवार, 22 मार्च, 2024

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा

# हार के डर से लोकतंत्र पर टिप्पणी कर रही कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बैंक खातों को फ्रीज (लेनदेन पर रोक) किए जाने के कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में



**जिस पार्टी ने हर क्षेत्र लूटा है, उसके लिए वित्तीय लाचारी की बात करना हास्यास्पद**

'ऐतिहासिक हार की आशंका को देखते हुए उसका शीर्ष नेतृत्व भारतीय लोकतंत्र और संस्थाओं के खिलाफ 'जमकर भड़ास निकाल रहा है।

नड्डा ने कांग्रेस के आरोपों के कुछ ही देर बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि कांग्रेस अपनी 'अप्रासंगिकता का दोष अपनी सुविधा के अनुसार 'वित्तीय परेशानियों' पर मढ़ रही है जबकि वास्तव में उसका दिवालियापन नैतिक और बौद्धिक है, वित्तीय नहीं।

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में चुनाव से पहले पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज कए जाने का दावा करते हुए, आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है।

खरगे ने कहा कि लोकतंत्र के लिए चुनाव अनिवार्य होता है, साथ ही यह भी आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर वाली स्थिति हों। उन्होंने कहा, ''ये नहीं कि जो सत्ता में हैं, संसाधनों पर उनका एकाधिकार हो और देश की संस्थाओं पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनका नियंत्रण हो। इन आरोपों का जवाब देते हुए नड्डा ने कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस को जनता पूरी तरह नकारने वाली है।

### बैंक खाते सील करना लोकतंत्र पर हमला



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के वक्त उसके बैंक खाते सील कर प्रमुख विपक्षी दल को सोची समझी रणनीति के तहत आर्थिकरूप से पंगु बनाया जा रहा है ताकि वह चुनाव नहीं लड़ सके और ऐसा कर मोदी सरकार लोकतंत्र को नष्ट करने के काम में जुटी हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी के बैंक खाते आयकर नहीं देंगे का आरोप लगाकर सील किए गए हैं और अब पार्टी अपने खाते में जमा 285 करोड़ रुपये का इस्तेमाल भी नहीं कर सकती है। ऐसे हालात में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करना भी कठिन हो गया है। पार्टी पर यह कार्रवाई 05 साल तथा 35 साल पुराने मामले में की जा रही है। प्रमुख विपक्षी दल को चुनाव के समय इस तरह आर्थिक रूप से पंगु बनाना लोकतंत्र के घातक है। श्री खड़गे ने कहा लोकतंत्र के लिए चुनाव अनिवार्य होता है, साथ ही यह भी आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दलों के लिए लेवल प्लेयिंग फील्ड हो। ये नहीं कि जो सत्ता में है, संसाधनों पर उनकी मोनोपॉली हो और देश की संस्थाओं पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनका नियंत्रण हो।

## अयोध्या पहुंचे अफ्रीकी क्रिकेटर केशव, भगवान राम के किए दर्शन

**अयोध्या।** सोशल मीडिया पर केशव महाराज का एक फोटो बड़ी तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर केशव महाराज अयोध्या के राम मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे हैं। दरअसल, इससे पहले भी केशव महाराज भारत के कई मंदिरों में जाते रहे हैं। अब इस क्रिकेटर ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में पूजा अर्चना की। बता दें कि, आईपीएल 2024 में केशव लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से खेलेंगे। बता दें कि, जब राम मंदिर बन कर तैयार हुआ था तो उस दौरान केशव महाराज से पूछा गया था कि, क्या वो भी राम लला के उत्सव में शामिल होंगे। तो उस समय केशव महाराज ने कहा था कि जब भी उन्हें मौका मिलेगा तो वो जरूर राम लला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे।

# आईएसआईएस के दो आतंकियों को पुलिस ने एनआईए को सौंपा

एजेंसी

**केंद्रीय एजेंसी से मिली सूचना पर चलाया गया था अभियान**

**गुवाहाटी।** धुबड़ी से बुधवार को गिरफ्तार आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों को पुलिस ने एनआईए की हिरासत में दे दिया गया है। यह जानकारी आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में असम पुलिस के आईजीपी (एसटीएफ) पार्थ सारथी महंत ने दी।

आईजीपी (एसटीएफ) पार्थ सारथी महंत ने बताया कि उनके नेतृत्व में धुबड़ी पुलिस ने धर्मशाला इलाके से आईएसआईएस के दो आतंकियों को पकड़ने में सफलता हासिल की थी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 15 दिन पहले एक केंद्रीय एजेंसी से मिली विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया था। इस सूचना में धुबड़ी के धर्मशाला इलाके में आईएसआईएस आतंकियों की संभावित गतिविधियों का संकेत दिया गया था। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर संदिग्धों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए एक विशेष कार्य बल तैनात किया गया। उन्होंने बताया कि, हमें 19 तारीख तक संदिग्धों की संभावित गतिविधियों के बारे में विशेष जानकारी मिलती रही थी। इसके बाद मैंने अतिरिक्त एसपी और एक एसटीएफ टीम के साथ से धुबड़ी के धर्मशाला के इलाके से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। महंत ने बताया कि एनआईए के पास पहले से ही एक मामला लंबित था, इसलिए हमने इन दोनों आतंकियों को एनआईए को सौंप दिया है। उन्हें एनआईए ही कोर्ट में पेश करेगी।

# एशियाई शेरों की अकाल मौत पर हाई कोर्ट ने जताई चिंता

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने एशियाई शेरों की अकाल मौत को लेकर स्वत: संज्ञान याचिका पर सुनवाई करते हुए रेलवे पर नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल की खंडपीठ ने गुजरात के गिर जंगल में पाए जाने वाले एशियाई शेरों की मौत पर चिंता जताई है। कोर्ट ने रेलवे से जवाब मांगा है कि स्पीड नियंत्रण और फेंसिंग के बारे में क्या विचार कर रहा है। इस मामले में शपथपत्र दाखिल करने को कहा है।

जानकारी के अनुसार गिर के जंगल में 650 से अधिक एशियाई शेर हैं। गिर क्षेत्र में पिछले 2 साल में 184 शेरों की मौत हुई है। इनमें 32 शेरों की मौत दुर्घटना में हुई है। जानकारी के अनुसार एशियाई शेर पूरे एशिया में सिर्फ गुजरात के जंगल में ही पाए जाते हैं। गिर से होकर रेलवे लाइन गुजरती है, जो अमरेली से अलग-अलग जगहों की ओर जाती है। इन जगहों पर रेलवे को ब्रॉडगेज लाइन नहीं डालनी है। शेरों की मौत के मामले में कोर्ट में आगामी दिनों में सुनवाई होगी।

**विधानसभा में भी उठा था मामला**

फरवरी में गुजरात विधानसभा के बजट सत्र में भी गिर के शेरों की मौत का मामला उठा था। वन मंत्री मुलूभाई बेरा ने बताया था कि 31 दिसंबर 2023 की स्थिति में पिछले दो साल के दौरान 113 शेर, 126 बाल शेर, 294 तेंदुआ, 110 तेंदुए के बच्चे की मौत हुई। इनमें से 21 शेर, 8 बाल शेर, 101 तेंदुआ और 31 तेंदुए के बच्चे की मौत विभिन्न दुर्घटनाओं में हुई। वहीं, वन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार कुल 92 शेर, 118 बाल शेर, 193 तेंदुआ, 79 तेंदुआ के बच्चे की प्राकृतिक मौत हुई है। सरकार की ओर से वन्य जीवों की दुर्घटना में मौत के मामलों को कम करने के लिए उपाय बताए गए।

## हर कोई केएल राहुल को मैदान पर देखने के लिए बेताब : जस्टिन लैंगर

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का कहना है कि हर कोई केएल राहुल को मैदान पर देखने के लिए बेताब है। राहुल ने वापसी के लिए बहुत मेहनत की है। एलएसजी कोच लैंगर ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन की शुरुआत से पहले आईपीएल में राहुल के अच्छे प्रदर्शन के महत्व को रेखांकित किया। लैंगर ने कहा, हर कोई केएल राहुल को देखने के लिए बेताब है। हम जानते हैं कि उन्होंने अपने सभी रिटर्न-टू-प्ले प्रोटोकॉल को पूरा करने के लिए बहुत मेहनत की है। वह अभ्यास कर रहा है, वह बहुत सारी गेंदों को हिट कर रहा है। उम्मीद है कि वह तैयार है। कप्तान का हमारे साथ रहना अच्छा रहेगा। लैंगर ने कहा कि यदि टीम अच्छा प्रदर्शन करती है तो सभी को पुरस्कृत किया जाता है।

# सकारात्मक परिवेश के लिए भारत की ओर देख रही दुनिया : जगदीप धनखड़

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि युद्ध के लिए सदैव तैयार रहना शांति के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है और भारत का उदय वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए एक आश्वासन है। श्री धनखड़ ने यहां एक उपराष्ट्रपति निवास पर अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक सहभागिता कार्यक्रम (आईएन-स्टेप) के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि शांति को शक्ति से ही सुरक्षित रखा जा सकता है और युद्ध के लिए सदैव तैयार रहना शांति के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है।

श्री धनखड़ ने कहा कि अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी में भारत का उदय विश्व शांति, सद्भाव और वैश्विक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा आश्वासन है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक शांति, स्थिरता और सद्भाव



को बनाए रखने और बनाए रखने के लिए समान विचारधारा वाले देशों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन-स्टेप 21 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और आठ भारतीय अधिकारियों वाले इस दो सप्ताह के कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक विकास पर है और यह वृद्धि अजेय है। भारत की असाधारण विकास की कहानी है जो दूरदर्शी नेतृत्व, समावेशी विकास और अटूट दृढ़ता का उदाहरण है। अर्थव्यवस्था और प्रभावी कूटनीति और बढ़ती सौम्य शक्ति के कारण दुनिया शांति के लिए सकारात्मक परिवेश के लिए भारत की ओर देख रही है। वैश्विक शांति और सुरक्षा को विकास के लिए अनिवार्य करार देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि शांति की सबसे अच्छी स्थिति शक्ति है। युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना शांतिपूर्ण माहौल के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में टकराव करने वाले देशों से परे वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला पर इसका असर पड़ता है और ऐसे टकराव का समाधान कूटनीति और बातचीत में निहित है। उन्होंने कहा कि अलगाव का दृष्टिकोण अब अतीत की बात है। इस सभी राष्ट्रों को सार्थक चर्चा में शामिल होने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रभावी नीति निर्माण और संघर्ष समाधान के आधार के रूप में बातचीत और एकजुटता से काम करने पर जोर दिया।

## खबरें एक नजर में

### वसंत के मौसम के लिए एचएंडएम ने पेश किया रिफाइंड कलेक्शन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वसंत के मौसम में हल्के रंग और कम वजनी परिधानों को आदर्श माना जाता है। ऐसे में, ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हुए, एचएंडएम लेकर आया है मौसम और फैशन दोनों के अनुकूल परिधान, जो न सिर्फ सॉफ्ट टेलरिंग, बल्कि पहनने वाले को आराम भी प्रदान करते हैं। इस शानदार कलेक्शन में सोफिस्टिकेटेड सूट्स और शर्ट्स, स्कल्प्चरल वॉल्यूम और स्पष्ट लाइन्स वाले शर्ट्स शामिल हैं। एम्ब्रॉइडरी वर्क और प्लीट्स की उपयोगिता को बढ़ाते हुए, ये परिधान इनकी बनावट में एक नाजुक स्पर्श जोड़ते हैं। सिल्वर, हल्के नीले डेनिम, सफेद और इक्रू का न्यूनतम रंग पैलेट टोन को और भी अधिक आकर्षक बनाने का काम करते हैं। इस कलेक्शन को 21 मार्च को लॉन्च किया जाएगा, जो कि दुनिया भर के चुनिंदा स्टोर्स और ऑनलाइन hm.com पर उपलब्ध होगा। इसका विमेंस वियर कलेक्शन, वार्डरोब में नया आकर्षण जोड़ने के साथ ही ग्राहकों के व्यक्तित्व के अनुकूल और पसंदीदा परिधान पेश करता है। सदाबहार सूट्स में न सिर्फ ब्लेज़र और ट्राउज़र्स, बल्कि वेस्टकोट्स और हॉट पैंट्स भी शामिल हैं। रोमांटिक वॉल्यूम के साथ इस कलेक्शन में पिंटक्स और फ्लॉन्सेस वाले ब्लाउज़, ड्रेस और स्कर्ट भी शामिल हैं। एचएंडएम में कॉन्सेप्ट डिज़ाइनर, एलियाना मसगालोस कहती हैं, इस सीज़न में, हमारी योजना परिधानों की परिभाषा को फिर से लिखने की थी। हमारा लक्ष्य फैशन के अनुरूप और वर्कवियर टच के साथ सबसे उत्तम परिधानों की पेशकश करना है, जो इन्हें पहनने वालों को भीड़ से अलग स्थान दे।

### कांग्रेस ने अरुणाचल के लिए 34 उम्मीदवार घोषित किए

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को 34 उम्मीदवार घोषित किए। इस सूची में प्रमुख नाम सन्हे फुंस्टोक का है जिन्हें मुख्यमंत्री पेमा खांडू के खिलाफ टिकट दिया गया है। अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ 19 अप्रैल को राज्य की सभी 60 विधानसभा सीट के लिए मतदान होगा। कांग्रेस की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, फुंस्टोक को मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। मुख्यमंत्री खांडू इसी सीट से विधायक हैं और एक बार फिर से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश की बामेंग सीट से कुमार वली, चायांगताजो से कोम्पू डोलो, सेप्पा ईस्ट से तमे गयादी और ईटानगर से युमलाम आचुंग को उम्मीदवार घोषित किया है।

### एमएस धोनी ने छोड़ी सीएसके की कप्तानी, ऋतुराज बने कप्तान

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन की शुरुआत शुक्रवार (22 मार्च) से हो रही है। पहला मैच चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बीच खेला जाएगा। मैच से एक दिन पहले सीएसके में कप्तानी को लेकर बड़ा बदलाव हुआ है। टीम को पांच बार चैंपियन बनाने वाले एमएस धोनी ने सीएसके की कप्तानी छोड़ दी है। उनकी जगह युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। सीएसके की तरफ से गुरुवार को जारी बयान में बताया गया है कि एमएस धोनी ने टाटा आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंप दी है।

### पूर्व कप्तान जावेरिया ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान जावेरिया खान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि वह लीग क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने अपने पूरे करियर में मिले अटूट समर्थन के प्रति सभी का आभार जताया है। जावेरिया खान ने सभी प्रारूपों के 228 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और कुल 4903 रन बनाए, जिसमें दो शतक और 25 अर्धशतक शामिल हैं। जावेरिया खान सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों (वनडे और टी20) में पाकिस्तान के लिए दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। वह बिस्माह मारूफ के अलावा एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने प्रत्येक प्रारूप में 2000 से अधिक रन बनाए हैं। जावेरिया खान ने क्रिकेट के करियर में हर कदम साथ देने के लिए सभी शुभचिंतकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार, साथियों, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, अपने विभाग जेडटीबीएल को हर कदम पर उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देती हूं।

### आईआईटी-मद्रास ने नियोस्टैंड का किया निर्माण

**चेन्नई।** मद्रास भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने भारत की सबसे अनुकूलन योग्य इलेक्ट्रिक स्टैंडिंग व्हीलचेयर नियोस्टैंड बनायी है, जिसे व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं के लाभ के लिए स्वदेशी रूप से बनाया गया है। आईआईटी परिसर में बुधवार शाम को आईआईटी-मद्रास के निदेशक प्रो.वी.कामाकोटी, प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, इस परियोजना के उदार समर्थकों, संकाय, शोधकर्ताओं और इन पुनर्वास उपकरणों के उपयोगकर्ताओं की उपस्थिति में नियोस्टैंड को लॉन्च किया गया।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**कासगंज, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए जिले में अवैध शस्त्रों की तस्करी की रोकथाम में लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की रात सहावर थाना पुलिस एवं एसओजी टीम ने अवैध रूप से शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तमंचे कारतूस और शस्त्र तैयार करने के उपकरण बरामद किए हैं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने गुरुवार को बताया कि थाना सहावर क्षेत्र के ग्राम बाजनगर से नगला भम्मा व मौहम्मदपुर के जंगल में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी गई है। पुलिस ने मौके से दो अभियुक्तगण रियाजुद्दीन पुत्र इन्दाज निवासी शहबाजपुर थाना सुन्नगढ़ी और नेमसिंह पुत्र राजपाल निवासी ग्राम बाजनगर थाना सहावर को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मौके से छह अदद तमंचे 315 बोर, दो कारतूस जिन्दा 315 बोर एवं शस्त्र बनाने के भारी मात्रा में उपकरण बरामद हुए है।

# सबके राम और सबमें राम के साथ दुनिया में फैलेगा रामपंथ

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** रामपंथ विश्व भर में टूटते रिश्तों को बचाने के लिए बड़ी पहल कर रहा है। श्रीराम परिवार भक्ति आन्दोलन और राम सम्बन्ध संस्कृति के माध्यम से परिवार और समाज को सम्बन्धों में बांधने का अभियान रामपंथ चला रहा है। इससे जुड़ने के लिये नीदरलैंड के संत स्वामी अखण्ड सम्राट आनंद महाराज गुरूवार को लमही स्थित सुभाष भवन पहुंचे।

भवन में आनंद महाराज ने सुभाष मन्दिर में 7 किलो की माला अर्पित की और नेताजी सुभाषचंद्र बोस के प्रति श्रद्धा जताई। इस अवसर पर अनाज बैंक ने आनंद महाराज के हाथों 50 बाँसफोर परिवारों में होली की त्योहारी के रूप में अनाज की पोटली वितरित की। इस दौरान रामपंथ के डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि आज विश्व को भगवान राम के मर्यादा की जरूरत है। जब तक देश देश के लोक व्यवहार में राम की मर्यादा नहीं आएगी, तब तक न



परिवार बचेगा और न रिश्ते। बतौर मुख्य अतिथि आनंद महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम सिर्फ हमारे नहीं हैं, सभी के हैं। राम भूत या वर्तमान के नहीं हैं बल्कि सदैव हैं।

रामपंथ वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक पुनर्जागरण की आवश्यकता है। भारत सरकार के उर्दू काउंसिल की सदस्य रामभक्त नाजनीन अंसारी ने कहा कि अरब देशों में राम की मर्यादा स्थापित करने के लिये श्रीराम मंदिर का निर्माण होना चाहिए। श्रीराम की मर्यादा ही अब दुनिया में शांति और सद्भावना की गारंटी है। संगोष्ठी का संचालन डॉ. अर्चना भारतवंशी एवं धन्यवाद डॉ. नजमा परवीन ने दिया।

## नेता को नियुक्ति की अनुमति न देने के लिए राज्यपाल को फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को राज्य के मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में डीएमके नेता के पोनमुडी की नियुक्ति की अनुमति नहीं देने के लिए कड़ी फटकार लगाई। भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को संबोधित करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मिस्टर अटॉर्नी जनरल, आपके गवर्नर क्या कर रहे हैं? उच्चतम न्यायालय ने उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी है और राज्यपाल का कहना है कि वह उन्हें शपथ नहीं दिलाएँगे! हमें कुछ गंभीर टिप्पणियाँ करनी होंगी। कृपया अपने राज्यपाल को बताएं, हम इस पर गंभीरता से विचार करेंगे। सीजेआई ने एजी से पूछा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर रोक लगाने के बाद राज्यपाल यह कैसे कह सकते हैं कि मंत्री के रूप में उनका दोबारा शामिल होना संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ होगा? सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी।

# महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच सीटों का तालमेल अंतिम चरण में

एजेंसी

**एकनाथ शिंदे व देवेंद्र फडणवीस के साथ राज ठाकरे की बैठक**

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर चर्चा अंतिम चरण में है। महाराष्ट्र और देश के हालात को देखते हुए भाजपा महागठबंधन लोकसभा चुनाव में 405 से अधिक सीटें हासिल करेगा। आज भी मुख्यमंत्री के साथ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के साथ हमारी सकारात्मक चर्चा हुई है।

बांद्रा स्थित एक होटल में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मनसे अध्यक्ष के बीच करीब आधे घंटे तक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक के बाद देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों को बताया कि महाराष्ट्र में सहयोगी दलों के बीच कुछ ही सीटों पर अंतिम निर्णय लेना रह गया है। हमारा मुख्य लक्ष्य नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। इसलिए हम सभी काम कर रहे हैं। मनसे भी हमारे साथ चुनाव मैदान में रहेगी, इसलिए हमारी स्थिति पहले से बेहतर हो गई है।

इससे पहले मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इसके बाद मंगलवार को देर रात राज ठाकरे और मुख्यमंत्री शिंदे के बीच भी बातचीत हुई थी। आज दोपहर में फिर से राज ठाकरे, मुख्यमंत्री शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के बीच बैठक हुई। इस बैठक का अधिकृत ब्योरा नहीं दिया गया है लेकिन बताया जा रहा है कि मनसे मुंबई में दो सीटों की मांग कर रही है, जबकि भाजपा मनसे को मुंबई की एक सीट दे रही है। साथ ही मनसे किस चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़े इसे लेकर आज चर्चा की गई है मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे भाजपा के साथ लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय अपने पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद लेंगे। हालांकि, भाजपा विधायक नीतेश नारायण राणे ने कहा कि मनसे भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी, यह तय हो गया है लेकिन बहुत जल्द मनसे-भाजपा गठबंधन की अधिकृत घोषणा की जाएगी।

# सीएसके व आरसीबी के बीच पहला मुकाबला आज



**आज से शुरू हो रहा क्रिकेट का सबसे बड़ा जलसा आईपीएल 2024**

एजेंसी

**चेन्नई।** आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। सीएके इस वक्त आईपीएल की सबसे सफल टीम है जबकि आरसीबी पिछले 16 सालों से खिताब के लिए तरस रही है। दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है, लेकिन इससे पहले दोनों की कमजोरी और ताकत पर एक नजर डालते हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स की सबसे बड़ी ताकत कप्तान एमएस धोनी हैं। धोनी को पता है कि किस खिलाड़ी को कब और कैसे इस्तेमाल करना है। सीएसके की ताकत उसकी बल्लेबाजी रही है। पिछले सीजन में भी टीम ने खिताब अपने नाम बल्लेबाजी के दम पर ही किया था। टीम के पास ऑलराउंडर्स की कमी नहीं है, जो कि एक और प्लस पॉइंट टीम के पास है। स्पिनर भी रविंद्र जडेजा, मिचेल सैंटनर और महेश थीक्षणा के रूप में दमदार हैं। वहीं टीम की कमजोरी की बात करें तो, टीम के बेहतरी गेंदबाज मथीशा पथिराना और मुशफिकुर रहीम चोटिल हैं। हालांकि, ये कमजोरी कुछ ही मैचों में नजर आएगी। जैसे ही ये खिलाड़ी फिट हो जाएंगे तो फिर गेंदबाजी भी मजबूत हो जाएगी। इसके अलावा टीम के साथ समस्या ये है कि शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर की गेंदबाजी उतनी अच्छी नहीं रही। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ताकत भी हमेशा से बल्लेबाजी रही है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी टॉप 5 या ज्यादा से ज्यादा टॉप 6 तक ही बल्लेबाजी नजर आती है। टीम के पास तेज गेंदबाज भी अच्छे हैं, मोहम्मद सिराज, अल्जारी जोसेफ और आकाशदीप टीम के पास मौजूद हैं। वहीं टीम की कमजोरी बल्लेबाजी में गहराई और स्पिन विभाग है। अनुभवी कर्ण शर्मा के अलावा टीम के पास कोई स्पिनर नहीं है।

**क्रिकेट के सबसे बड़े जलसे में भारत के सितारों पर रहेंगी नजरें**

महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिये काफी होंगी। धोनी 42 बरस की उम्र में भी आईपीएल के सदाबहार कप्तान हैं और उनसे जब पूछा जायेगा कि क्या यह उनका आखिरी टूर्नामेंट है तो शायद एक बार फिर वह मुस्कुराकर रह जायेंगे। उनके वारिस माने जाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पंत भयावह कार दुर्घटना में जीवनदान पाकर मैदान पर लौट रहे हैं और दुनिया को दिखाना चाहेंगे कि उनकी बाजुओं में अभी भी वही दम है।

## ए, बी और सी टीम को ताकत देना चाहती है बीजेपी : मुफ्ती

**श्रीनगर।** पीडीपी के वरिष्ठ नेता वहीद उर रहमान पारा ने कहा कि अगर फारूक अब्दुल्ला या उमर अब्दुल्ला ने चुनाव लड़ने के अपने फैसले की घोषणा करने से पहले उनसे सलाह ली होती तो महबूबा मुफ्ती ने कश्मीर की सभी तीन लोकसभा सीटों पर एनसी का समर्थन किया होता। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि ये( भाजपा) यहां अपनी ए टीम, बी टीम, सी टीम पार्टियों को ताकत देना चाहते हैं। पीडीपी को तोड़ा गया। मुझे, मेरी मां को, मेरे भाई को ईडी के पास बुलाया गया। अगर अब ये वोट के साथ भी धांधली करके जम्मू-कश्मीर के लोगों से ये हक छीनना चाहते हैं तो मैं क्या कहूं। पीडीपी के वरिष्ठ नेता वहीद उर रहमान पारा ने कहा कि अगर फारूक अब्दुल्ला या उमर अब्दुल्ला ने चुनाव लड़ने के अपने फैसले की घोषणा करने से पहले उनसे सलाह ली होती तो महबूबा मुफ्ती ने कश्मीर की सभी तीन लोकसभा सीटों पर एनसी का समर्थन किया होता।

# जीत के बाद भी इंदिरा का रायबरेली से हुआ था मोहभंग

समृद्धि न्यूज

**रायबरेली।** अरसे से कांग्रेस की गढ़ रही रायबरेली लोकसभा सीट पर मुकाबले हमेशा रोचक ही रहे हैं, कभी यहां इंदिरा गांधी को हार मिली तो कभी बम्पर जीत के बाद भी उनका यहां से मोहभंग हो गया। रायबरेली के चुनाव में भारतीय राजनीति की दो दिग्गज़ महिलाओं के बीच हुई चुनावी जंग आज भी चुनावी इतिहास में दर्ज है। इसकी चर्चा हमेशा होती रहती है।

वर्ष 1980 में रायबरेली से इंदिरा गांधी चुनाव लड़ रही थीं। इंदिरा गांधी को टक्कर देने के लिए जनता पार्टी की ओर से रणनीति तैयार की जा रही थी, लेकिन कोई भी यहां से चुनाव लड़ने का इच्छुक नहीं था। ऐसे में खुद ग्वालियर की राजमाता और दिग्गज़ नेत्री विजयाराजे सिंधिया ने रायबरेली से इंदिरा गांधी को चुनौती देने का मन बनाया। जनता



पार्टी ने उन्हें टिकट देते हुए मैदान में उतार दिया। खुद इंदिरा गांधी भी हैरान थीं। इंदिरा लहर तो थी लेकिन राजमाता का आकर्षण जनता में बहुत था। उनकी सभाओं में भारी भीड़ उमड़ रही थी।

पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे कहते हैं कि गांव-गांव में राजमाता के प्रति बड़ी श्रद्धा थी, आमजन विशेषकर महिलाओं में पैर छूने की होड़ लगी रहती थी। बिना किसी बंदोबस्त के ही मीटिंग्स में खूब भीड़ होती थी। राजमाता के जनता से मिलने का तरीका भी अलग था। बावजूद इसके जनता पार्टी के पास न तो मजबूत संगठन था और न ही संसाधन। इस चुनाव में इंदिरा गांधी भारी मतों से जीत गईं। उन्होंने विजयाराजे सिंधिया को 1,73,654 वोटों से हराया। राजमाता विजयाराजे सिंधिया को मात्र 50,249 वोट ही मिल सके। हालांकि इस चुनाव में हारने के बाद भी राजमाता का जुड़ाव रायबरेली से बना रहा और वह यहां के कार्यकर्ताओं से जुड़ी रहीं।

वर्ष 1980 का रायबरेली से चुनाव इंदिरा गांधी के लिए अंतिम चुनाव रहा, यहां से भारी मतों से जीत दर्ज करने के बाद भी उनका यहां से मोहभंग हो गया और उन्होंने रायबरेली की अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया। दरअसल, इंदिरा ने आंध्र प्रदेश की मेंडक सीट से भी चुनाव लड़ा था। यहां भी उनकी जीत हुई थी। उन्होंने मेंडक सीट को बरकरार रखा, जबकि रायबरेली से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद 1980 में इस सीट पर उपचुनाव में अरुण नेहरू समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र को हराकर सांसद बने।